हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 02 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 293 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

आजादी का बिगुल फूंकने वाले

अमर शहीदों के झारखण्ड में

श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री

जी का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

2 अक्टूबर, 2024

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 337911 / IPRD / 2024-25

संक्षिप्त समाचार

ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

पटना। 30 सितंबर को पटना स्थित ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) के क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार ने की। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ निगम के प्रतीक चिह्न 'पंचद्वीप' को प्रज्वलित कर एवं ईश्वर वंदना के साथ किया गया। मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अधिकारियों का स्वागत प्रकृति के प्रतीक पौधे देकर किया गया। इसके बाद सहायक निदेशक (राजभाषा), अजीत कुमार शर्मा ने मंचासीन अतिथियों और उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने राजभाषा हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए समारोह की महत्ता पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार ने राजभाषा विभाग की 12-P रणनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि "प्रेरणा, प्रोत्साहन, प्रेम, पुरस्कार, प्रशिक्षण, प्रयोग, प्रचार, प्रसार, प्रबंधन, प्रमोशन, प्रतिबद्धता और प्रयास" के जरिए हिंदी को सरकारी कामकाज में प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सिर्फ नियम पालन का विषय नहीं, बल्कि हिंदी भाषा को एक राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाना भी जरूरी है। मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा, "राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन तभी संभव है जब कार्यालयों में राजभाषा संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन हो। जिस तरह से हमारे राष्ट्र का प्रतीक ध्वज होता है, उसी तरह हमारी भाषा का प्रतीक हिंदी है, जिसे हमें पूरी निष्ठा के साथ अपनाना चाहिए। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, जैसे हिंदी निबंध, टिप्पण और आलेखन, वाक प्रतियोगिता, राजभाषा ज्ञान, और मूल हिंदी टिप्पण आलेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही, राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन के लिए हितलाभ शाखा को "राजभाषा चलशील्ड" से भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी समां बांध दिया। अनिल कुमार, बबलू कुमार, प्रभात कुमार, हर्ष कुमार, दीपक कुमार और अजय कुमार भट्टाचार्य ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित राज्य चिकित्सा अधिकारी विजय कुमार केशरी, चिकित्सा सतर्कता अधिकारी डॉ. रजनी रवि, चिकित्सा निर्देशी श्रीमती तनुजा, सहायक निदेशक जयंत कुमार, डी.के. रंजन, राजेश कुमार और एल.पी. राय ने भी राजभाषा हिंदी के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन रीति द्विवेदी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें ईएसआईसी के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। यह समारोह हिंदी भाषा के प्रचार और उसके महत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया।

ट्रेन में यात्री का लैपटॉप व मोबाइल रखा बैग चोरी

फतेहपुर। रांची से पटना जा रही 18624 अप रांची-पटना एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्री का बैग अपराधियों ने चोरी कर ली। बैग में लैपटॉप, मोबाइल, डेकोमेंट्स व कुछ नगद राशि रखा था। अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेन को गया-कोडरमा रेल सेक्शन में स्थित टनकुप्पा स्टेशन के पास वैक्यूम कर उतर कर वहां से चलते बना। हालांकि आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई करते हुए लैपटॉप को बरामद कर लिया। साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

कैश लूट में 2 अपराधी गिरफ्तार

फतेहपुर। थाना क्षेत्र के करीं मोड़ के पास 9 सितंबर को स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस कर्मी से कैश व मोबाइल लूट में मामले में पुलिस ने सोमवार को दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपराधियों के पास कर्मी से लूट के मोबाइल को भी बरामद कर लिया है। पुलिस कर्मी से लूटी गई राशि को बरामद करने के प्रयास में जुटी है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि फतेहपुर थाना क्षेत्र के करी मोड़ के पास से नौ सितंबर को अपराधियों ने स्वतंत्र स्वमाइक्रो फाइनेंस कंपनी के एसएफओ विवेक कुमार से कलेक्शन के एक लाख 99 हजार 200 रुपये नगद व मोबाइल लूट लिया था।

गया में आवारा घूम रही थी बाछी, नगर निगम ने पकड़ा

गया। गया से एक मामला सामने आया है, जहां एक मुस्लिम परिवार को गाय पालना महंगा पड़ गया। नगर निगम 7 दिन बाद भी गाय को मालिक के पास वापस नहीं लौटा रही है। इससे मुस्लिम समाज में आक्रोश है। 7 दिन से गाय मालिक गौशाला से लेकर नगर निगम के चक्कर काट रहा है। गाय को नगर निगम ने 23 सितंबर को पकड़ लिया था। इसके बाद उसे छुड़ाने के लिए व्यक्ति को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। मुस्लिम व्यक्ति ने नगर निगम में 5 हजार रुपए दंड स्वरूप जुर्माना भी जमा कर दिया है। इसके बावजूद उसे अपनी गाय वापस नहीं मिल रही है। यही नहीं मुस्लिम परिवार जिस वार्ड में रहता है, उस वार्ड के काउंसलर ने लिखित गवाही दी है। इसके बाद भी नगर निगम उसकी गाय को नहीं छोड़ रहा है। नगर निगम अब मुस्लिम पशु पालक से पकड़ी गई गाय से संबंधित मालिकाना हक का साक्ष्य मांग रहा है। अब मुस्लिम पशु पालक साक्ष्य कहां से और कैसे लाए, यह बात उसकी जेहन में नहीं उतर रही है। कारण ये है कि जिस गाय को पकड़ कर नगर निगम ने गोशाला को सौंपा है, वह गाय नहीं एक बाछी है। वह गर्भवती भी है। नगर निगम के इस रवैये को लेकर मुस्लिम समुदाय में जबरदस्त आक्रोश है। बीती 23 सितंबर को गिर नस्ल की दो बाछी को नगर निगम ने आवारा घूमते हुए पकड़ा था। मालिक बबलू कुरैशी के घर शाम तक गाय नहीं लौटी, तो उसने छानबीन शुरू की। 23 सितंबर की रात उसे पता चला कि गाय को नगर निगम वाले उठा कर नगमतिया रोड से ले गए हैं। बोधगया स्थित खजवती गोशाला में रखा गया है। इस पर वह अपनी गाय को ढूंढते हुए खजवती गोशाला पहुंचा। वहां अपनी गाय को सही सलामत पाया। वहां गाय छोड़ने की बात कही तो उसे बताया गया कि नगर निगम में जुर्माना भरने के बाद ही गाय छोड़ी जाएगी।

वॉलीबॉल अंडर-14 का विजेता बना डीएवी कैंट

गया। डीएवी पब्लिक स्कूल,सीआरआरसी,मेड किल रोड,गया में डीएवी प्रबंधकृत समिति नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय डीएवी स्टेट लेबल स्पोर्ट्स का समापन हो गया। टेबल टेनिस में आयु वर्ग 14 में डीएवी पब्लिक स्कूल, मालीघाट, मुज्जफरपुर विजेता और उपविजेता डीएवी पब्लिक स्कूल, जहानाबाद बना। 17 वर्ष में डीएवी पब्लिक स्कूल, औरंगाबाद विजेता और डीएवी पब्लिक स्कूल, मालीघाट मुज्जफरपुर उप विजेता बना। वॉलीबाल 14 आयु वर्ग का विजेता डीएवी पब्लिक स्कूल, कैंट एरिया, गया बना। जबकि आयु वर्ग 17 में डीएवी पूर्णिया विजेता और जहानाबाद उप विजेता बना। आयु वर्ग 19 में डीएवी बीएसईबी, पटना विजेता बना। आयु वर्ग 14 वुशु में डीएवी कटार विजेता और बखरी मुजफ्फरपुर उपविजेता घोषित किया गया। आयु वर्ग 17 में डीएवी कांटी, मुजफ्फरपुर विजेता बना। कुश्ती में विजेता एसपी आर्या डीएवी पब्लिक स्कूल, बिहारशरीफ व डालमियानगर डेहरी ओन सोन उपविजेता बना। ताइक्वांडो आयु वर्ग 14 में डीएवी बरौनी विजेता और मालीघाट, मुज्जफरपुर उपविजेता बना। आयु वर्ग 17 में छपरा विजेता व डीएवी एनटीपीसी, कहलगांव भागलपुर की टीम उप विजेता रही।

दीप दिलाकर पितरों के लिए स्वर्ग का मार्ग किया प्रकाशमय, गया में देवघाट पर मनाई पितृ दिवाली

निज संवाददाता। गया

पितृपक्ष के 14वें दिन विष्णुपद मंदिर परिसर और देवघाट पर सोमवार शाम पितृ दीवाली मनाई गई। बड़ी संख्या में पिंडदानियों ने अपने-अपने पितरों के नाम सैंकड़ों दीप जलाए। मिट्टी के दीए में घी के दीप जलाए गए। विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल बिट्ठल न कहा कि शास्त्रों में पितरों के नाम दीप दान का विधान है। गया जी धाम में भगवान विष्णु खुद पितृ देव के रूप में विराजमान रहते हैं, इसलिए गया जी को पितरों का तीर्थ भी कहा जाता है। लोगों का यह मानना है कि इस दिन दीप दान करने से पितरों के लिए स्वर्ग का मार्ग प्रकाशमय होता है। दीप जलाकर पितरों को प्रसन्न किया जाता है। पितृ प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।

बीर-चंदन की रंगोली भी बनाईः तीर्थयात्रियों ने बड़े ही सलीके से दीपों को सजाया था। अबीर-चंदन की रंगोली भी बनाई। ढोल के थाप पर महिलाएं थिरकीं भी और भजन गाए। बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों ने फल्गु नदी में दीप प्रवाहित किए। दीप दिवाली मनाने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के चरण के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर परिसर में तीर्थ यात्रियों की कतार लगी रही। देश के अलग-अलग राज्यों से आए महिला-पुरुष तीर्थ यात्रियों ने अपने अपने पुरखों की आत्म शांति की कामना करते हुए पितरों के लिए घी के दीए जलाए। पितृ दीपावली पर हजारों की संख्या में दीप जलने के बाद पूरा घाट जगमग हो उठा। पितृपक्ष मेले की शुरुआत 17 सितंबर को हुई थी और 2 अक्टूबर को इसका समापन होगा।

पूर्वजों की मुक्ति के लिए दूध से तर्पणः पितृपक्ष महाकुंभ की त्रयोदशी तिथि...। सोमवार को त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले पिंडदानियों ने मोक्ष दायिनीफल्गु में पूर्वजों की मुक्ति के लिए दूध से

तर्पण किया। तर्पण के लिए देवघाट पर सुबह से ही तीर्थ यात्रियों का आना शुरू हो गया था। फल्गु में स्नान व शरीर पर जल छिड़क ब्राह्मणों के मंत्रों के बीच दूध से तर्पण किया और हाथ जोड़ भगवान गजाधर से पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं एक व तीन दिन वाले पिंडदानियों ने विष्णुपद, फल्गु और अक्षयवट वेदी पर पिंडदान का कर्मकांड किया।

त्रयोदशी तिथि काफी महत्वपूर्णः बता दें कि गयाश्राद्ध में त्रयोदशी तिथि काफी महत्वपूर्ण है। इस तिथि को यूपी, एमपी, बंगाल, असम, उड़ीसा, हैदराबाद, बिहार वझारखंड से काफी संख्या में तीर्थयात्री एक दिनी श्राद्ध के लिए पहुंचे। पिंडदान के कर्मकांड को पूरा करने के बाद रात्रि में पितृ दिवाली में शामिल होकर पितरों के लिए दीप दान किया, साथ ही

♦ भगवान विष्णु पितृ देव के रूप में होते विराजमान

भगवान श्री हरि के पावन चरण का दर्शन, पूजन किया। कई तीर्थयात्रियों ने श्रीविष्णुपद में बैठ तुलसी अर्चना भी की। इसबार कल्लू भाई हैदराबादी के गया नहीं आने से पितृ दिवाली के दिन फूलों से श्री विष्णुपद नहीं सजा। 17 दिनी श्राद्ध करने वाले पिंडदानी गयाश्राद्ध के15वें दिन चतुर्दशी तिथि को वैतरणी में श्राद्ध करेंगे। यहां मुख्यतः गोदान का महत्व है। यह वेदी चांद चौरा से बाइपास मार्कण्डेय महादेव के सामने है। आचार्य ने बताया कि यहां सविधि आचार्य, तीर्थ पुरोहित का पूजन कर गौ की पूजा कर दान करें, साथ ही श्राद्ध की प्रक्रिया पूरी करने के बाद सामने मार्कण्डेय महादेव से पितरों की मुक्ति के लिए प्रार्थना करें। 02 अक्टूबर को अक्षयवट में तीर्थ पुरोहितों से सुफल लेंगे।

अब तक 8 लाख तीर्थयात्री पहुंच चुकेः रामानुज मठ के मठाधीश स्वामीवेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने बताया कि इस बार तीर्थ यात्रियों की संख्या कम है। आज त्रयोदशी तिथि है। इस दिन भी पिंडदान के लिए लाखों तीर्थयात्री गयाजी पहुंचते हैं, पर जैसी उम्मीद थी, उस अनुसार तीर्थ यात्री नहीं आए। करीब 8 लाख तीर्थयात्रियों के मेला लगने का अनुमान है। इधर गया पाल पंडा छोटू बारिक ने भी बताया कि अब तक करीब आठ लाख तीर्थयात्री गयाजी पहुंचे चुके है।

गया में 9वीं का छात्र कट्टा लेकर पहुंचा स्कूल

निज संवाददाता। गया

गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक स्कूल चेरकी के 9वीं क्लास का छात्र देसी कट्टा के साथ विद्यालय में पहुंच गया। इस बात की भनक जब उसके सहयोगियों को लगी तो उन्होंने इस बात की शिकायत स्कूल के टीचर से कर दी। इस बीच ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने छात्र से कट्टा छीन लिया और उसे स्कूल से भगा दिया। इस बात को लेकर स्कूल में हंगामा भी हुआ। इस बात की भनक पुलिस को भी लग गई। प्रत्यक्षदर्शी छात्रों का कहना है कि पहले वह अपनी कमर में कट्टा रखे हुए था। हैंड पंप पर वह पानी पीने गया तो वहां एक साथी छात्र को कट्टा दिखाते हुए रौब में बोला पहले हमें पानी पीने दो। यह बात सुनकर वह लड़का वहां से हट गया और वह अपने क्लास में चला आया। यही नहीं वह लड़का

कट्टा लेकर क्लास में दोबारा आ गया और अपने बैग में कट्टे को रख रहा था। इसी बीच अन्य स्टूडेंट्स की नजर उसके कट्टे पर पड़ गई। यह देख छात्रों ने इसकी सूचना प्रिंसिपल और शिक्षकों को दी। जिस कट्टे को लेकर छात्र आया था वह कट्टा खराब था। उसमें गोली नहीं थी। उसकी स्प्रिंग भी गायब थी। शेरघाटी थाना के एसआई अरविंद कुमार ने पहुंच कर मामले की छानबीन की है। इस मामले में प्रधानाध्यापक से आवेदन मांगा गया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

युवक ने ऑनलाइन गेम की लत में किया सुसाइड

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार को एक युवक ने ऑनलाइन गेम जुआ और ब्राउन शुगर की लत में सुसाइड कर लिया। युवक पर 3 लाख रुपए का कर्ज था। 7 लाख रुपए वो ऑनलाइन जुआ में हार चुका था। इसी टेंशन और गेम की लत में उसने आत्महत्या कर ली। इस मामले में परिजन का कहना है कि अगर शराबबंदी नहीं होती तो उसे ब्राउन शुगर की लत नहीं लगती। परिजनों ने थाने में इसकी जानकारी नहीं दी है। मृतक की पहचान स्वर्ण व्यवसायी संतोष कुमार के बेटे गौरव कुमार(25) के रूप में की गई है। 5 साल पहले गौरव ने पटना की लड़की से लव मैरिज की थी। इसे लेकर वो दिल्ली चला गया था। वहां, 3.5 साल तक पत्नी के साथ रहा। इसके बाद 1.5 साल पहले वो घर नालंदा लौटा। वहीं, पत्नी पटना में रहने लगी। स्थानीयों का कहना है कि गौरव के परिजन लड़की को पसंद नहीं करते थे, इसी वजह से वो पटना में रह रही थी।

दादा ने दुकान खोलने के लिए दी थी 6 लाख की पूंजीः गौरव के दादा देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि दिल्ली से जब वो वापस नालंदा आया तो काम ढूंढने लगा। हमें इसकी जानकारी मिली तो हमने उसकी मदद की। उसे 6 लाख रुपए की पूंजी देकर लालगंज चण्डी के पास

गणेश ज्वेलर्स नाम से शॉप खुलवाया। इसमें वो अपने पिता के साथ हर दिन जाया करता था। 1 साल तक सब कुछ ठीक रहा। अचानक उसकी दोस्ती गलत लोगों के साथ हो गई। इसकी वजह से वो ऑनलाइन जुआ खेलना सीख गया। इस कारण धीरे-धीरे वो शॉप बहुत कम जाने लगा। 3 महीने पहले उसे जुआ के साथ-साथ ब्राउन शुगर की भी लत लग गई। इसकी वजह से अक्सर वो अपने कमरे में बंद रहने लगा था। हमलोग शॉप जाने का कहते तो लड़ने लगता था। वो हर समय अपने मोबाइल में ऑनलाइन जुआ और ब्राउन शुगर लेने लगा था। जुआ में अब तक वो 7 लाख रुपए हार चुका था। करीब 3 लाख का उस पर कर्ज था। इसी सब की वजह से उसने अपना जीवन बर्बाद कर दिया।

शराबबंदी के कारण ब्राउन शुगर का बढ़ा कारोबारः गौरव के पिता संतोष कुमार ने बताया कि जब से शराबबंदी हुई है, तब से ब्राउन शुगर समेत अन्य नशे का कारोबार बढ़ गया है। 3 महीने पहले गौरव ने ब्राउन शुगर का सेवन करना शुरू किया था। जब भी वह नशे की हालत में घर आता था, तो उसका एक अलग ही रूप देखने को मिलता था। नशे की हालत में झगड़ा करना उसका हर दिन का काम हो गया था।

पत्नी नहीं रहती थी साथः लव मैरिज शादी करने के बाद गौरव अपनी पत्नी को लेकर कभी घर नहीं आया था। हालांकि, इस बात की चर्चा है कि घर वाले गौरव की पत्नी को रखना नहीं चाह रहे थे। यही वजह थी कि गौरव जब दिल्ली से वापस आया था तो अक्सर वो अपनी पत्नी से फोन पर ही बात करता था। कभी-कभी पटना मिलने आ जाया करता था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि थाना से 100 मीटर की दूरी पर खेल परिसर है। वहां पर बने सीढ़ियों के नीचे नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। हाल के दिनों में चण्डी क्षेत्र में ब्राउन शुगर और सुलेशन सूंघने वालों की संख्या बढ़ी है। स्थानीय लोगों की खबर पर जब भास्कर रिपोर्टर पड़ताल करने पहुंचे, तो वहां भारी संख्या में सुलेशन, सिरिंज और नशीले पदार्थों का रैपर पड़ा हुआ मिला। इससे साफ जाहिर होता है कि बड़े पैमाने पर नशेड़ियों का अड्डा थाना के ठीक बगल में लगा रहता है।

करंट लगने से दो दोस्तों की मौत, खेत में फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए लगाया गया था तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में दो युवकों की करंट से मौत हो गई। मृतकों की पहचान हड़ौल गांव निवासी महेंद्र यादव के (25) वर्षीय पुत्र मौली कुमार और बुधौल गांव निवासी स्व. बसन्त साव के (23) वर्षीय पुत्र गौतम साव के रूप में हुई है। दोनों मित्र थे। दोनों युवक सोमवार की शाम शौच के लिए गांव के खेतों की ओर गए थे। जब लंबे समय तक वापस नहीं लौटे, तो चिंतित परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। दोनों मकई के खेत में बेहोश अवस्था में मिले। परिजन तत्काल उन्हें सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

खेत में चोरों ओर बिजली का तारः मृतक के परिजन खेत के मालिक पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि जमीन मालिक ने खेत

के चारों ओर बिजली का तार बिछा रखा था, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं दी गई थी। तार की चपेट में आने से दोनों युवकों की मौत हुई। खेत मालिक ने कहा कि जंगली सूअर और जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए खेत के चारों तरफ नंगा तार लगाया था। जिसमें रात में करंट रहता है। जिसके संपर्क में आने से यह हादसा हुआ है।

हाथ में हथियार लेकर डांस करना पड़ा भारी, 2 गिरफ्तार

नालंदा। नालंदा में एक शादी समारोह में हथियार लेकर डांस करना एक व्यक्ति के लिए जेल जाने का कारण बन गया है। डेढ़ महीने पहले की गई दोनों हाथों में कट्टा लेकर डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसको लेकर पुलिस हरकत में आ गई है। इसके संबंध में हिलसा-2 के पुलिस उपाधीक्षक गोपाल कृष्णा ने बताया कि 29 सितंबर को औंगारी थानाध्यक्ष के सरकारी नंबर पर एक वीडियो प्राप्त हुआ। जिसमें एक युवक डीजे की धुन पर दोनों हाथों में कट्टा लेकर महिलाओं और बच्चों के साथ नाचता हुआ दिख रहा था। मामले को लेकर बताया गया कि वीडियो मिलने के बाद जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि वीडियो में नजर आ रहा व्यक्ति औंगारी थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव का निवासी विक्की पासवान है।

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा]। ई-निविदा संख्या: 197_2024-25, दिनांक: 27.09.2024। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/बर्द्धमान के अधीन बर्द्धमान में 50000 गैलन की क्षमता वाले आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली (4 अदद)। **अनुमानित लागत:** ₹ 6,24,70,623.46। **बयाना राशि:** ₹ 4,62,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 21.10.2024 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-321/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर
Email-nkcd1975@gmail.com
बिहार सरकार

शुद्धि–पत्र (Corrigendum Letter)

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25 जिसका PRNO-**007957**(WRD) 2024-25 है को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है :–

क्र0 स0	विवरणी	पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय	संषोधित तिथि एवं समय
1	निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की	दिनांक–30.09.2024 से दिनांक–07.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक–23.10.2024 से दिनांक–28.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
2	प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	दिनांक–03.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर ।	दिनांक–24.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर ।
3	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक–07.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक–29.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वतः रहेगी।

(ई० उमेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल
नवीनगर

PR. No. 009619 (WRD) 2024-25

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पूर्व रेलवे

संशोधनी संख्या :1

"कवच कार्य के सम्पादन के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने अर्थात पूर्व रेलवे के हावड़ा एवं आसनसोल मंडल के हावड़ा-प्रधानखांटा (छोड़कर) खंड पर गति को बढ़ाकर 160 कि.मी. प्र.घं. तक करने के कार्य के सम्बन्ध में 2x24 फाइबर ओएफसी बैकबोन सहित कवच का प्रावधान के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति" कार्य के लिए मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना, पूर्व रेलवे, आसनसोल, मुख्यालय, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, तीसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा सूचना संख्या: एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-54, दिनांक: 11.09.2024** में संशोधनी संख्या 1। उपर्युक्त प्रकाशित ई-निविदा सूचना संख्या : एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-54, दिनांक : 11.09.2024 में निम्नलिखित संशोधनी जारी की गई है : **संशोधनी संख्या:1- दिनांक 27.09.2024 को आईआरईपीएस पर प्रकाशित की गई है।** निविदा के अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। संशोधनी संख्या 1 सहित ई-निविदा सूचना का विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(CON-61/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल

इंडिया बांग्लादेश टेस्ट : टीम इंडिया ने लगाया जीत का छक्का, बांग्लादेश के बैजबॉल...

Page 10 देश

धामी सरकार के बेहतर यात्रा प्रबंधन ने जीता यात्रियों का विश्वास

कृष्ण पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 02 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 293 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 76,910	₹95,000

आज का इतिहास

- 1862 : भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ।
- 2014 : भारत और पाकिस्तान में चार नागरिकों की मौत के कारण पाकिस्तान और भारत की सीमाओं पर आग लग गई।

न्यूज बाइट्स

30 लाख रक्षा पेंशनभोगी स्पर्श पोर्टल से जोड़े गये : राजनाथ

नई दिल्ली (ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के कुल 32 लाख रक्षा पेंशनभोगियों में से 30 लाख को स्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन (रक्षा)) पोर्टल से सफलतापूर्वक जोड़ दिया गया है। श्री सिंह ने यहां रक्षा लेखा विभाग के 277 वें वार्षिक दिवस समारोह में कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद विभाग इस वेब-आधारित प्रणाली के कार्यान्वयन में सफल रहा है।

आरती सरीन ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशक का पद संभाला

नई दिल्ली (ए.)। वाइस एडमिरल आरती सरीन सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) के महानिदेशक का पद संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बन गईं हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि 46वें महानिदेशक के पद का कार्यभार संभालने से पहले वह महानिदेशक मेडिकल सेवा (नौसेना), महानिदेशक मेडिकल सेवा (वायु) और सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी), पुणे के निदेशक और कमांडेंट की प्रतिष्ठित नियुक्तियों पर काम कर चुकी हैं।

यूनिक कोड के विरोध में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने दिया धरना

पटना (नि.सं.)। ऑटो और ई-रिक्शा को जोन में बांटकर और उनकी संख्या के हिसाब से रंग और यूनिक कोड के जरिये परिचालन किया जाएगा। इस फैसले और नियम के विरोध में मंगलवार को ऑटो और ई-रिक्शा चालक संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने गर्दनीबाग में धरना दिया। सरकार से इस नियम को वापस लेने की मांग की गई। धरना स्थल पर मौजूद ऑटो मेंस यूनियन बिहार के महासचिव अजय कुमार पटेल ने कहा कि जोन में बांटकर उनकी संख्या के हिसाब से रंग और यूनिक कोड के जरिये परिचालन में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। इसको लेकर परिवहन विभाग ने ऑटो और ई-रिक्शा संगठनों से सुझाव मांगे गये थे। सभी ने सुझाव भी दिया है। इसके बाद प्रमंडलीय आयुक्त ने आश्वासन दिया था कि बैठक में निर्धारित किया जाएगा। लेकिन इस संबंध में बैठक की तिथि घोषित कर स्थगित कर दी गई।

काउंटर बंद होने से नहीं बन पा रहा है आधार कार्ड

पटना (नि.सं.)। डाक विभाग में यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) का काउंटर बंद होने के कारण आधार कार्ड बनवाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। आमजनों को कई-कई घंटे या फिर कई-कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है। न तो नया आधार कार्ड बन पा रहा है और न ही आधार कार्ड के अपडेशन का काम हो रहा है। यह स्थिति पिछले कई दिनों से डाक विभाग के यूआईडीएआई के काउंटर पर हो रहा है। बता दें कि डाक विभाग में यूआईडीएआई के चार काउंटर हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 45 प्रस्तावों पर लगायी मुहर

सीएनजी-पीएनजी की वैट दरें घटाईं वाहन चालक कल्याण योजना लागू

निज संवाददाता | पटना

बिहार में निजी गाड़ियों के ड्राइवरों के लिए मुख्यमंत्री वाहन चालक योजना को नीतीश कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इसके तहत ड्राइवरों को ट्रेनिंग दी जाएगी, उनकी मेडिकल जांच और बीमा की भी सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। इस बैठक में कुल 45 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। राज्य सरकार के कार्यालयों में साल 2025 में छुट्टियों की भी घोषणा करते हुए नए कैलेंडर को कैबिनेट ने मंजूर कर लिया। इसके अलावा जिलों के राजपत्रित कर्मचारियों को हर साल वित्तीय वर्ष में एक महीने का अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा। नालंदा जिले के राजगीर में 11 से 20 नवंबर तक महिला हॉकी चैंपियनशिप कराने के प्रस्ताव पर भी मंत्रिमंडल की मुहर लग गई है। औद्योगिक क्षेत्र में सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए वैट दर में कमी की गई है। सीएनजी के लिए 20 की जगह 12.5 % और पीएनजी के लिए 20% की जगह 5% वैट दर होगी। बिहटा में 300 बेड के नए अस्पताल की मंजूरी के साथ ही राज्य कैबिनेट ने मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में 12 करोड़ की लागत से नया केयर यूनिट बनाया जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई।

वहीं मंत्रिपरिषद् ने चौथे कृषि रोड मैप के लिए 6212 करोड़ की राशि को मंजूरी दी। जिलों के राजपत्रित कर्मचारियों को हर साल वित्तीय वर्ष में एक महीने का अतिरिक्त वेतन देने का भी बड़ा फैसला लिया। इसके अलावा एक अहम फैसले में सीबीआई से अवकाश प्राप्त पुलिस अधीक्षक को संविदा के आधार पर निगरानी विभाग में रखने की मंजूरी दी गई।

पांच जिलों में न्यायालयों को नया भवन मिलेगा

बिहार विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों, पूर्व सदस्यों से जुड़ी चिकित्सा नियमावली में संशोधन का फैसला भी हुआ है, जिसके कारण अब ऐसे जन प्रतिनिधियों को पहले से अधिक सहायता मिलेगी। इसी तरह, कैबिनेट ने ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विज्ञान संस्थान के सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी दी। बिहार सिविल सेवा न्याय पर शाखा प्रशिक्षण विभाग नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने छपरा स्थित सारण न्यायालय में 44 करोड़, पूर्णिया न्यायालय में 34 करोड़ और खगड़िया न्यायालय में 32 करोड़ की लागत से नया भवन बनाने पर सहमति दी है। कटिहार और वैशाली में भी न्यायालय के लिए नया भवन बनाने का फैसला हुआ है। भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत बापू टावर के बापू टावर समिति के गठन को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। बिहार में मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना 2024 को मंजूरी दी गई।

नीतीश कैबिनेट के अन्य बड़े फैसले

- पटना के बिहटा में 300 बेट का एक नया अस्पताल बनेगा।
- चौथे कृषि रोड मैप के लिए 6212 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है
- खगड़िया न्यायालय में 32 करोड़ की लागत से एक नया भवन बनेगा
- पूर्णिया, कटिहार, छपरा, वैशाली न्यायालय में करोड़ों की लागत से नया भवन बनेगा
- ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विज्ञान संस्थान के सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी
- बिहार सिविल सेवा न्याय पर शाखा प्रशिक्षण विभाग नियमावली 2024 को मंजूरी
- राकेश कुमार मुख्य अभियंता पटना भवन निर्माण विभाग को 2 साल का एक्सटेंशन दे दिया गया
- निगरानी विभाग में सीबीआई से सेवा प्राप्त पुलिस अधीक्षक को संविदा के आधार पर रखने को मंजूरी दी
- बिहार में मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना 2024 को मंजूरी दी
- मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में 12 करोड़ की लागत से नया केयर यूनिट बनेगा
- सुपौल, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर में अल्पसंख्यक विभाग का आवासीय विद्यालय बनेगा
- भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत बापू टावर के बापू टावर समिति का गठन को मंजूरी दी गई है.
- 2025 में बिहार सरकार के कार्यालय में नियोगिताबल एक्ट के तहत अवकाश की घोषणा को मंजूरी

सीएम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वे

- बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर लाने के लिए जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें काम कर रही हैं। आपदा प्रबंधन एसीएस ने कल हवाई सर्वेक्षण के बाद दरभंगा-सीतामढ़ी जिलों के अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वे किया। मुख्यमंत्री ने नेपाल से निकलने वाली कोसी, बागमती और गंडक नदियों के जल स्तर का मुआयना किया। उन्होंने तटबंध टूटने से आई तबाही के मंजर को देखा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, आपदा प्रबंधन एसीएस प्रत्यय अमृत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री के एरियल सर्वेक्षण पर बयानबाजी देखने को मिल रही है। लालू की बेटी और पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती ने इस सर्वेक्षण को देर से निकलने का आरोप लगा रहें है। मीसा भारती ने कहा है कि उन्हें और पहले सर्वेक्षण पर निकलना चाहिए था। सरकार को और पहले जाना चाहिए ता। यह सभी को पता होता है कि उत्तर बिहार के जिलों में बाढ़ आती है। आपदा प्रबंधन विभाग को इसकी तैयारी करनी चाहिए थी। बिहार के गंडक, कोसी, बागमती, महानंदा और अन्य नदियों में आयी बाढ़ से बिहार के 16 जिलें प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन के मुताबिक पूर्वी चम्पारण, प. चम्पारण, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल, सिवान, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, मधुबनी, दरभंगा, सारण और सहरसा के 55 प्रखंडों में 289 ग्राम पंचायतों में बाढ़ का पानी घुसा हुआ है। इन जिलों के लगभग 9.90 लाख जनसंख्या बाढ़ की चपेट में है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 4 जिलों में 7 स्थान पर तटबंध टूट चुके हैं। सीतामढ़ी जिले में बेलसंड प्रखंड के मधकौल, सौली रूपौली, रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड के तिलकताजपुर और खहुआ में तटबंध टुटा है। पश्चिम चम्पारण जिले में बगहा-1 प्रखंड के खैरटवा गांव में शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड के छपरा में बांध टूटे हैं। दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड के भुबोल गांव में कोसी तटबंध टुट चुका है। बाढ़ प्रभावित लोगों को जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ, स्थानीय नावों के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर लाया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग लगातार राहत-बचाव कार्य में जुटा हुआ है। आपदा प्रबंधन एसीएस ने कल हवाई सर्वेक्षण किया था। दरभंगा-सीतामढ़ी जिलों के वरीय अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ से प्रभावित आबादी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए एनडीआरएफ की कुल 15 टीम और एसडीआरएफ की कुल 15 टीमों को तैनात किया गया है। इसके अलावा वाराणसी और राँची से एनडीआरएफ की 3-3 टीमों को बुलाया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा 127 सामुदायिक रसोई केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लगभग 49 हजार 400 लोगों को भोजन कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 71 राहत शिविर का भी संचालन किया जा रहा है। जहां लगभग 54 हजार 700 बाढ़ शारणार्थी शरण लिये हुए हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच अब तक लगभग 30 हजार 500 पॉलीथीन शीट और लगभग 25 हजार 600 ड्राई राशन पैकेट का बांटे गए हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 800 नावों का चलाए जा रहा है। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य की देख-भाल के लिए पर्याप्त दवाओं के साथ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 8 बोट एम्बुलेंस तैनात हैं, जिनपर मोबाइल मेडिकल टीम काम कर रहे हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाडी बंदर कोचिंग डिपो में उन्नत तकनीक और नवाचारों का किया निरीक्षण

एजेंसी | मुंबई

मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वाडी बंदर कोचिंग डिपो, मुंबई का गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिपो के बुनियादी ढांचे, तकनीकी प्रगति और भविष्य की विस्तार योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण में यात्री सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ाने एवं नवाचार पर जोर दिया गया। मंत्री ने एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) कोचों में किए गए सुधारों का निरीक्षण किया, जिसमें स्प्रिंग विफलताओं को कम करने, सवारी आराम और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए टीपीयू रिंग्स को जोड़ना शामिल है। श्री वैष्णव ने 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट' प्रदर्शनी में प्रदर्शित इन-हाउस डिज़ाइन किए गए कूड़े कलेक्टर जैसे नवाचारों के माध्यम से, एक स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए डिपो के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने टॉयलेट सहित

कर्मचारी सुविधाओं की सफाई का भी निरीक्षण किया। यात्रियों की सुविधा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने हेतु श्री वैष्णव ने व्यक्तिगत रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस की '14 मिनट चमत्कार' सफाई प्रक्रिया में इस्तेमाल किए गए डायसन वैक्यूम क्लीनर सहित उन्नत सफाई उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया । निरीक्षण में एयर ब्रेक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अल्ट्रासोनिक एयर लीकेज डिटेक्शन सिस्टम और समय पर रखरखाव के लिए फ्लशिंग इंडिकेटर और ब्रेक एप्लीकेशन सिस्टम जैसे उन्नत उपकरण शामिल थे। ये प्रौद्योगिकियां पहले से ही राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मंत्री को कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी के उपयोग और इंटरनेट पर आधारित वास्तविक समय जल स्तर निगरानी प्रणालियों के एकीकरण के बारे में जानकारी दी गई, जो यात्रियों के लिए स्वच्छ पानी तक निर्बाध पहुंच की गारंटी देते हैं। मंत्री ने वंदे भारत स्टोर का दौरा किया, जहां वंदे भारत ट्रेनों के लिए आवश्यक भागों को संग्रहीत किया जाता है, जिससे समय पर मरम्मत और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

दो दिवसीय डाक महोत्सव का आगाज समारोह में हजारों प्रतिभागियों ने लिया भाग

नवादा (नि.सं.)। डाक विभाग की ओर से नवादा के स्थानीय प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में मंगलवार से दो दिवसीय डाक टिकट और पत्र का प्रदर्शनी आयोजित किया गया। पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सर्किल के मुख्य महाडाक अध्यक्ष अनिल कुमार, डाक निदेशक पवन कुमार, नवादा विधायक विभा देवी, वारसलीगंज विधायक अरुणा देवी के साथ-साथ फिल्म अभिनेता राहुल वर्मा ने किया। इस मौके पर समारोह में पहुंचे अतिथियों का स्वागत डाक अधीक्षक अर्चना कुमारी द्वारा पौधे मोमेंटो और डाक टिकट देकर किया गया। कार्यक्रम में शेखोदेवरा पर डाक टिकट भी जारी किया गया। जिसका लोकार्पण उपस्थित गण्यमान्य लोगों ने किया। इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए बिहार सर्किल के चीफ पीएमजी अनिल कुमार ने कहा कि डाक टिकटों का संग्रह एक हॉबी बन जाता है। जिससे लोग काफी कुछ सीखने को मिलता है। देश दुनिया, समाज को जानने का मौका मिलता है। इस दौरान उपस्थित दर्शकों व बच्चों से अनिल कुमार ने कई सवाल किया।

प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का होगा आयोजन

नवादा (नि.सं.)। जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के निदेष के आलोक में दिनांक 02 अक्टूवर 2024 को जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। ग्राम सभा के आयोजन के पूर्व ग्राम पंचायत में 75 वर्ष एवं इससे उपर के उम्र वाले बृद्ध नागरिकों की पहचान करना एवं निमंत्रण देना साथ ही 75 पेड़ लगाने हेतु स्थान का चयन करना। इसी प्रकार जिला पंचायती राज पदाधिकारी, नवादा नवीन कुमार पांडेय द्वारा बताया गया कि ग्राम सभा में कई गतिविधियां शामिल होंगी, जिसमें प्रमुख गतिविधि यथा-बृद्धजन के द्वारा बताया जायेगा कि ग्राम पंचायत की अबतक की क्या-क्या उपलब्धि रही, वृक्षारोपण अभियान ''एक पेड़ माँ के नाम'' के तहत विषेष अतिथि के नाम पर उनके द्वारा 75 पेड़ लगाना। साथ ही छुटे हुए बसावटों में नल-जल योजना के संदर्भ में जानकारी प्रदान की जायेगी, स्मार्ट प्रिपेड मीटर के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जायेगी, मतदान केन्द्र का युक्तिकरण एवं मतदाता सूची का सतत् अद्यतीकरण के संदर्भ में बताना, ग्रामीण आवास की अद्यतन स्वीकृति सूची पर चर्चा करने के साथ अन्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जायेगी।

मामा के घर आए आठ वर्षीय मासूम की तलाब में डूबने से हुई मौत

संझौली (रोहतस) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के संझौली में अपने मामा के घर आए आठ वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। उसकी पहचान करहगर थाना क्षेत्र के करहगर निवासी मुन्ना इदरीसी आलम का आठ वर्षीय पुत्र साहिल के रूप में की गई है। सूचना के बाद पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि साहिल दो दिन पहले अपने मामा संझौली निवासी मोहम्मद अली के घर आया था। मृतक के मामा ने बताया कि साहिल अभी दो दिन पहले दिल्ली से आया था। सुबह में घर से खेलने के लिए निकला था। देर शाम तक जब घर में नहीं मिला तो उसकी खोजबीन करने लगे। परिजन रातभर बच्चे को खोजते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। मंगलवार की सुबह में कुछ लोगों ने बच्चे के शव को तालाब में उतलाता देखा। इसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी गई। ग्रामीणों की सहयोग से मासूम के शव को तालाब से निकाला। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मासूम के शब को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना के बाद मृतक के सगे संबंधी व उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार बताया कि पुलिस ने बालक के शब को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौप दिया गया है।

पूर्व मध्य रेल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

पूर्व मध्य रेल ने 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना, पर्यावरण को साफ-सुथरा रखना और आम लोगों के बीच स्वच्छता जागरूकता फैलाना है। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें श्रमदान, रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में गहन साफ-सफाई, वाटर-बूथ की स्वच्छता, पेयजल की गुणवत्ता, प्रसाधनों की सफाई, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता, कचरे का निष्पादन और एनजीओ एवं चैरिटेबल संस्थाओं के सहयोग से स्वच्छता जागरूकता के कार्यक्रम शामिल हैं। पखवाड़े का शुभारंभ स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ आज, 01 अक्टूबर 2024 को महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में और प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुरेश कुमार पासवान की अध्यक्षता में हाजीपुर के महाप्रबंधक सम्मेलन कक्ष में किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडल रेल प्रबंधकों और अन्य रेलवे महाप्रबंधकों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस शपथ समारोह में सभी विभागाध्यक्ष और अधिकारी भी उपस्थित थे। पखवाड़े के पहले दिन पूर्व मध्य रेल के सभी पांच मंडलों में सामूहिक स्वच्छता शपथ ली गई। इसके अलावा रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक और 'स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत' के नारे के साथ एक जागरूकता अभियान भी चलाया। यह अभियान न केवल रेलवे के कर्मचारियों को प्रेरित करेगा, बल्कि यात्रियों के बीच भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा। कार्यक्रमों का विवरण स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के तहत 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और रेलवे के सभी कर्मचारियों तथा यात्रियों को इस दिशा में जागरूक करना है। कार्यक्रमों का विवरण निम्नलिखित हैः 02 अक्टूबरः महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर रेलवे परिसर और आसपास के क्षेत्रों में संयुक्त श्रमदान और सफाई की जाएगी। इस दिन स्थानीय हस्तियों को शामिल किया जाएगा और प्रत्येक समूह को उनके योगदान के लिए दो घंटे का स्लॉट दिया जाएगा। 03 अक्टूबरः प्रमुख स्टेशनों पर सफाई कर्मियों के लिए संरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा और स्टेशन परिसर की गहन साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। 04 अक्टूबरः सभी प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म को कूड़ा मुक्त करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही कचरे के पृथक्करण को प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग कूड़ेदान स्थापित किए जाएंगे। 05 अक्टूबरः ओबीएचएस ट्रेनों में अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों की टीम द्वारा विशेष ट्रेनों का गहन निरीक्षण किया जाएगा। यात्रियों की प्रतिक्रिया और सर्वोत्तम ओबीएचएस ट्रेन के लिए पुरस्कार का प्रावधान भी किया जाएगा। 06 अक्टूबरः अन्य महत्वपूर्ण मुख्य मार्गों का गहन निरीक्षण किया जाएगा और प्राथमिक बेस रेक तथा स्टेबल रेक में पर्यवेक्षकों/अधिकारियों की टीम द्वारा वाशिंग लाइनों पर ट्रेनों की सफाई पर ध्यान दिया जाएगा। 07 अक्टूबरः स्टेशन के निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थित ट्रैक की साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाएगा और खुले में शौच को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 08 अक्टूबरः रेलवे कॉलोनियों, रिटायरिंग रूम, वेटिंग हॉल तथा रेस्ट हाउस में साफ-सफाई के लिए गहन अभियान चलाया जाएगा। सौंदर्यीकरण हेतु परिसर में वृक्षारोपण किया जाएगा। 09 अक्टूबरः स्टेशन परिसर और उसके आसपास स्थित कैंटीन और खाद्य स्टालों की गहन सफाई की जाएगी। भोजन विक्रेताओं और रसोइयों को स्वच्छता और चिकित्सा जांच के अंतर्गत कवर किया जाएगा। 10 अक्टूबरः पैंट्रीकारों का निरीक्षण किया जाएगा और पैंट्री कार कर्मचारियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा। 11 अक्टूबरः रेलवे परिसर में जल निकायों की सफाई और पेयजल की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। 12 अक्टूबरः सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा, और सभी शौचालय ब्लॉकों की गहन सफाई की जाएगी। 13 अक्टूबरः सफाई के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने हेतु एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें नियमित रूप से साफ-सुथरी पाई जाने वाली इकाइयों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। 14 अक्टूबरः एकल उपयोग प्लास्टिक के निषेध के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनों के रख-रखाव की समीक्षा की जाएगी। 15 अक्टूबरः पखवाड़े के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी और मीडिया कर्मियों के लिए प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी। समापन इस स्वच्छता पखवाड़े का उद्देश्य न केवल रेलवे परिसर को साफ-सुथरा रखना है, बल्कि इसके माध्यम से आम लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। रेलवे प्रबंधन का मानना है कि यदि हम सभी मिलकर स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे, तो हमारे परिवेश को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस दिशा में हर छोटे-से-छोटे प्रयास की सराहना की जानी चाहिए।

धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेनों का परिचालन संशोधित

हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.) आगामी त्यौहरों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज-दिल्ली के रास्ते धनबाद और जम्मूतवी के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन तिथि में एवं जम्मूतवी पहुंचने/खुलने के समय में संशोधन किया गया है। गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल संशोधित तिथि के अनुसार 01.10.2024 से 26.11.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को धनबाद से 10.10 बजे प्रस्थान कर बुधवार को 22.40 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। अनुसार 02.10.2024 से 27.11.2024 तक प्रत्येक बुधवार को जम्मूतवी से 23.25 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को 14.00 बजे धनबाद पहुंचेगी।

महाप्रबंधक से मिले रेलकर्मी, समस्याओं का किया समाधान

हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)। मुख्यालय, हाजीपुर में 02 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी, स्वच्छता अभियान, और सेवा कार्य

निज संवाददाता | जमुहार (रोहतास)

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में नवागंतुक छात्रों के लिए 2023 बैच द्वारा एक शानदार फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन छात्रों की शिक्षा के प्रति अत्यधिक जागरूक है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय नवीनतम तकनीक से युक्त शिक्षण प्रणाली को प्राथमिकता दे रहा है, ताकि छात्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे उपलब्ध संसाधनों का उपयोग मनोयोग से करें और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पित रहें। इस कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार आलोक प्रताप, नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के डीन डॉ. एच. के. सिंह, और वरिष्ठ शिक्षक प्रोफेसर धर्मराज सिंह तथा प्रोफेसर अशोक कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपस्थित छात्रों और शिक्षकों ने रंगारंग प्रस्तुतियों का आनंद लिया, जिससे समूचा माहौल उत्साह से भर गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संदीप कुमार मौर्य ने किया। स्वच्छ भारत अभियान में नारायण वर्ल्ड स्कूल के छात्रों का योगदान स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत नारायण वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने श्रमदान करते हुए धार्मिक स्थलों की सफाई की। यह अभियान 14 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक चलाया गया, जिसमें कक्षा 9 के छात्रों पवन कुमार, आदर्श, पप्पू, अंबर, मुस्कान, अदिति, प्रिया, रुबी, हर्षित, और अनन्या सहित अन्य छात्रों ने मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की और कचरा प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया। विद्यालय की निदेशक मोनिका सिंह ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति समाज की सक्रियता को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है। शिक्षकों ने भी इस अभियान में सहभागिता की और अपने श्रमदान से इस मुहिम को सफल बनाया। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम के एन.सी.सी. और एन.एस.एस इकाइयों ने भारतीय रेलवे, करवंदिया के सहयोग से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत करवंदिया रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत स्टेशन परिसर में साफ-सफाई की गई। एन.एस.एस. और एन.सी.सी. इकाइयों के समन्वयक डॉ. मयंक कुमार राय और एन.एस.एस. अधिकारी मोहित कुमार गुप्ता व योगेश उपाध्याय के निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने छात्रों को रेल यातायात से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया और इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. मयंक कुमार राय ने इस अभियान में भाग लेने वाले सभी छात्रों और विश्वविद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित किया और इस स्वच्छता प्रयास की सराहना की।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

सं. 29245619 / दानापुर

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (भंडार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:-
1. आपूर्ति का नाम एवं स्थानः स्काडा- दानापुर
2. इ.एम.डी.: रूपये 10,13,270.00 **3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 21.10.2024 को 14.00 बजे तक । **4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 21.10.2024 को 14.30 बजे ।
5. वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in
6. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय, दानापुर
नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा ।
वरीय मंडल सोमग्री प्रबंधक/ पूर्व मध्य रेल./दानापुर
पीआर/01237/डीएनआर/स्टोर/टी/24-25/28

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

(दानापुर मंडल/विद्युत/सामान्य)

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/07/2024-25
मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संबेदकों से जिनके पास वैध विधूत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं ।
1. कार्य का नामः दानापुर मंडल के डीएनआर-जेएजे खंड में कैपेक्स मोड के माध्यम से रूफटॉप सौर संयंत्र का प्रावधान। **2. अनुमानित लागतः** रू 2,41,45,635.15/- **3. अग्रधन राशिः** रु. 2,70,700/- **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 23.10.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित है ।
4. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयः क्रिस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/ सा./का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर ।
नोटः (1) विवाद की स्थिति में अंग्रजी नोटिस मान्य होगा । (2) यदि जरुरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा ।
कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा)
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/01235/डीएनआर/ईजीईएन/टी/24-25/44

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/608, दिनांकः 27.9.2024। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्य/यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3354। कार्य का नामः** पूर्व रेलवे मुख्यालय भवन, फेयरली प्लेस पर अग्नि सुरक्षा के लिए विद्युतीय परिसम्पत्तियों का क्रमोन्नयन। **निविदा मूल्यः** रु. 2,45,48,293। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** रु. 2,72,800। **पूरा करने की अवधिः** 120 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 18.10.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।
(HWH-319/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद

(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)

शुद्धि-पत्र (Corrigendum Letter)

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 01/2024-25 जिसका PRNO 007968 (WRD) 2024-25] निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 02/2024-25 जिसका PRNO 007966 (WRD) 2024-25 एवं निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 03/2024-25 जिसका PRNO 007965 (WRD) 2024-25 है को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है :-

क्र0सं0	विवरणी	पूर्व में निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
1	निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि	दिनांक 27.09.2024 से 30.09.2024 को 3:00 बजे अपराहन तक केवल वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक 22.10.2024 से 25.10. 2024 को 3:00 बजे अपराहन तक केवल वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
2	प्रीबीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान	दिनांक 28 .09.2024 को 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।	दिनांक 23.10.2024 को 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
3	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 03.10.2024 के अपराहन 3:30 बजे केवल वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक 28.10.2024 के अपराहन 3:30 बजे केवल वेवसाईट www.eproc2 .bihar.gov.in पर

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वतः रहेगी।
उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR- 009408 (WRD) 2024-25
कार्यपालक अभियन्ता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल
औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

उत्पाद न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता -सह-पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद

(मद्यनिषेध कोर्ट-2)

अति आवश्यक सूचना

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।
ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख) के तहत भू-स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।
उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि- **08.10.2024** को निर्धारित की गयी है।
अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :-

क्र0 सं0	उत्पाद अधिहरण वाद संख्या	थाना काण्ड/ उत्पाद वाद सं0	वाहन स्वामी का पूर्ण पता	जप्त वाहन/भूमि/सामग्री की विवरणी	सुनवाई की तिथि
1	223/24	अशोक साव, पिता- रामेश्वर साव, पता- C/0 रंजीत सिंह, संत विगहा, पो0- डालमियां नगर, थाना- डिहरी, (बिहार), पिन कोड- 821305	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 64/2024, दिनांक-29.02. 2024	हिरो होण्डा स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-24B-8777 चेसीस नं0- 02B20C08441, ईंजन नं0-02A18M23011	08.10.24
2	225/24	रामवृक्ष, पिता- छोटे लाल, पता- 221 नई बस्ती लहरतारा, थाना- शिवपुर, जिला- वाराणसी (उ0प्र0), पिन कोड- 221103	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 70/24 दिनांक-04.03. 2024	हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- UP-65DS-4719 चेचिस नं0-MBLHAW099KHM69092 ईंजन नं0-HA10AGKHMB0600	08.10.24
3	227/24	विकास कुमार, पिता-कामेश्वर प्रसाद सिंह, पता- रोड़ नं0-1 सिद्धार्थपुरी कॉलोनी, मानपुर बुनियादगंज थाना- मुफसिल, जिला- गया (बिहार), पिन कोड- 823003, मो0 नं0- 8757975590	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 108/2024, दिनांक-28.03. 2024	हिरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-02AN-6444 चेसीस नं0-MBLJAR144JHE13214, ईंजन नं0-JA06EUJHE15419	08.10.24
4	228/24	नरेश चौधरी, पिता- धनुकधारी चौधरी, ग्राम-केवाला पो0- धबल विगहा थाना- हुलासगंज, जिला- जहानाबाद (बिहार), पिन कोड- 804407	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 110/2024, दिनांक-29.03. 2024	ग्लैमर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-21M-5710 चेसीस नं0-MBLJA06AMGGA35248 ईंजन नं0-JA06EJGGA26895	08.10.24
5	230/24	छोटु पासवान, पिता- विन्देश्वर पासवान, ग्राम-पखरडीह, इमामगंज,, जिला- गया (बिहार), पिन कोड- 824206, मो0 नं0- 9934843287	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 206/2024, दिनांक-10.03. 2024	टेम्पू निबंधन संख्या- BR-02PA-8084 चेसीस नं0-MCG27P3DKG1816854 ईंजन नं0-S8F8867056	08.10.24
6	232/24	रानी कुमारी, पिता/पति- महेश राम, पता-A/P सुनील कुमार, बेलवाटिका, थाना- डालटेनगंज, जिला- पलामू (झारखंड), पिन कोड- 822101, मो0 नं0- 7488804343	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 289/2024, दिनांक-01.04. 2024	अपाची मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- JH-03AC-0599 चेसीस नं0-MD634AE89L2G13728 ईंजन नं0-AE8GL2113669	08.10.24
7	233/24	ममता कुमारी, पिता/पति- सुदेश राम, पता-रांगेय, पो0- चक, जिला- पलामू (झारखंड), पिन कोड- 822123, मो0 नं0- 7739007298	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 192/2024, दिनांक-07.03. 2024	हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-02AK-5933 चेसीस नं0-MBLHAR074JHC58402 ईंजन नं0-HA10AGJHC69099	08.10.24
8	236/24	दिनेश कुमार, पिता- तपेश्वर चौधरी, ग्राम+पो0-कोईलवां, थाना-हसपुरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार), पिन कोड- 824115, मो0 नं0- 8434120219	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 131/2024, दिनांक-08.04. 2024	टी0 वी0 एस0 आपाची मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-26Y-8526, चेसीस नं0-MD634BE81P2H12359 ईंजन नं0-AE8HP2812038	08.10.24
9	238/24	संतोष पांडेय, पिता- निरंजन पांडेय, ग्राम- मथुरापुर, पो0-सिमरी धमनी, थाना-माली, जिला- औरंगाबाद (बिहार), पिन कोड- 824102	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 75/2024 दिनांक-08.03. 2024	बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-26G-5808 चेसीस नं0-MD2A18AZ3EPK47311 ईंजन नं0-DZZPEK42829	08.10.24
10	240/24	छोटु पाल, पिता- राज भगत, ग्राम- बिसेनी,पो0-कपसिया, थाना- औरंगाबाद, जिला- औरंगाबाद (बिहार) पिन कोड- 824103, मो0 नं0- 9608549947	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 114/2024, दिनांक-13.02. 2024	हिरो स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-26X-7392, चेसीस नं0-MBLHAW214PHE15474 ईंजन नं0-HA11E7PHE11461	08.10.24
11	241/24	दिनानाथ कुमार, पिता- जमींदार पासवान, ग्राम- मंजारी, पो0-पोगर, थाना-रफीगंज, जिला-औरंगाबाद (बिहार), पिन कोड- 824125, मो0 नं0- 8651048145	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 71/2024, दिनांक-05.03. 2024	बजाज पल्सर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-26Q-9230 चेसीस नं0-MD2A11CY3KRM05061 ईंजन नं0-DHYRKM77864	08.10.24
12	256/24	रितेश पांडेय, पिता- शशि रंजन पांडेय, ग्राम+पो0+थाना- बरना, जिला- रोहतास (बिहार), पिन कोड- 802219, मो0 नं0- 7369926750	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 208/2024, दिनांक-10.03. 2024	बजाज सी0टी0 110 मोटरसाइकिल निबंधन संख्या-BR-24AB-3818 चेसीस नं0-MD2B37AY6KRG75571 ईंजन नं0- PFYRKG41282	08.10.24
13	257/24	दिनानाथ चौधरी, पिता- स्व0 चनारिक चौधरी, ग्राम- कुरबान बिगहा, पो0- तरारी, थाना- दाउदनगर, जिला- औरंगाबाद (बिहार) पिन कोड- 824143	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 214/2024, दिनांक-13.03. 2024	बजाज पल्सर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-26C-6349 चेसीस नं0-MD2DHDHZZTCC54674 ईंजन नं0-DHGBTC43998	08.10.24
14	258/24	अमरेन्द्र कुमार, पिता- भरत सिंह, ग्राम-लबदना, पो0-डिहरा, थाना- ओबरा, जिला-औरंगाबाद (बिहार), पिन कोड- 824101 मो0 नं0-9955802335	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 290/2024, दिनांक-01.04. 2024	होण्डा साईन मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-26M-4633 चेसीस नं0- ME4JC657HH7004232 ईंजन नं0-JC65E71243970	08.10.24
15	260/24	कृष्णा मेहता, पिता- रामजी मेहता, पता- बैरनव, जपला, थाना- हुसैनाबाद, जिला- पलामू (झारखंड), पिन कोड- 822116, मो0 नं0- 9096808311	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 212/2024, दिनांक-20.03. 2024	लुना मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- JH-03AF-1684 चेसीस नं0-MD621BP23M3F01036 ईंजन नं0-BP2DM2505182	08.10.24
16	262/24	लाल बहादुर राम, पिता- घुना राम, ग्राम-कोरामी, पो0-नामुदाग, थाना- छतरपुर, जिला- पलामू (झारखंड), पिन कोड- 822113	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 280/2024, दिनांक-29.03. 2024	हिरो होण्डा स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- JH-03B-9037 चेसीस नं0- 06E16C06410 ईंजन नं0-06E15M06138	08.10.24
17	263/24	मनीष कुमार सिंह, पिता- केदार सिंह, ग्राम-सरडिहा, पो0-घेउरा, थाना- कुटुम्बा, जिला- औरंगाबाद (बिहार), पिन कोड- 824123	उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0- 303/2024, दिनांक-05.04. 2024	होण्डा मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- JH-03N-9516 चेसीस नं0- ME4JC626JF8002831 ईंजन नं0-3G62E83002875	08.10.24
18	266/24	शंकर कुमार, पिता- देवकुमार पासवान, ग्राम- निरंजनपुर, थाना- महेन्दिया, जिला- अरवल (बिहार), पिन कोड- 804428, मो0 नं0- 6206112547	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 117/2024, दिनांक-01.04. 2024	हिरो स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-56C-2847 चेसीस नं0-MBLHAW126MHC94582 ईंजन नं0-HA11EYMHC90804	08.10.24
19	267/24	अजय कुमार, पिता- अशोक मालाकार, ग्राम- लतीपाकर, पो0- धरहारा थाना- गोपालपुर, जिला- भागलपुर (बिहार), पिन कोड- 853204, मो0 नं0- 7368965719	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 148/2024, दिनांक-17.04. 2024	पैशन प्रो मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-10AJ-8393 चेसीस नं0-MBLJAW134MHB03297 ईंजन नं0-JA06EWMHB25060	08.10.24
20	325/24	गुमनाम,	उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0- 216/2024, दिनांक-20.05. 2024	हिरो स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या- BR-3D-4033 चेसीस नं0-MBLHA10EJ8HF07663, ईंजन नं0-HA10EA8HF16517	08.10.24

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

PR- 009406 (Excise) 2024-25

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता-सह-
पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय नं0-2, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के 11वें चरण की समयावधि में हुआ विस्तार

नवादा (नि.सं.)। जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा नवीन कुमार पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि को 27 सितंबर से बढ़ाकर 15 अक्टूबर 2024 कर दिया गया है तथा 11 नवंबर 2024 को अंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जो इच्छुक आवेदक किसी कारणवश आवेदन करने से वंचित रह गए थे उन्हें आवेदन करने का एक बार और मौका दिया जा रहा है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल द्वारा सभी जिलों के जिला पदाधिकारी को रिक्ति के विरुद्ध शत प्रतिशत आवेदन प्राप्त करते हुए योग्य लाभुकों को चयनित करने की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत नवादा जिला में अब तक कुल लक्ष्य 1274 के विरुद्ध 1091 लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में शेष बचे 12500 लक्ष्य के विरुद्ध जिलावार रिक्ति निकाली गई है, जिसमें नवादा जिले का लक्ष्य 183 है। 183 रिक्ति के अनुसार जिले के पंचायतों में आवेदन लिए जायेंगे। आवेदन केवल उन्हीं पंचायतों के लिए होंगे, जहां रिक्ति है। साथ ही जिस कोटि की रिक्ति उपलब्ध है उसी कोटि के लिए आवेदन स्वीकार्य होंगे। यदि वैसे पंचायत या वैसी कोटि के लिए आवेदन प्राप्त होता है, जहां रिक्ति नहीं है तो वैसे आवेदन स्वतः अमान्य हो जायेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि पूरे राज्य में चरणवार 44 हजार से अधिक लोगों को रोजगार दिया गया है, जिसमे नवादा जिले के 1091 शामिल हैं। इस योजना के माध्यम से गांव से शहर के बीच परिवहन सुविधा सुगम हुआ एवं आम लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री परिवहन व्यवस्था सुलभ कराना एवं रोजगार का सृजन करना है। इस योजना के तहत सामान्य, ई रिक्शा एवं एंबुलेंस की खरीद पर अनुदान दिया जाता है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 4 सीटर से लेकर 10 सीटर तक के नए सवारी वाहन एवं एम्बुलेंस की खरीद पर अनुदान दिया जाता है। अनुदान की राशि वाहन के खरीद मूल के 50 प्रतिशत तक की राशि अथवा अधिकतम एक लाख रुपये होगी। एंबुलेंस के क्रय की स्थिति में अधिकतम 02 लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर 2024 तक। प्रखंड स्तर पर आवेदनों के आधार पर पंचायतवार एवं कोटिवार वरीयता सूची का निर्माण - 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2024, चयन सूची का प्रकाशन- 24 अक्टूबर 2024, आपति आमंत्रण- 25 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2024 तक, आपति निराकरण- 5 नवंबर 2024, अंतिम चयनित सूची का प्रकाशन- 11 नवंबर 2024, प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा चयनित लाभुकों को चयन पत्र का तामिला- 12 नवंबर से 19 नवंबर तक, वाहन खरीद के बाद चयनित लाभुक द्वारा अनुदान प्राप्ति हेतु आवेदन समर्पित करना - 20 नवंबर से लगातार, अनुदान की राशि सीएफएमएस के माध्यम से लाभुक के खाते में भुगतान करना- आवेदन प्राप्ति के 7 दिनों के अंदर राशि हस्तगत कराई जाती है।

गलत मीटर रीडिंग से उपभोक्ताओं को मिलेगी मुक्ति एसडीओ

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत पांच प्रशाखा है एवं सभी उपभोक्ताओ के परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य मिशन मोड़ मे जारी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर सभी उपभोक्ताओं के परिसर मे निःशुल्क लगाया जाता है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाते समय उपभोक्ता अपना मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज करा लेंगे। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के द्वारा आगे बताया गया की उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पहली बार मीटर रिचार्ज करने हेतु मैसेज प्राप्त होने के बाद दो दिनों का समय दिया जाता है तथा बैलेंस शून्य अथवा निगेटिव होने पर उपभोक्ता को एसएमएस माध्यम से रिचार्ज करने हेतु सुचना दी जाती है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज नहीं करने पर वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं, इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः काट जाती है साथ ही साथ रिचार्ज होने के बाद बिजली स्वतः चालू हो जाती है। बता दें की राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है एवं रात मे भी विद्युत विभाग द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरीफ एक सामान है व प्रीपेड उपभोक्ता का ऑनलाइन रिचार्ज करने पर तीन प्रतिशत की अतिरिक्त छुट मिलती है। स्मार्ट मीटर से सम्बंधित एप्प के माध्यम से उपभोक्ता दैनिक, साप्ताहिक एवं मासिक बिजली खपत की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हुए उपभोक्ता को बिजली बिल जमा करने हेतु बिजली कार्यालय काउंटर पर जाने की आवश्यकता भी नहीं है तथा स्मार्ट मीटर लगने से गलत मीटर रीडिंग से उपभोक्ताओं को मुक्ति भी मिली है एवं उपभोक्ता ऑनलाइन के माध्यम से बिजली बिल जमा कर सकते हैं।

थाना परिसर में शांति समिति बैठक का आयोजन

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। मंगलवार को नारदीगंज थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, सीओ रईस आलम तथा थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिवों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सीओ रईस आलम ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय। मौके पर उपस्थित मुखिया अजय पंडित,रणविजय पासवान, विनय साव, विनोद कुमार, धनंजय सिंह, राजू साव, संजय सिंह, दीपू यादव, संदीप कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

वार्ड सदस्य का चौथे दिन भी आमरण अनशन रहा जारी

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड के ननौरा पंचायत के विभिन्न वार्डो में मुखिया व पंचायत सचिव के द्वारा अवैध राशि निकासी के विरुद्ध अनिश्चित कालीन आमरण अनशन सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा है। यह अनिश्चित कालीन आमरण अनशन में इस पंचायत के वार्ड संख्या आठ के वार्ड सदस्य जितेन्द्र कुमार कर रहे हैं, वे पंचायती राज कार्यालय, नारदीगंज के बाहरी परिसर में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। इस दौरान तीसरे दिन भी सलाईन हुआ है, फिलहाल हालत सामान्य है। वार्ड सदस्य ने कहा इसके पूर्व 17 जुलाई 2024 को आमरण अनशन किया था, छह दिन अनशन पर रहा था, तब अधिकारियों के आश्वासन पर अनशन समाप्त किया गया था, लेकिन इस मामले में केवल वार्ड सदस्य व वार्ड सचिव पर मामला दर्ज हुआ, अन्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हो पाया, तो विवश होकर पुनः अनशन शुरू किया हूं। रात में अकेले इस स्थान पर रहा, सुरक्षा की व्यवस्था नदारथः रही,अभी तक कोई भी अधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं। कहा जब तक न्याय नहीं होगी, तब तक अनिश्चितकालीन आमरण अनशन जारी रहेगा।

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बीस सूत्री बैठक कार्यों पर जोर और नए प्रस्तावों की हुई घोषणा

» जिलाधिकारी ने विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति पर जानकारी दी।

» बुधौल क्षेत्र को 'नूतन नवादा' घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया।

» बहुउद्देश्यीय ऑडिटोरियम, खेल परिसर और पार्क सहित कई नई परियोजनाओं की योजना बनाई गई।

» गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत 17 वार्डों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई, 27 वार्डों में कार्य जारी है।

» शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और अन्य विभागों ने अपने लक्ष्यों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

» अस्पतालों और अन्य सेवाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

» विधायक और जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय विकास से संबंधित प्रस्ताव सौंपे।

» कल तक सभी विभागों को शिकायतों और सुझावों पर रिपोर्ट देने का निर्देश।

निज संवाददाता | नवादा

डीआरडीए सभागार में 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की जिला स्तरीय बैठक सहकारिता विभाग-सह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों का पौधा देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान पिछले एजेंडा की समीक्षा करते हुए आगामी एक वर्ष के लिए प्राथमिकताएं और योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने बुधौल क्षेत्र को 'नूतन नवादा' घोषित करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि बुधौल में कई सरकारी कार्यालय और महत्वपूर्ण संस्थान स्थापित किए गए हैं और यहां कई महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रस्तावित हैं। इसके अंतर्गत बहुउद्देश्यीय ऑडिटोरियम, खेल परिसर, पार्क और सरकारी अधिकारियों के लिए आवास निर्माण, अतिथि गृह, सड़क चौड़ीकरण, सोलर पैनल, तैराकी प्रशिक्षण केंद्र और केन्द्रीय विद्यालय जैसी योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के 44 वार्डों में से 17 वार्डों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जबकि 27 वार्डों में काम प्रगति पर है। शीघ्र ही सभी वार्डों में पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, वन, खाद्य और अन्य विभागों ने भी अपने-अपने लक्ष्य और उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अलावा हरिश्चन्द्र तालाब का सौंदर्यीकरण, महत्वपूर्ण जलाशयों और पुलों का निर्माण, अनाज वेयरहाउस, विद्युत शवदाह गृह, डिग्री कॉलेज और नालों के निर्माण जैसे विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अस्पताल, शिक्षा, मत्स्य और अन्य क्षेत्रों से संबंधित शिकायतें उठाई गईं। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने विभागीय कार्यों में सुधार करें और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। अस्पताल से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने अधिकारियों से गोपनीय जांच कराने और दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी 3 अक्टूबर 2024 तक अपने विभाग से संबंधित शिकायतों और सुझावों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे और उन पर अनिवार्य रूप से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नवादा के विधान पार्षद अशोक कुमार, विभा देवी, अरूणा देवी, नीतु कुमारी, प्रकाशवीर, पुष्पा देवी, पूजा कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

विकास के लिए विस्तृत योजनाएं तैयार करेगी प्रशासन

मंत्री सहकारिता विभाग-सह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार तथा प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में शहरी विकास संबंधी संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत नवादा जिले के शहरी क्षेत्रों में विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का प्राक्कलन करने का निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत नवादा जिले के शहरी क्षेत्रों में आवश्यक सड़कें, नाले, पार्क, पार्किंग स्थल, स्ट्रीट लाइटिंग, हाई मास्ट लाइट और जल निकायों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त घाटों का निर्माण भी इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। इस प्रकार के विकास कार्यों से शहरी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। बैठक में सभी माननीय सदस्यों, जो बिहार विधान परिषद और बिहार विधानसभा से संबंधित हैं, ने शहरी निकायों के समग्र विकास के लिए योजनाओं की प्राथमिकता सूची पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री ने सभी सदस्यों से कहा कि प्राप्त प्राथमिकता सूची के आधार पर योजनाओं का प्राक्कलन तैयार किया

जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद इन्हें नगर विकास एवं आवास विभाग को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में अशोक कुमार, विधान पार्षद नवादा, विभा देवी, विधायिका नवादा, अरूणा देवी, विधायिका वारिसलीगंज, नीतु कुमारी, विधायिका हिसुआ, प्रकाशवीर, विधायक रजौली, पुष्पा देवी, अध्यक्ष जिला परिषद नवादा, पूजा कुमारी, मुख्य पार्षद नगर परिषद हिसुआ, पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, अपर समाहर्ता नवादा, उप विकास आयुक्त नवादा, वन प्रमंडल पदाधिकारी नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली और अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल थे। इस बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने नवादा के शहरी विकास को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि इस प्रकार की योजनाएं नवादा जिले में नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने में मदद करेंगी।

सीएस ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

नवादा (नि.सं.)। जिले के सदर अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के वेतन भुगतान के नाम पर व्यापक पैमाने पर राशि का घोटाला किये जाने का मामला सामने आया है। घोटाला सुरक्षा गार्ड कंपनी द्वारा अस्पताल प्रबंधन की मिलीभगत से की जा रही है। मामले का पर्दाफाश तब हुआ जब सीएस ने देर रात औचक निरीक्षण किया। कौन कंपनी उपलब्ध करा रहा सुरक्षा गार्डः- सदर अस्पताल समेत पूरे जिले के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है। सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी एलिट फाल्कन सिक्योरिटी कंपनी को सौंपी गई है। सदर अस्पताल में कुल 55 सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गयी है। सीएस के औचक निरीक्षण में खुली पोलः- सीएस ने देर रात औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में रात्रि में 23 सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन मात्र 11 सुरक्षा गार्ड पाये गये। 12 सुरक्षा गार्ड का कहीं अता-पता नहीं था। बताया गया कि कई ऐसे सुरक्षा गार्ड हैं जो बगैर ड्यूटी घर बैठे राशि का भुगतान पा रहे हैं। 14 के बजाय मात्र 05 हजार किया जा रहा भुगतानः- सुरक्षा गार्ड को प्रतिमाह 14 हजार रुपए भुगतान किया जाना है लेकिन उन्हें मात्र 05 हजार रुपए भुगतान किया जाता है। इस प्रकार प्रतिमाह प्रति सुरक्षा गार्ड 09 हजार रुपए का घोटाला किया जा रहा है। इस बात सीएस कार्यालय में तैनात सुरक्षा गार्ड दीपक कुमार व रंजू कुमारी ने बताया कि राशि का खाते के बजाय नकद भुगतान किये जाने से बड़ा घोटाला हो रहा है। उपर से तुर्रा यह कि छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस बात सिविल सर्जन ने बताया कि चूंकि सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने से लेकर भुगतान तक की जिम्मेवारी कंपनी की है इसलिए पता नहीं उन्हें कितनी राशि भुगतान किया जाता है।

स्मार्ट मीटर के विरोध प्रखंड मुख्यालय पर दिया धरना

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

बिहार में इन दिनों स्मार्ट मीटर के प्रति लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों से मचाई जा रही लूट के विरुद्ध राजद ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित धरना में राजद कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ राजद नेता गौतम कपूर चंद्रवंशी ने कहा कि

राज्य सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं और गरीबों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार व आर्थिक शोषण कर रही है। राज्य सरकार को जनता और जनता के हितों से कोई मतलब नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार कंपनियों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है, उसे जनता की समस्या से कोई मतलब नहीं है।

धरना प्रदर्शन में स्मार्ट मीटर को चीटर मीटर बता जताया विरोध

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड कार्यालय परिसर में सोमवार को राजद के प्रखण्ड कार्यकारिणी अध्यक्ष कारू राम के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर के विरोध में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में लोगों ने स्मार्ट मीटर को चीटर मीटर बताकर विरोध जताया। इस दौरान राजद के जिला उपाध्यक्ष सह धरना प्रभारी रामचन्द्र यादव, प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव, नन्दकिशोर यादव, परमेश्वर दयाल, महिला सेल के जिला उपाध्यक्ष रेखा देवी, देवनंदन यादव, कंचन कुमार के अलावे प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे। प्रखण्ड प्रमुख ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि बिहार सरकार निजी कंपनियों को स्मार्ट मीटर लगाने

के बहाने उपभोक्ताओं का आर्थिक दोहन करने में जुटी हुई है। उन्होंने स्मार्ट मीटर को खूनचुस्वा मीटर बताया एवं कहा कि आज सभी तबके के लोग इस मीटर से ग्रस्त हैं। किंतु नीतीश सरकार लोगों की एक बात नहीं सुन रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आवाह्न पर प्रत्येक प्रखण्ड में प्रीपेड अथवा स्मार्ट मीटर का विरोध राजद पार्टी एवं आम जनमानस द्वारा किया जा रहा है। साथ ही कहा कि पुराने मीटर के अनुसार लोग बिजली विभाग में पैसा जमा कर रहे हैं और यदि समय पर पैसा जमा नहीं करते हैं, तो उनसे चक्रवृद्धि ब्याज के साथ पैसों की वसूली की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव ने ऐलान किया है कि बिहार में राजद की सरकार आने पर आम लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। वहीं नन्दकिशोर यादव ने कहा कि बिजली विभाग की बड़ी कम्पनियां लोगों को लूट रही है और बिजली विभाग के कर्मी ग्रामीणों पर बिजली चोरी का आरोप लगाकर एफआईआर तक दर्ज करवा लेते हैं। सरकार की यह जबरदस्ती की नीति कतई नहीं चलेगी। आज गांव से लेकर विधानसभा तक लोग स्मार्ट मीटर का विरोध जता रहे हैं। इससे समाज के दलित एवं पिछड़ा से लेकर हर वर्ग स्मार्ट मीटर से त्रस्त है।वहीं धरना प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं को रखा एवं स्मार्ट मीटर का विरोध व्यक्त किया।

अनुमण्डल स्तरीय शांति समिति की बैठक में दुर्गापूजा को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

अनुमण्डल कार्यालय के द्वितीय मंजिल पर स्थित अनुमंडलीय सभागार में मंगलवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में अनुमण्डल स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान एसडीपीओ गुलशन कुमार, एलआरडीसी प्रमोद कुमार, सीओ मो. मजहरी, रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन भी मौजूद रहे। एसडीओ ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्वक मनाने हेतु पुलिस व प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ते इंतेजाम किये गए हैं। पिछले वर्ष पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में कुल 93 स्थानों मूर्ति स्थापित किया गया था, जबकि इस वर्ष 94 स्थानों पर मूर्ति स्थापित होने है। उन्होंने बताया कि रजौली प्रखण्ड में 15, अकबरपुर में 20, सिरदला में 16, नरहट में 13,

गोविंदपुर में 8, मेसकौर में 14 एवं रोह में 7 स्थानों पर पूजा समितियों द्वारा मूर्ति स्थापित किया जाना है, जिसके लिए लाइसेंस हेतु आवेदन भी प्राप्त हुआ है। एसडीओ ने कहा कि 12 अक्टूबर को रजौली में 2 मूर्ति व रोह में एक मूर्ति,13 अक्टूबर को 61 मूर्ति एवं 14 अक्टूबर को 25 मूर्ति का विसर्जन किया जाना है। एसडीओ ने कहा कि पूजा समितियों को पंडाल में अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने, अश्लील गाना नहीं बजाने, डीजे नहीं बजाने, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले गाना नहीं बजाने, पंडाल में सीसीटीवी की व्यवस्था करने एवं तय रुट के अनुसार विसर्जन के दौरान अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही एसडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु सुनिश्चित दिन, समय और स्थान अनुमति के अनुसार ही करेंगे। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्तकी और लौंडा डांस पूर्णतः प्रतिबंधित है। एसडीओ ने पंडाल में अग्नि सुरक्षा हेतु सम्बंधित विभाग से सम्पर्क करने की बात कही है। वहीं रात्रि के 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर नहीं बजाने को कहा है। वहीं शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया गया कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से उन्माद फैलाने वाले सामग्री को वायरल न करके, प्रशासन को तुरंत सूचना देंगे, नवजवान एवं बच्चों पर कड़ी निगरानी रखेंगे, जनप्रतिनिधिगण साफ-सफाई व आवश्यक तैयारी में सहयोग करेंगे एवं शराबबंदी के उलंघन होने की सूचना आवश्यक रुप से पुलिस-प्रशासन को देंगे। वहीं बिजली विभाग को पंडाल में बिजली कनेक्शन की जांच करने, पीएचईडी विभाग को नल-जल एवं खराब पड़े चापाकल की मरम्मत, बीडीओ व सीओ को चौक-चौराहे पर सीसीटीवी व ड्रोन की व्यवस्था करने को भी निर्देशित किया गया है।

उड़ान परियोजना ने किशोर किशोरियों को दिया शिक्षा- सह रोज़गार के लिये मार्गदर्शन

निज संवाददाता | नवादा

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार एवं यूनिसेफ के सहयोग से एक्शन ऐड एसोसिएशन द्वारा संचालित "उड़ान 2.0' परियोजना के तहत प्रखंड कार्यालय के समीपस्थित शांतिपुरम सभागार में युवाओं के लिए शिक्षा सह कैरियर रोजगार मार्गदर्शन मेला का अयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन द्वारा महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण के ट्रेनर अमन कुमार, राजेश कुमार, बिंदु कुमारी, वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश कुमार, उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक इब्राना नाज़, प्रखण्ड समन्वयक नरेश पासवान, विभिन्न पंचायतों से आये हुए विकास मित्र तथा 60 से अधिक युवाओं को शिक्षा और रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में परामर्श दिया गया। ज़िला समन्वयक इब्राना नाज़ न स्किल डेवलपमेंट मिशन द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर सभी युवाओं को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया तथा इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद दी जाने वाली सेवाओं -मुफ्त स्टडी किट, टूल किट विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में भी बताय गया। ट्रेनर राजेश कुमार ने मैट्रिक, इंटर, ग्रेजुएशन के बाद विभिन्न टेक्निकल कोर्सेज, शॉर्ट टर्म कोर्सेज तथा रोजगार के नए–नए अवसरों के बारे में बताया। अमन कुमार ने महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा चलाये जा रहे शार्ट टर्म कोर्स - इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन (बेसिक), डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर तथा उन आर्म्ड सिक्योरिटी गार्ड कोर्स के बारे में बताया।

कार्यक्रम में एक्शन ऐड एसोसिएशन के ज़िला एवं प्रखण्ड समन्वयक तथा वरिष्ठ पत्रकार ने युवाओं को प्रोत्साहित किया। मौके पर विभिन्न प्रखंडो के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

वार्ड संख्या 6 में नाली-गली के निर्माण से लोगों में खुशी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

नगर पंचायत में विकास का कार्य प्रगति पर है।सभी वार्डों में नाली-गली का निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बीते दिनों से वार्ड संख्या 6 सुशीला देवी के नेतृत्व में माहुरी टोला की गलियों में फेवर ब्लॉक बिछवाया जा रहा है। साथ ही घरों के बगल में चारों ओर नाली का निर्माण करवाया जा रहा है। वे अपने वार्ड की स्वच्छता के लिए नालियों में इस प्रकार ढ़क्कन लगवा रहे हैं, ताकि नाली के पानी में पनपने वाले मच्छर नाली से बाहर न आ सके। माहुरी टोला निवासी राहुल अठघरा, महेश अठघरा,राहुल साव, रौशन साव, बिट्टू अठघरा, दिलीप साव के अलावे अन्य लोगों ने बताया कि सुशीला देवी को वार्ड पार्षद के रूप में चुनकर बहुत ही बेहतर काम किया गया है। वार्ड पार्षद के अलावे वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमित कुमार चन्द्रवंशी भी विकास के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। साथ ही वार्ड के समस्या को वे तुरंत पदाधिकारियों के समक्ष रखते हैं, जिससे लोगों के समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र संभव हो पाता है।

बाढ़ पीड़ितों की मदद में जुटे हुए है पत्रकार

» इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बेगूसराय के द्वारा स्वंय एवं जन सहयोग से सनहा गोरगामा बांध पर शरण लिए हुए बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।

निज संवाददाता | बलिया, बेगूसराय

इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बेगूसराय के पदाधिकारीयो ने बलिया के दियारा क्षेत्र में आई बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए बढ़ाया

हाथ। इसके तहत इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बेगूसराय के द्वारा स्वंय एवं जन सहयोग से सनहा गोरगामा बांध पर शरण लिए हुए बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस संबंध में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बलिया अनुमंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी ने बताया कि बाढ़ पीडितों की सहायता के लिए सहकारिता बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं उपाध्यक्ष कमल किशोर सिंह जी का विशेष योगदान रहा। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारीयो ने बाढ़ पीड़ितों के बीच चूड़ा गुड़ एवं बिस्किट का वितरित किया। इस मौके पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला महासचिव राकेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष फरोग उर रहमान, अनुमंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी, कृष्णनंदन सिंह, कृष्ण कुमार राय, श्याम नाथ झा, अनिकेत कुमार समेत कई पत्रकार मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

433 वाहनों से वसूला 90 हजार 500 रुपए का जुर्माना

आरा। भोजपुर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 433 वाहन मालिकों से 90 हजार 500 रुपया जुर्माना वसूला है। एसपी मिस्टर राज ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराव,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 433 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 90 हजार 500 रुपया जुर्माना वसूला है। वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारियों ने बताया की इस तरह की करवाई आगे भी हमेशा चलता रहेगा। इसके पहले भी कई बार वाहन चेकिंग चलाकर लाखों रुपया का जुर्माना वसूला गया है।

भूमि विवाद में चली गोली, कोई हताहत नहीं

कोईलवर। कोईलवर थाना के सकड्डी - जमालपुर सड़क पर मीनाचक गांव के समीप जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस दौरान गोली चलने की सूचना है। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ।पुलिस ने बताया की गांवों के सीमावर्ती क्षेत्र में जमीन का अतिक्रमण किए जाने के मामले को लेकर मीनाचक गांव निवासी लव कुमार के साथ हाथापाई व मारपीट की गई। इस दौरान कट्टे से फायरिंग किए जाने की घटना घटी। हालांकि लोगों ने उसका कट्टा छीन लिया। मारपीट के दौरान स्थानीय निवासी लव पांडेय जख्मी हो गया। इस मामले में पुलिस ने कट्टा जब्त कर लिया। कोईलवर पुलिस ने बताया की लव कुमार पांडेय के बयान पर नामजद मामला दर्ज कराया गया है।

दोपहर 12 बजे से बिजली आपूर्ति होगी ठप, पेड़ों की होगी छंटाई

आरा। आरा शहर के पुरानी पुलिस लाइन GIS, जापानी PSS और सरैंया PSS से विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद। आज 1 अक्टूबर दिन मंगलवार दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक जापानी फार्म PSS और पुरानी पुलिस लाइन GIS से और सुबह 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक सरैंया PSS से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता ने कहा कि त्योहार के समय सुरक्षा के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए पुरानी पुलिस लाइन व जापानी PSS में अधिस्ठापित उपकरणों, 33 व 11 केवी लाइन में सट रहे पेड़ के डाल को छांटने और सरैंया PSS के 33 KV भूमिगत केबल की मरम्मती के लिए, क्षेत्र के सभी जर्जर पोल-तार की मरम्मती की जाएगी। सहायक अभियंता ने कहा कि काम खत्म होने के साथ जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी ।

इन मोहल्लों की बिजली रहेगी बाधित: सिंडिकेट फीडर के पुरानी पुलिस लाइन, नाला मोड़, चौधरियाना, सिंडिकेट, तरी मोहल्ला, आम्रपाली मार्केट, आर्य समाज व एमपी बाग के आसपास के क्षेत्र। टाउन थाना फीडर के डीईओ ऑफिस, एसपी ऑफिस, नगर निगम, सिविल कोर्ट, एमपी बाग, बाबू बाजार, टाउन थाना, शाहिद भवन, महावीर टोला, पार्क-भय्यू आदी के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पकड़ी फीडर के डॉ. ईशा, मदन जी के हाता, मालती हॉस्पिटल, सदर एसडीओ आवास के आस पास के क्षेत्र। मौलाबाग फीडर के गायत्री मंदीर, एसबी. कॉलेज, कब्रिस्तान, व्यास केशव प्रेस, शांति नगर, न्याय नगर के आस पास के क्षेत्र। मझौवां फीडर के अफीमी कोठी, मझौवां, महिला थाना, कृष्णा नगर बांध के आसपास के क्षेत्र। आरा शहरी फीडर संख्या-3 के संकट मोचन नगर, चंदवा मोड़, मौलाबाग, न्यू पुलिस लाइन आदि आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आरा शहरी फीडर संख्या-4 के हरी जी के हाता, जज कोठी मोड़, केजी रोड, क्लब रोड, बीडीओ ब्लॉक और बजाज शो रूम के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आरा शहरी फीडर संख्या-5 के पकड़ी चौक, गैस एजेंसी, ट्रैफीक पुलिस, डॉ. ओपी राजेंद्र, मौलाबाग आदि आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आरा शहरी फीडर संख्या-6 महाराणा प्रताप नगर, कतीरा, तिलक नगर, गांधी नगर, जैन कॉलेज पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, महाराजा हाता, जैन कॉलेज स्टेशन आईबी आदि आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जगवलिया, पिरौटा, जयपाल पिपरा, यादोपुर, सभी डुमरा गाँव, बड़की सनदिया, छोटकी सनदिया, रतनपुर, चकिया, रामदेव छपरा, बभनौली, निर्मलपुर, सैदपुर, एवं सारंगपुर महुली, बलुआ, अम्मा, बखरिया, धोबहा, बसंतपुर, भदैया, कड़ारी, कड़रा, डेवढ़ी, शुकुलपुरा धुरौंधा, हेमतपुर, बाघीपाकड़ एवं अन्य प्रभावित गांव रहेंगे ।

दूसरे चरण में आए 130 आवेदन, 35 स्वीकृत

आरा। मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई है। द्वितीय चरण के लिए आरा सदर प्रखण्ड को छोड़कर कर बाकी 13 प्रखंडों से कुल130 आवेदन मिले थे। आवेदन एक अगस्त से 25 अगस्त तक लिया गया था। जिसमें कुल 35 आवेदन को स्वीकृत किया गया है। अब परिवहन विभाग के स्तर से स्वीकृत आवेदनों की सूक्ष्मतापूर्वक जांच की जा रही है। आवेदकों में जगदीशपुर, शाहपुर, तरारी, चरपोखरी, गड़हनी, कोईलवर, संदेश, अगिआंव, सहार, बड़हरा उदवंतनगर, बिहिया और पीरो के आवेदनकर्ता शामिल हैं। इनके आवेदनों का सत्यापन 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना का मकसद जिला और प्रखंडों को सुदूर गांव एवं पंचायतों को जोड़ने एवं आमजनों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत लाभुक 25 सीट से लेकर 50 सीट वाली ही बस खरीद सकते हैं। बस लाभुक को अपने पैसे से पहले खरीदना होगा। बस पूर्ण रूप से बन जाने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जांच कर सही पाए जाने पर सीएफ एमएस के माध्यम से लाभुक के खाते में अनुदान की रकम ट्रांसफर कर दिया जाएगा। आरा सदर प्रखण्ड को इस योजना में शामिल नहीं किया गया है। जगदीशपुर से 12 आवेदनकर्ता, तीन स्वीकृत चयनित लाभार्थियों की सूची में जगदीशपुर प्रखण्ड से कुल 12 आवेदन मिले थे। जिसमें तीन आवेदन को स्वीकृत किया गया। स्वीकृत लाभुकों में राजन कुमार, सोहन और विशाल है। 5 लाख रुपया मिलेगा अनुदान मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना के तहत चयनित वाहन खरीदने वाले लाभुकों को 5 लाख रुपया सरकार के तरफ से अनुदान देने का प्रावधान है। परिवहन पदाधिकारी के द्वारा जांच कर ही अनुदान की राशि लाभुक को दिया जाता है।

ट्रेन से गिरकर कटिहार के युवक की हुई मौत

आरा। दानापुर दीनदयाल रेल खंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास फोन संख्या 591 के नजदीक अप लाइन में ट्रेन से गिरकर एक कटिहार के युवक की मौत हो गई। मृतक 24 वर्षीय सुमन कुमार था। वह कटिहार जिले के आजमनगर थाना क्षेत्र के मंगतपुर गांव के निवासी राहुल शर्मा का पुत्र था। सुमन कुमार शुक्रवार को कटिहार से मुंबई जाने के लिए कैपिटल एक्सप्रेस पकड़ कर पटना पहुंचा था। वह शनिवार को दिन भर पटना में रुक शनिवार की रात 11 बजे पुणे पटना ट्रेन से मुंबई जा रहा था। इसी क्रम में आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास पोल संख्या 591 के नजदीक अपलाइन पर चलती ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना की सूचना यात्रियों ने जीआरपी को दिया।जीआरपी ने सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मृतक के पॉकेट में मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दिया। मृतक का भाई सनोज कुमार ने बताया कि सुमन कुमार तीन भाई में छोटा था और वह मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था।

घटना को अंजाम देने से पहले हथियार समेत बदमाश गिरफ्तार

भोजपुर में पहले भी मॉल में फायरिंग, 2 लोगों को गोली मारने की सूचना

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जीरोमाइल के पास पुलिस ने छापेमारी कर वारदात को अंजाम देने से पहले एक बदमाश को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अपराधी के पास से एक देसी पिस्टल व मोबाइल जब्त किया गया है। अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर अलग से प्राथमिकी की गई है। एसपी राज ने पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में इस मामले की जानकारी दी। रंगे हाथ पकड़े गए बदमाश की पहचान नवादा थाना क्षेत्र के सर्वोदयनगर मोहल्ला निवासी रौनक शर्मा के रूप में हुई है। जिसकी पहले से ही गोलीबारी के मामले में तलाश चल रही थी।

गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन: जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध हथियार से लैस होकर किसी घटना को अंजाम देने के नीयत से घूम रहा है। सूचना के आधार पर सदर एएसपी परिचय कुमार और थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। बाद में सशस्त्र बलो की मदद से उसे धर दबोचा गया।

मॉल में दो दिनों तक फायरिंग, दो लोगों को लगी थी गोली: एसपी ने बताया कि 18 जून 2024 को उदवंतनगर थाना के जीरोमाइल स्थित दुकान पर गोलीबारी की घटना घटित हुई थी। जिसमें नमस्ते मार्ट के मालिक सियाराम सिंह और पप्पू कुमार को गोली लगी थी। इसको लेकर घायल के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाशों को चिह्नित करते हुए पूर्व में जितेन्द्र कुमार, अविनाश उर्फ प्लास्टिक ,गजेन्द्र और ऋषि यादव को जेल भेजा था। उस समय दो पिस्टल और 13 गोली मिली थी। रौनक फरार चला आ रहा था। जिसे भी धर दबोचा गया। कांड में संलिप्त दो अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। मालूम हो कि उस समय दहशत फैलाने की नीयत से लगातार दो दिनों तक फायरिंग की गई थी।

बक्सर गंगा घाट से 36 गोवंश के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला के चौसा रानी घाट पर तस्करी के लिए लाए जा रहे गौ वंश को तस्करों के साथ पकड़ा गया है। गंगा नदी के रास्ते नाव से तस्कर बिहार के चौसा पहुंच रहे थे। जिसकी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। मामले को लेकर जानकारी मिली है कि एक पशु लदी नाव पुलिस को देखते ही यूपी सीमा की तरफ भागने में सफल रही। वहीं, पकड़े गए तस्करों के पास से 36 गोवंश को बरामद किया गया है। जिसमें गाय के साथ बड़े बछड़े और सांड भी है।

गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी: इस संबंध में जानकारी देते हुए मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रानी गंगा घाट से नाव पर लोड कर पशुओं को लाया जा रहा है। सूचना की पुष्टि को लेकर एक टीम गठित कर रानी घाट पर घेरा बंदी कर छापेमारी किया गया। उस दौरान देखा गया कि एक ही रस्सी में कई गौ वंशो को बांधकर मारते हुए लाया जा रहा है। जिसपर पुलिस ने लाने वाले को पकड़कर पूछताछ किया और गोवंश से संबधित कागजात मांगा किया गया तो वो कोई वैध कागज पशुओं से संबंधित नहीं दिखा पाए। जिसके बाद सभी पशुओं को थाना पर लाया गया। इसकी सूचना पशुपालन विभाग के इंस्पेक्टर को दी गई है। जिनके द्वारा आगे की करवाई किया जा रहा है। बता दें कि आसपास के लोगों से बक्सर के रानी घाट को लेकर जानकारी मिली है कि यह घाट यूपी सीमा से सटे होने के कारण नाव से गौ और शराब तस्करी के लिए सेफ जोन बना हुआ है।

सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, घर से काम पर निकले थे

रास्ते में अज्ञात वाहन ने मार दी ठोकर, इलाज के दौरान तोड़ा दम

निज संवाददाता। आरा

आरा-अरवल मार्ग पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव के समीप सड़क हादसे में एक बुजुर्ग राजमिस्त्री की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी स्व. चनीलाल पंडित के 60 वर्षीय पुत्र जनेश्वर पंडित है और पेशे से राजमिस्त्री थे। मृतक के भतीजे मुन्ना पंडित ने बताया कि रविवार करीब 7 बजे वे राजमिस्त्री का काम करने के लिए घर से निकले थे। इसी बीच घटना हुई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

रविवार देर शाम तक घर नहीं लौटे थे: मृतक के भतीजे ने कहा कि रविवार की देर शाम तक जब घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की थी, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल आए और पोस्टमॉर्टम गृह में जाकर शव को देख उनकी पहचान की। इसके बाद परिजन शव को दाह-संस्कार के लिए वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में छोटे थे। परिवार में पत्नी उर्मिला देवी, तीन बेटियां रानी देवी, रजवंती देवी, चंदा देवी और दो बेटे संजीत पंडित व कुश पंडित है।

4472 बोतल विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बिहार में सप्लाई के लिए फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना पुलिस ने पिकअप वैन पर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित कर अवैध शराब की तस्करी करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। पिकअप की तलाशी के दौरान करीब 4472 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। शराब तस्करी में पकड़ाए व्यक्ति की पहचान नवादा जिले के हिसुआ थाना का ओड़ो गांव निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है। इसको लेकर पुलिस ने उत्पाद अधिनियम एवं जालसाजी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

अवैध शराब के अंतरराज्यीय कनेक्शन का खुलासा: भोजपुर एसपी राज ने मामले को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि शराब तस्कर से पूछताछ में अवैध शराब के अंतरराज्यीय कनेक्शन का खुलासा हुआ है। पिकअप वैन के अलावा मोबाइल एवं बिहार व यूपी का दो अलग-अलग नंबर प्लेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोईलवर के रास्ते अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरा-पटना हाइवे पर कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान एक पिकअप वैन को रोकर कर सघन तलाशी ली गई। जिस दौरान 750 एमएल की 296 बोतल और 180 एमएल की 4176 बोतल शराब बरामद किया गया। जिसके बाद गाड़ी चालक कमलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में यूपी से अवैध शराब की खेप लाए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

पिकअप पर फर्जी नंबर लगाकर शराब तस्करी: एसपी ने बताया कि पिकअप पर यूपी का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित पाया गया है जो जांच में फर्जी पाया गया। इसके अलावा पिकअप गाड़ी के अंदर से एक और नंबर प्लेट बरामद हुआ। जिस पर बिहार का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित पाया गया। बिहार से बिहार में शराब की खेप लाए जाने के दौरान दोनों नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया जाता था। टीम में कोईलवर के प्रभारी थानाध्यक्ष सुबोध मंडल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। एसपी ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में यह बात आ रही कि धंधेबाज यूपी से अंग्रेजी शराब की खेप लेकर नवादा जिले की ओर जा रहे थे। पूछताछ कर मुख्य सप्लायर के बारे में पता लगाया जा रहा है। करीब 973.68 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है।

♦ अंतरराज्यीय शराब कनेक्शन का खुलासा

बक्सर में प्रीपेड मीटर को लेकर विपक्ष हमलावर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर विपक्ष के नेता लगातार हमलावर हैं। इसको लेकर बक्सर में चरण बध तरीके से विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी चल रही है। सोमवार की दोपहर कांग्रेस अपने जिला मुख्यालय कार्यालय पर तो बसपा के बिहार प्रदेश के प्रभारी अनिल चौधरी अपने बसपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस के सदर विधायक संजय तिवारी ने कहा कि 3 लाख उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगा कई समस्या से जूझ रहे है ।वही बसपा के नेता अनिल चौधरी ने कहा की यह प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि भ्रष्टाचार मीटर है।

1912 पर उपभोक्ता कर रहे शिकायत: कांग्रेस से बक्सर के सदर विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने कहा कि हम ये जानना चाहते हैं, एसी कौन सी विसंगतियां पुराने मीटर में हो गई। इसको बदलने की जरूरत पड़ गई। स्मार्ट मीटर लगाने वाले उपभोक्ता दिन रात कोई न कोई समस्याओं से जूझ रहे है। मीटर तेज चलना,मीटर से पैसा अधिक कटना,बैलेंस गायब होने की शिकायते,आदि है। उन्होंने कहा की ऊर्जा विभाग का जो 1912 टॉल फ्रि नबर है जिसपर अपनी समस्या को लेकर शिकायत कर सकते है। उस पर लगातार उपभोक्ता अपनी शिकायते दर्ज करा रहे है।विधायक ने कहा की लगभग 35 हजार शिकायते प्रति दिन 1912 पर ऊर्जा विभाग को की जा रही है लेकिन उपभोक्ताओं की समस्या का निदान ऊर्जा विभाग नही कर पा रही है।ऊर्जा विभाग के गजट में ये कही नही है की स्मार्ट मीटर गरीबों के दरवाजे पर लगा दे।

4 अक्टूबर को बसपा करेगी बड़ा आंदोलन: वही इस संबंध में बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल चौधरी ने अपने बसपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा की स्मार्ट मीटर निश्चित रूप से यह सरकार का भ्रष्टाचार मीटर है। बहुजन समाज पार्टी इसके खिलाफ है और 4 तारीख को बक्सर समहरणालय पास एक बड़े आंदोलन करने की तैयारी में है। बसपा नेता द्वारा कहा गया की इसका कार्य निजी कंपनियों को देकर के सरकार के लोग अपने करोड़ो रुपए का भ्रष्टाचार करने लगे है।

♦ कांग्रेस विधायक ने कहा- प्रीपेड मीटर की शिकायत दूर नहीं कर पाता है उर्जा विभाग

अवैध हथियार के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर पुलिस ने एक शराब तस्कर को दो अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। छापेमारी के दौरान साढे चार लीटर शराब भी बरामद हुई है पुलिस को सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेपट्टी स्थित पांडे जी के घर में अवैध शराब की खरीद बिक्री की जा रही है। जिसके बाद बक्सर डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

घर की घेराबंदी कर छापेमारी: मामले को लेकर बक्सर एसपी शुभम आर्या ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की मुफ्फसिल थाना अंर्तगत ग्राम पाण्डेयपट्टी में पंडितजी के मकान में कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब और हथियार की खरीद-बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम द्वारा घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में घर की घेराबंदी कर विधिवत तलाशी ली गई। जिस दौरान मकान से एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, एक मैगजिन, 08 जिंदा कारतूस और 4.68 लीटर विदेशी शराब के साथ एक अभियुक्त राहुल कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र का पांडेयपुर गांव का निवासी है। जिसने पूछताछ के दौरान हथियार को लेकर बताया कि देशी पिस्टल और मैग्जीन मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ईस्माइलपुर निवासी फिरोज अंसारी उर्फ मोदी द्वारा दिया गया है। देशी कट्टा पाण्डेयपट्टी निवासी राहुल चौधरी ने दिया गया है। बक्सर एसपी ने बताया कि इस संबंध में बक्सर मुफस्सिल थाना एफआईआर दर्ज कर अग्रत्तर कारवाई की जा रही है। अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। फिरोज अंसारी का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। वहीं, आगे बताया कि अभियुक्त हथियार का इस्तेमाल शराब तस्करी और ट्रेन यात्रियों से छिनतई करने के लिए इस्तेमाल करते थे।

♦ बक्सर में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई, ट्रेन में छिनतई के लिए हथियारों का इस्तेमाल

जदयू किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष की ट्रेन से कटकर मौत, सुबह टहलने के दौरान हादसा, पूर्व मुखिया पति हैं मृतक

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के पवनी कमरपुर हाल्ट के पास मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से जदयू जिला किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष सह पवनी पंचायत के पूर्व मुखिया गिरिजा देवी के पति राम भजन सिंह कुशवाहा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने शव को ट्रैक के पास से उठाकर पवनी खेल मैदान में रखा। घटना की सूचना मुफस्सिल थाना को दी गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

टहलने जाने के दौरान हुआ हादसा: घटना को लेकर गांव के बीडीसी सदस्य गांधी यादव ने बताया कि राम भजन सिंह कुशवाहा रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह टहलने गए थे। इसी दौरान वनी कमरपुर हाल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर उनकी मौत हो गई। घटना के कुछ देर बाद खेत घूमने जा रहे गांव के लोग ने शव को ट्रैक के पास देखा। उनका सिर ट्रैक पर और शरीर झाड़ी में था। जिसकी जानकारी मिलते ही वहां काफी संख्या में भीड़ जुट गयी। मृतक को लेकर आगे बताया कि वो 62 वर्षीय राम भजन सिंह कुशवाहा 10 साल पवनी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पंचायत में जल जीवन हरियाणी पर बेहतर काम किया। इसके लिए उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया गया था। इसके अलावा वो जदयू के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी थे। घटना को लेकर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि सूचना मिलने पर गस्ती टीम को भेजा गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

राजकुमार बने मशानी काली समिति के मेढ़पति

भागलपुर। काली पूजा की तैयारी को लेकर सोमवार को उर्दू बाजार मशानी काली मंदिर में आमसभा की गई। इसमें पूजा समिति द्वारा पिछले वर्ष के आय-व्यय की समीक्षा की गई। इसमें अध्यक्ष मतवाला यादव, मेढ़पति राजकुमार यादव, सचिव गिरीशचंद्र भगत, कोषाध्यक्ष पंकज मंडल, उपाध्यक्ष अमर यादव, सह कोषाध्यक्ष अरविंद रजक एवं मनीष कुमार यादव, सह सचिव अमर ठाकुर एवं रविकांत सिंह चुने गए।

"नामांकन में गड़बड़ी की शिकायतें हैं निराधार'

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों एवं महाविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर केंद्रों में सोमवार को पीजी, शैक्षणिक सत्र 2024-26 में ऑन स्पॉट नामांकन की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसमें नामांकन से अब तक वंचित छात्र-छात्राओं ने विधिवत नामांकन कराए। इधर स्नातकोत्तर सत्र 2024-2026 में द्वितीय ऑन स्पॉट नामांकन में गड़बड़ियों की मौखिक शिकायतें कतिपय छात्र संगठनों ने डीएसडब्ल्यू प्रो. बीसी पांडेय से की। इस संबंध में कुलपति के निदेशानुसार नामांकन प्रभारी सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पांडेय ने स्पष्ट किया कि ऐसी शिकायतें निराधार हैं। नोडल अधिकारी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण के कार्यालय के अनुसार इस नामांकन अवधि की समयवार सूची उपलब्ध है। कई विषयों में निर्धारित सीटों पर नामांकन पूर्ण होने की वजह से भी ऐसी शिकायतें दृष्टिगत हुई हैं।

अंगराज कर्ण के चरित्र को जीवंत करें जयपुर के कलाकार

भागलपुर। भागलपुर कला संस्कृति युवा विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को टाउन हॉल में रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखी गई कविता रश्मिरथी का मंचन होगा। जयपुर के रंग मस्ताने संस्था के कलाकार इस नाटक का मंचन करेंगे। ये सभी कलाकार मंगलवार को सुबह बांका इंटरसिटी ट्रेन से भागलपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर कला संस्कृति युवा विभाग की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। मंगलवार को शाम छह बजे नाटक का मंचन शुरू होगा। बता दें कि इनलक्स थियेटर एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित, सांस्कृतिक मंत्रालय की स्कॉलरशिप एवं फैलोशिप अवॉर्ड से समानित एवं यूरोप रेजिडेंसी में थिएटर कर चुके अभिषेक मुद्गल के निर्देशन में इस नाटक का मंचन होगा। अभिषेक राजस्थान की राजधानी जयपुर में रंगमंच में पिछले 15 वर्ष से सक्रिय हैं। रंग मस्ताने संस्था से जुड़े कलाकार अब तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, नागालैंड, बंगाल एवं उत्तर प्रदेश सहित भारत के कई राज्यों अपनी कला को प्रस्तुत कर चुके हैं। संस्था के कलाकार पहली बार आठ नवंबर 2020 को अभिषेक के निर्देशन में रश्मिरथी का प्रथम मंचन किया था। कलाकार अभिषेक ने बताया कि नाटक रश्मिरथी में कर्ण के चरित्र के सभी पक्षों का सजीव चित्रण किया गया है।

जर्जर तारों पर जताई आपत्ति, रजिस्टर और कागजातों को व्यवस्थित रखने का निर्देश

मुंगेर। सरकारी अस्पतालों को बेहतर बनाने व उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं में गुणात्मक सुधार के उद्देश्य से सरकार द्वारा कई कार्यक्रम संचालित हो रही है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत जिले के सदर अस्पताल में लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता प्रदान करते हुए वहां की व्यवस्था को एनक्यूएएस प्रमाणीकरण दिलवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन भी एनक्यूएएस असेसमेंट की तैयारियों को लेकर सभी वार्ड इंचार्ज, नोडल चिकित्सा पदाधिकारी, डाटा इंट्री ऑपरेटर, सफाईकर्मी व सुरक्षाकर्मियों को एनक्यूएएस की जानकारी देते हुए दो दिन पूर्व बैठक कर कई निर्देश दिए हैं। प्रबंधन द्वारा कई कमियों को देखते हुए इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया है। बावजूद अस्पताल प्रशासन के पास एनक्यूएम की सफलता के मार्ग में कई चुनौतियां भी हैं, जिन्हें पूरा करना बेहद जरूरी है। एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए सर्जिकल वार्ड, प्रसूति वार्ड, आईसीयू, एसएनसीयू, ओपीडी, एआरटी सेंटर, पेडिएट्रिक ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, जेनरिक स्टोर, इमरजेंसी सहित सभी विभागों को अपडेट रखते हुए छोटी-से-छोटी कमियों को देखते ही उसका निराकरण करने का निर्देश है। सोमवार को अस्पताल के विभिन्न विभाग को एनक्यूएएस प्रमाणीकरण को लेकर 2 सदस्यीय सर्पोर्टिव सुपरविजन टीम जिसमें शहनवाज हुसैन तथा डॉ. शिव शेखर आनंद मुंगेर पहुंचे। सदर अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ओटी, प्रसूता वार्ड, महिला वार्ड आदि का निरीक्षण करते हुए कई कमियों को सुधारने के निर्देश दिए। टीम ने प्रसूति गृह के मुख्य द्वार पर जर्जर विद्युत आपूर्ति व तारों की जर्जरता पर आपत्ति जताते हुए उसे दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। टीम द्वारा अस्पताल के विभिन्न रजिस्टर व कागजातों का भी असेसमेंट किया गया। प्रबंधक ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणीकरण को लेकर दो सदस्यीय सर्पोर्टिव सुपरविजन टीम सदर अस्पताल के विभिन्न विभागों का मंगलवार को भी निरीक्षण करेगी।

भागलपुर में बम ब्लास्ट में 7 बच्चे घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में मंगलवार दोपहर 12 बजे के आसपास एक मैदान में ब्लास्ट हुआ है। यहां खेल रहे 7 बच्चे इस ब्लास्ट की चपेट में आए हैं। इनमें से 3 बच्चे ज्यादा झुलसे हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए बच्चों को मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में मोहम्मद इरसाद के दो बेटे मन्नू और गोलू की स्थिति नाजुक है। बाकी बच्चे की अभी पहचान नहीं हो पाई है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 1 किमी दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। सिटी एसपी के. रामदास के मुताबिक, मौके पर फॉरेंसिक टीम मौजूद है। ब्लास्ट हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंही मैदान में हुआ है। मन्नू की मां रुक्साद ने कहा कि 'बम कैसे फटा, नहीं पता। आवाज सुनकर हम निकले तो देखा बच्चा खून से लथपथ था। बहुत तेज धमाका हुआ था। मैं अपने दो बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंची। वहां बच्चा खेलने गया था।' एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि 'बच्चों के खेलते समय विस्फोट हुआ है। 7 बच्चे खेल रहे थे। इसमें 4 बच्चे घायल हैं। किसी बच्चे ने घर से कोई सामान लेकर आया था, जिससे सभी खेल रहे थे। जिससे धमाका हुआ है। अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया है। FSL की टीम जांच कर रही है। कुछ मटेरियल को जांच करने के लिए लैब में ले जाया गया है। किस तरह का विस्फोटक था। किस प्रकार का बम था, कितना शक्तिशाली था, वो FSL की टीम जांच कर बताएगी। बम कहां से आया, किसने बनवाया, ये सारी जानकारी जुटाई जा रही है।'

♦ चश्मदीद बोला- मैदान में खेलने गए थे, किसी ने बम फेंका, 1KM तक सुनाई दी आवाज

2023 में बगीचे में झाड़ियों में हुआ था ब्लास्टः 15 जून 2023 को भागलपुर में बम विस्फोट हुआ था। धमाके में 2 बच्चे जख्मी हुए थे। ये घटना नाथनगर इलाके के मनोहरपुर में हुई थी। मनोहरपुर गांव के बगीचे में एक चबूतरे के पास झाड़ियों के बगल में बम रखा था। इसी दौरान आम चुनने गए दो बच्चे इसकी चपेट में आ गए। इस ब्लास्ट में धर्मेंद्र चौरसिया के बेटे बालवीर (6) और किसू कुमारी (8) घायल हो गए थे। धमाके की आवाज करीब आधे किलोमीटर तक सुनाई दी।

3 साल पहले 14 लोगों की धमाके में हुई थी मौतः 4 मार्च 2022 को भागलपुर में बम बनाते समय हुए विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई थी। रात करीब 11.30 बजे जबरदस्त धमाका हुआ। इससे करीब 5 किमी तक का इलाका दहल उठा। वहीं, बम फटने से चार घर ढह गए। दोपहर 3 बजे तक 14 शव निकाले गए हैं। इसके अलावा विस्फोट में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस को मलबे से 5 किलो बारूद और काफी संख्या में लोहे की कीलें मिली थी। इस धमाके से कुछ ही दिनों पहले IB ने भी भागलपुर पुलिस को अलर्ट किया था। विस्फोट से करीब 5 किमी के दायरे में बसे दस हजार परिवारों ने पूरी रात दहशत में गुजारी। रात भर अफरातफरी का माहौल रहा।

कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।)

आम सूचना

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू में गृह रक्षकों के नवनामांकन के लिए प्रकाशित विज्ञापन सं0–01/2010 को गृह रक्षक नवनामांकन संबधी नियमावली बनने तक स्थगित रखा गया था। वर्ष–2014 में गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 बनाई गई है। उक्त नियमावली के आलोक में वर्ष–2023 में पलामू जिला में गृह रक्षक नवनामांकन हेतु विज्ञापन सं0–01/2023 प्रकाशित कर अंतिम रूप से नवनामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। वर्णित स्थिति मे वर्ष–2010 में गृह रक्षक नवनामांकन हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0–01/2010 को काफी लम्बा समय बीत जाने/अन्य तकनीकि कारणों से स्थगित रखे रहने का कोई औचित्य नहीं है। अतः गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0–01/2010 को रद्द किया जाता है। जिसका पी0आर0नं0–34539 है।

ह0/–
उपायुक्त,पलामू

PR 337717 (Palamu)24-25*D

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर।

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

Corrigendum

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.334358 (District) 24-25*D में निविदा सं0 UDD/NPB/23/2024-25 में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है–

RFP Page no. 65 Table 3

Year	Total Waste Generation TPD	Total Corrected Waste Generation read as follow
2024	12.5	23.61
2025	13.0	24.63
2026	13.5	25.65
2027	14.0	26.67
2028	14.5	27.68
2029	15.0	28.70
2030	15.5	29.72
2031	16.0	30.74
2032	16.5	31.76
2033	17	32.78
2034	17.50	34.36
2035	18.0	35.93
2036	18.5	37.51
2037	19.0	39.09
2038	19.5	40.67
2039	20.0	42.24
2040	20.5	43.82
2041	21.0	45.40
2042	22.0	46.98
2043	22.5	48.55
2044	23.0	-

5	Last Date/Time Of Online Submission Of Bids	03.10.2024 at 04:00 PM
6	Date Of Bid Opening	04.10.2024 at. 04:00 PM

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक,
नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR 337858 District(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–15/2024–25

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 08/10/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 09/10/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 09/10/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरणः–

क्र0सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	प्रखण्ड लोक स्वास्थ्य इकाई (BPHU) धुरकी का भवन निर्माण कार्य।	₹ 49,99,700/-	₹ 1,00,000/-	₹ 5,000/	6 माह
2	प्रखण्ड लोक स्वास्थ्य इकाई (BPHU) भवनाथपुर का भवन निर्माण कार्य।	₹ 49,99,700/-	₹ 1,00,000/-	₹ 5,000/	6 माह

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 337727 Building(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/19/2024-25, दिनांक–30.09.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्रशासनिक स्वी0 की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	लम्बाई (मी0 में)
1	गढ़वा जिला अंतर्गत खरौंधी प्रखण्ड के पंचायत अरंगी ग्राम–तोरेलावा में डोमनी घाटी पर स्कूल के पास डोमनी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण।	42644800.00	8,53,000.00	10000.00	18 माह	58.08

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –02.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–02.10.2024 से दिनांक–09.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–14.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा।

PR.NO.337731 Rural Development(24-25):D

स्वच्छता ही सेवा के तहत किया स्कूल में पौधरोपण

निज संवाददाता। टेटिया बंबर

प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को राजस्व कर्मचारी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन सीओ सिमरन आजाद द्वारा किया गया। जिसमें कर्मियों ने पहले 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी। सीओ ने बताया कि उज्जवल कुमार सिन्हा का पदस्थापना टेटिया बंबर था। लेकिन शुगर का मरीज होने पर उन्हें सदर प्रखंड में प्रतिनियुक्ति किया गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी दोनों किडनी खराब हो चुकी थी। लेकिन वे मधुर स्वभाव के लिए जाने जाते थे और रैयतों का काम सही ढंग से करते थे। वे चाहते थे कोई भी रैयत को किसी तरह की परेशानी अगर हो तो मुझे सीधा संपर्क करें। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा राय, राजस्व अधिकारी विकास कुमार, नजीर पवन कुमार सिंह समेत प्रखंड तथा अंचल कर्मी उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, अम्बा

बिहार सरकार

E-mail Id:- eenorthkoelamba@gmail.com

शुद्धि–पत्र (Corrigendum Letter)

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25 जिसका PRNO-008036 (WRD) 2024-25 है को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है :–

क्र0 स0	विवरणी	पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय	संशोधित तिथि एवं समय
1	निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की	दिनांक–30.09.2024 से दिनांक–07.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक–23.10.2024 से दिनांक–28.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
2	प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	दिनांक–03.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, अम्बा।	दिनांक–24.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न में नहर प्रमण्डल, अम्बा।
3	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक–07.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक–29.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वतः रहेगी।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल
अम्बा

PR- 009554 (WRD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–16/2024–25

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 14/10/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 15/10/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 15/10/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरणः–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Renovation of Guard Room & Boundary wall in District P.D.J. Residence at Garhwa.	₹ 12,36,800/-	₹ 25,000/-	₹ 2500/	15 दिन
2	Renovation work of B- Type Building at Judicial Colony at Garhwa.	₹ 23,13,300/-	₹ 46,300/-	₹ 5,000/	15 दिन
3	Renovation work of C- Type Building at Judicial Colony at Garhwa.	₹ 23,92,900/-	₹ 47,900/-	₹ 5,000/	15 दिन
4	Renovation work of D- Type Qut (04 Units) at Judicial Colony at Garhwa.	₹ 9,99,600/-	₹ 20,000/-	₹ 1250/	15 दिन
5	Renovation of S.D.O. Residence, Guard Room, Servant Block & Boundary Wall in Ranka Sub-Division, District Garhwa for the year 2023-24.	₹ 23,75,500/-	₹ 47,600/-	₹ 5000/	15 दिन

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 337723 (Building)24-25*D

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

साहिबगंज, एजेंसी। साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता सदर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार ने की. एसडीओ ने लोगों से दुर्गा पूजा सौहार्द के साथ मनाने की अपील की. शांति समिति के सदस्यों ने दुर्गा पूजा के आयोजन में आपसी सहयोग करने की बात कही. एसडीओ ने कहा कि पूजा के दौरान जिला प्रशासन अलर्ट मोड में रहेगा. सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों या शांति भंग करने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निबटेगी. डीजे बजाने पर प्रतिबंधित रहेगा. चौक-चौराहों व संवेदनशील इलाकों में पुलिस बलों की तैनाती रहेगी.

सेल रांची यूनिट्स के 10 कर्मी केदारताल के लिए रवाना

रांची, एजेंसी। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची यूनिट्स के 10 कर्मचारी रविवार को केदारताल पर्वतारोहण के लिए रवाना हुए. इस पर्वतारोहण अभियान की ऊंचाई लगभग 4,754 मीटर (15,598 फीट) है जो शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण है. केदारताल ट्रैक अपनी चुनौतीपूर्ण पथरीली चढ़ाइयों और जंगली इलाके के लिए जाना जाता है. मौके पर सेल रांची यूनिट्स के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसजे जाचक ने ध्वजांकन किया और पर्वतारोहियों को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि यह यात्रा साहस, प्रतिबद्धता और टीमवर्क का प्रतीक है और सेल के कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगी.

सुंदरनगर थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

जमशेदपुर, एजेंसी। सुंदरनगर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक जादूगोड़ा सुरेश प्रसाद ने की. जहां मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिंन्हा, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा समेत शांति व पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे. वरीय पदाधिकारियों ने सभी पूजा समितियों से पूजा के नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया. सभी पंडालों में अग्निशमन की व्यवस्था, वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति, रात 10 बजे के बाद माइक नहीं बजाने, दिन में केवल भक्ति गाने ही बजाने का दिशा निर्देश दिया गया. अधिकारियों ने कहा बाइकर्स गैंग पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी. पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए भी कहा गया. साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान सभी पंडालों में और विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाने के लिए कहा गया.

टाटा कंपनी को देनी होगी डूंगरी के ग्रामीणों को बिजली-पानी व सुविधाएं-विधायक

धनबाद, एजेंसी। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने डूंगरी मौजा के ग्राम थान, आदर्श उच्च विद्यालय, डुमरी जामाडोबा में रविवार को ग्रामीणों की पानी बिजली व अन्य समस्याओं के लेकर बैठक की. इस दौरान डूंगरी के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से विधायक को अगत कराया. कहा-टाटा कंपनी ने खनन कार्य कर ग्रामीणों की जमीन बर्बाद कर दी है. ग्रामीण खेती नहीं कर पा रहे हैं. कंपनी फसल क्षतिपूर्ति के नाम पर खानापूर्ति करती है. विधायक इस पर पहल करे. विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा कि टाटा कंपनी को डूंगरी मौजा के रैयतों व ग्रामीणों को बिजली पानी अन्य मूलभूत सुविधाएं देनी होंगी. उन्होंने कहा कि टाटा प्रबंधन से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान कराया जायेगा. मौके पर भीम महतो, कुंदन महतो, जोहार महतो, दिनेश सिंह, अमित महतो, फेकन तुरी, अजय तुरी, दिलीप महतो, धनेश्वर महतो, उत्तम महतो, विशाल महतो, छोटेलाल महतो, संतोष महतो, कविता देवी, छवि देवी, आशा देवी, चंपा देवी, करुणा देवी, गीता देवी, रीता देवी, खुशबू देवी आदि थे. झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने रविवार को जामाडोबा कालीमेला स्थित बाबा सुदेश्वरनाथ शिव मंदिर में मत्था टेका. उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुईं.

झारखंड का समुचित विकास होने तक चैन से नहीं बैठेंगे: केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान

धनबाद, एजेंसी। लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान रविवार को जनाक्रोश रैली में शामिल होने धनबाद पहुंचे. कोयला नगर नेहरू स्पोर्टस कांपलेक्स में आयोजित रैली में चिराग ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड का भविष्य तय करेगा. इसलिए इस बार ऐसी कोई गलती नहीं करनी है, जिससे आने वाले पांच साल तक पछताना पड़े. उन्होंने कहा कि यह संकल्प कर आया हूं कि जब तक झारखंड का समुचित विकास नहीं होगा, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे. हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल से झारखंड में विकास रुक गया है. भ्रष्टाचार चरम पर है.

सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड की जनता को शर्मसार किया है. मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए. इस बार एक-एक वोट सोच समझ कर देना है. इस चुनाव में ऐसी पार्टी के ऐसे विधायक को चुनना है जो विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व युवाओं की चिंता करे. जात-पात, धर्म से ऊपर उठकर बेहतर झारखंड बनाना है. इसमें सभी का साथ चाहिए. आज बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए लोगों को दूसरे राज्य जाना

पड़ता है. अब झारखंड को ऐसा राज्य बनाना है जहां से किसी को बाहर न जाना पड़े.

आरक्षण और संविधान को कोई खतरा नहीं

विपक्ष पर निशाना साधते हुए चिराग पासवान ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कई तरह के झूठ फैलाये गए. कांग्रेस ने कहा कि अगर एनडीए सत्ता में आता है तो आरक्षण और संविधान समाप्त हो जाएगा. जब तक चिराग जिंदा है, तब तक आरक्षण और संविधान को कोई खतरा नहीं है. उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में उन्हें कई तरह से तोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वह टिके रहे और बिहार में पांच में से पांच सीटों पर जीत दर्ज की. कहा कि उनका जन्म अविभाजित बिहार में हुआ था इसलिए झारखंड भी उनकी जन्मभूमि है. अब झारखंड का विकास करने आया हूं. अपने पिता स्व. रामविलास पासवान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने जनसेवा में अपनी जान कुर्बान कर दी. कोरोना के समय दूसरे प्रदेशों से पैदल आने वालों की सेवा को प्राथमिकता दी. इस कारण उनका निधन हो गया. अपने पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं. लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रधान ने कहा कि यदि विधानसभा चुनाव में एनडीए में लोजपा को सम्मानजनक सीटें मिलती हैं, तब तो गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेंगे. अन्यथा लोजपा प्रदेश की 81 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है.

रैली की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप पासवान ने की जबकि मंच संचालन बेलाल खान ने किया. मौके पर झारखंड प्रभारी सह जमुई सांसद अरुण भारती, सह प्रभारी खगड़िया सांसद राजेश वर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी, प्रमोद सिंह, आशा पासवान, ममता रंजन, मुंद्रिका पासवान, ज्ञानचंद गौतम आदि मौजूद थे.

बोकारो में भी हुआ जोरदार स्वागत

इससे पहले रांची से बोकारो पहुंचने पर नयामोड़ में चिराग पासवान का लोजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया. गाजा बाजा के साथ जेसीबी से फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया गया. मौके पर जिला प्रभारी रामकुमार वर्मा, संजय श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, महानगर अध्यक्ष सुमन कुमार पासवान, निखिल प्रशांत, प्रेमचंद कुमार, सत्येंद्र यादव, प्रेम कुमार राय आदि उपस्थित थे.

फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट में डीएमएफटी क्षेत्रों के 20 छात्रों के लिए कंप्रिहेंसिव कोर्स शुरू

देवघर, एजेंसी। फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट में डीसी विशाल सागर ने शुक्रवार से शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कंप्रिहेंसिव कोर्स का शुभारंभ किया. इस अवसर पर डीसी ने फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट के बच्चों से मुलाकात की और उन्हें मिल रही सुविधाएं से अवगत हुए. बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी. डीसी ने कहा कि यह पहल केवल प्रशिक्षण नहीं है, यह भविष्य निर्माण एक कड़ी है. जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि युवाओं को प्रशिक्षित और शिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जाये. प्रशिक्षण के साथ ही सफल ग्रेजुएट्स को प्लेसमेंट के लिए तैयार किया जायेगा. उन्हें शिक्षा से रोजगार की ओर सुगम रूपांतरण में मदद मिलेगी. यह समग्र दृष्टिकोण न केवल व्यक्तिगत आजीविका को बढ़ाने का लक्ष्य रखता है, बल्कि कुशल पेशेवरों को तैयार करके स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने का कार्य करेगा. इस क्रम में डीसी ने फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट में होटल मैनेजमेंट से संबंधित चार पाठ्यक्रमों में फूड प्रोडक्शन, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी, फूड एंड बेवरेजेज तथा हाउसकीपिंग कोर्स को लेकर सत्र में की गयी विभिन्न गतिविधियों व कार्यों की जानकारी ली. चयनित छात्रों को निःशुल्क शिक्षा, आवासन व भोजन दिया जायेगा

कोर्स में डीएमएफटी क्षेत्र के 20 चयनित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, आवासन व भोजन की सुविधा दी जायेगी.

तुपकाडीह में 200 झारखंडी कलाकार-साहित्यकार हुए सम्मानित

बोकारो, एजेंसी। बोकारो जिले के तुपकाडीह स्थित श्रमिक हाई स्कूल मैदान में रविवार को झारखंडी कलाकार-साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का आयोज न अंबेडकर क्लब, पैंथर क्लब व जय हिंद कला मंच ने संयुक्त रूप से किया था. उदघाटन तीर्थनाथ आकाश व अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया. खोरठा के प्रखर विद्वान व धरा-गगन सिद्धांत के प्रणेता दिवंगत डॉ एके झा समेत अन्य दिवंगत कलाकारों व साहित्यकारों की तस्वीर पर माल्यार्पणकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. राज्य के लगभग 200 कलाकारों व साहित्यकारों को शॉल, प्रशस्ति पत्र व पौधे देकर सम्मानित किया गया. तीर्थनाथ आकाश ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण में खोरठा कलाकारों का भी अहम योगदान रहा है. गीतकार विनय तिवारी ने कहा कि खोरठा के सभी कलाकारों, साहित्यकारों को एक मंच पर आकर खोरठा के विकास के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है.कार्यक्रम का संचालन श्याम केवट 'चित्रकार' ने किया. सम्मानित होने वाले कलाकारों-साहित्यकारों में मनोज देहाती, गौतम कुमार महतो, कैलाश देहाती, अमन राठौर, कैलाश जैक्शन, सतीश दास, रॉबिन दास, राकेश दास, पायल राजवंशी, आनंद केरवार, धनुषधारी गोस्वामी, रमेश दास, आशा कुमारी, गुंजा कुमारी, दीपक दीवाना उर्फ ढुलकु, विनोद महतो रसलीन, प्रेमचंद कालिंदी, हबीब नाज, अशोक महतो, शिवानी जैक्सन, राजेश दीवाना, रवीना महतो, वर्षा ऋतु, हनी चंद्रवंशी, पिंकी सिंह, सीमा महतो, चांदनी महतो, मिथुन झारखंडी, मुकेश साव, उमेंद्र कुमार,निमाय महतो, मुकेश साव, विश्वनाथ गोस्वामी, विनय तिवारी, महेंद्रनाथ गोस्वामी 'सुधाकर', गिरिधारी गोस्वामी आकाशखूंटी, डॉ नागेश्वर महतो, दीपक सवाल, डॉ मुकुंद रविदास आदि शामिल हैं.

दुर्गा पूजा से पहले रांची में माहौल बिगाड़ने का प्रयास धार्मिक स्थलों के पास प्रतिबंधित मांस से हुआ बवाल

रांची, एजेंसी। राजधानी के विभिन्न इलाके में एक धार्मिक स्थलों के पास सहित तीन क्षेत्र में रविवार को प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा मिलने की सूचना पर लोग आक्रोशित हो गये. घटना से आक्रोशित लोगों ने घंटों जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया. घटना की सूचना मिलने पर लोअर बाजार सहित अन्य थाना की पुलिस के अलावा ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, जिला प्रशासन के अधिकारी, सिटी डीएसपी और कोतवाली डीएसपी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे.

इस दौरान पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया. लेकिन आक्रोशित लोग आरोपी को चिह्नित कर गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे. जब पुलिस के द्वारा 48 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तार का आश्वासन दिया गया, तब जाकर लोग शांत हुए और आवागमन सामान्य हुआ. इसी बीच पुलिस ने नगर निगम की टीम को बुलाकर मांस के टुकड़ों को थड़पखना, चडरी सरना स्थल के समीप और मेन स्थित के धार्मिक स्थल के पास से हटवाया.

मिली जानकारी के अनुसार एचबी रोड थड़पखना स्थित एक धार्मिक स्थल के पास दिन के सवा ग्यारह बजे एक बोरे में प्रतिबंधित मांस फेंके जाने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये. इस बात की जानकारी धीरे- धीरे अन्य लोगों को मिली, जिसके बाद

थड़पखना के पास बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे. घटना से आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आये और नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया. सड़क पर बांस- बल्ली लगाकर लालपुर-अल्बर्ट एक्का चौक मार्ग को जाम कर आवागमन बाधित कर दिया.

इस दौरान घटना स्थल के दोनों ओर बड़ी संख्या में दो पहिया, चार पहिया और स्कूल बसें जाम में फंसी रही. घटना की सूचना मिलने पर रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय, श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव, भैरव सिंह सहित अन्य लोग पहुंचे. आक्रोशितों से घटना की जानकारी लेने के बाद नेताओं ने भी इसका विरोध किया. जिसके बाद गुस्साये लोग सड़क पर बैठकर प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगे. इसी बीच बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और आक्रोशितों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया. जिसके बाद नेताओं के हस्तक्षेप और पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी के आश्वासन पर दिन के दो बजे के बाद मामला शांत हुआ और आवागमन सामान्य हुआ.

घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि थड़पखना के पास सड़क पर प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा गिरने की सूचना मिलने के बाद इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा गया. फुटेज में दिखा कि 11.02 बजे ट्रैक्टर से एक बोरे गिरा. जिसमें प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा था.

कांग्रेस के चुनावी अभियान का आगाज गांधी जयंती के दिन से, हर गांव-टोला में संवाद यात्रा निकाली जायेगी

रांची, एजेंसी। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस गांधी जयंती के दिन यानी दो अक्टूबर से अपने औपचारिक चुनावी अभियान की शुरुआत करेगी. इसके लिए राज्य के नेताओं की चार टीम बनाई गई हैं, जो पहले चरण में उन क्षेत्रों में अभियान चलाएगी जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे. इसके बाद सीट बंटवारे के बाद दूसरे चरण में गठबंधन उम्मीदवारों के लिए अभियान चलाया जाएगा. वहीं, विधानसभा स्तर पर हर गांव-टोला में संवाद यात्रा निकालेगी. 15 अक्टूबर से जिला स्तर के नेता पंचायत में अभियान चलाएंगे. इसके माध्यम से सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा.

झारखंड में बांग्लादेशी को खोजनेवाले भाजपा के नेता 18 वर्षों तक राज करने के दौरान सो रहे थे : प्रदेश कांग्रेस कैंपेनिंग कमेटी के

चेयरमैन सुबोधकांत सहाय ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान ये जानकारी दी. उन्होंने कहा कि चुनाव में जाने के लिए हमारे पास सरकार के किए हुए कार्य पूंजी के रूप में हैं. हमारी नीतियों में भविष्य के विकास की झलक है. आज झारखंड में बांग्लादेशी को खोजनेवाले भाजपा के नेता 18 वर्षों तक राज करने के दौरान सो रहे थे. इन्हें चुनाव के समय ही ऐसे मुद्दे दिखते हैं. उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ के घोटाले के आरोप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर एफआईआर दर्ज हुआ है. उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए.

घोषणा पत्र पर हेमंत से भी सलाह-मशवरा करेंगे : बंधु तिर्की : मेनीफेस्टो कमेटी के चेयरमैन बंधु तिर्की ने कहा की घोषणा पत्र तैयार करने के लिए पूरे प्रदेश में चौपाल लगाकर लोगों की राय ली जा रही है. इसमें यह व्यवस्था की जाएगी कि हर छह माह में मेनिफेस्टो के सोशल ऑडिट की व्यवस्था हो. नीतिगत,आर्थिक, सामाजिक सभी पहलुओं की समीक्षा कर घोषणा पत्र के बिंदु तैयार किए जाएंगे. जिलावार वहां के स्थानीय मुद्दे, राज्य स्तर के मुद्दे, जमीन के मुद्दे एवं अन्य विसंगतियों पर चर्चा की जाएगी. चार अक्टूबर तक प्रदेश कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करेंगे, जिसे संकलित कर राष्ट्रीय नेतृत्व को समीक्षा हेतु भेजा जाएगा. वहां से अनुमति मिलते ही इसे घोषित किया जाएगा. घोषणा पत्र तैयार होने के बाद मुख्यमंत्री से मिलकर हम अपने और उनके घोषणा पत्र पर चर्चा कर इसे अमलीजामा पहनाएंगे. मौके पर प्रदीप कुमार बलमुचू, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुंजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, शांतनु मिश्रा आदि उपस्थित थे.

नेशनल लोक अदालत: 9 अरब 60 करोड की रिकॉर्ड रिकवरी

धनबाद, एजेंसी। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया। इस नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड 9 अरब 60 करोड रूपए की रिकवरी की गई। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है, नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है।हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम, शाति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है।

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। शुरूआती चार घंटे में एक लाख सात हजार विवादों का निपटारा मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया है। जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया।

इलाज के दौरान कोलकर्मी की मौत, नियोजन के लिए प्रदर्शन

धनबाद, एजेंसी। धनबाद की बोरीगढ़ कोलियरी में कार्यरत विजय उरांव की मौत शुक्रवार की रात दुर्गापुर के अस्पताल में हो गयी. नियोजन को लेकर शव रख कर्मियों ने कोलियरी में प्रदर्शन किया.

बीसीसीएल पीबी एरिया अंतर्गत बोरीगढ़ कोलियरी में जनरल मजदूर के पद पर कार्यरत विजय उरांव की इलाज के दौरान दुर्गापुर के एक अस्पताल में शुक्रवार की रात मौत हो गयी. शनिवार को मजदूरों ने जनता श्रमिक संघ के बैनर तले ने कोलियरी कार्यालय के समीप मृतक का शव रख उनके आश्रित को नियोजन व मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. आंदोलन का नेतृत्व संघ के अमर सिंह कर रहे थे.बताया जाता है कि 18 सितंबर को ड्यूटी के दौरान शाम चार बजे विजय उरांव की तबीयत बिगड़ गयी थी. उस समय कर्मियों ने बायीमेट्रिक हाजिरी से आउटकर उन्हें घर भेज दिया था. घर पहुंचने के बाद स्थिति और खराब हो गयी. परिजनों ने उसे केंद्रीय अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया. हालत गंभीर देख केंद्रीय अस्पताल से दुर्गापुर रेफर कर दिया. वहां इलाज के क्रम में शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गयी.

झारखंड की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगा अटल विचार मंच

जमशेदपुर, एजेंसी। पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि अटल विचार मंच झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारेगा। चुनाव आयोग से मंच को मान्यता नहीं मिली है। इसमें लंबी प्रक्रिया है। प्रयास है कि सभी 81 सीटों पर प्रत्याशी उतारें। विस चुनाव में उनका मुद्दा झारखंड का समुचित विकास, राजनीति में ईमानदारी, नैतिकता और अटल जी के रास्ते पर चलना है। झारखंड में ईमानदारी व नैतिकता की कमी है।

अटल विचार मंच किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगा। अपने बलबूते चुनावी समर में उतरेगा। वे रविवार को सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश और झारखंड की राजनीति में मुफ्त में देने का प्रचलन चला है,

जिसके वे खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच का गठन 14 दिन पहले हुआ है। उनके पास समय कम है।

यशवंत सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में केस दर्ज किया गया है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो कौन-कौन इलेक्टोरल बॉन्ड में फंसेंगे, इसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। देश में भ्रष्टाचार की जांच नहीं हो रही है।

किसी के साथ गठबंधन नही: अटल विचार मंच किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगा। अपने बलबूते चुनावी समर में उतरेगा। उन्होंने कहा कि देश और झारखंड की राजनीति में मुफ्त में देने का प्रचलन चला है, जिसके वे खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच का गठन 14 दिन पहले हुआ है। उनके पास समय कम है।

इलेक्ट्राल बांड में कई लोग फंसेंगे: यशवंत सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में केस दर्ज किया गया है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो कौन-कौन इलेक्टोरल बॉन्ड में फंसेंगे, इसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। देश में भ्रष्टाचार की जांच नहीं हो रही है।

झारखंड में मानसून कमजोर, एक-दो दिन होगी विदाई

रांची, एजेंसी। झारखंड में मानसून अब पूरी तरह से कमजोर पड़ गया है। अगले एक से दो दिन में विदाई हो जाएगी। इस बीच प्रदेश में तेज धूप की वजह से उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं है। झारखंड में ये स्थिति अगले दो दिन तक रहेगी।हालांकि, दुर्गा पूजा के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से ठंडी हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग की माने को इस बार झारखंड में ला-नीना का असर देखने को मिलेगा। ऐसे में इस साल कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

झारखंड में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के खत्म होते ही तेज धूप निकलने लगी है। सुबह 10 बजे ही प्रदेश का तापमान 30 डिग्री से ऊपर जा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

भारत का समर्थन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के प्रति समर्थन का भाव फिर उभरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां के बाद अब ब्रिटिश प्रधानमंत्री केर स्टार्मर ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है। ध्यान रहे, न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 70वें सत्र को संबोधित करते हुए स्टार्मर ने विस्तार का पक्ष लिया। फिलहाल सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य हैं- अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस। इसके अलावा दस गैर-स्थायी सदस्य दो-दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। गैर-स्थायी सदस्य कोई भी देश बन सकता है, उसकी तय प्रक्रिया है, पर किसी देश को स्थायी सदस्य बनाने की कोई तय पद्धति नहीं है। वीटो शक्ति प्राप्त देश दूसरे देशों से मजबूत स्थिति में होते हैं। हालांकि, वीटो की शक्ति ने दुनिया का फायदा कम और नुकसान ही ज्यादा किया है। आज के समय में वीटो किसी भी बड़े निर्णय में बाधक के रूप में सामने आता है। खासकर, अगर वीटो ताकत वाला कोई देश मनमानी पर उतर आए, तो वह संयुक्त राष्ट्र को पंगु बना सकता है। आज दुनिया देख रही है कि संयुक्त राष्ट्र की कारगरता सिमटती चली जा रही है, क्योंकि वीटो प्राप्त कुछ देशों में साम्राज्यवादी मानसिकता का ज्वार आया हुआ है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में उचित ही कहा है कि हम परिषद में अफ्रीका, ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को स्थायी सदस्य के रूप में देखना चाहते हैं। हालांकि, यह एक बड़ा सवाल है कि ऐसा कैसे होगा? भारत की सदस्यता को वीटो शक्ति प्राप्त पांच में से चार देशों का समर्थन समय-समय पर मिला है, लेकिन यहां चीन कूटनीतिक चुप्पी साध लेता है। एशिया में अकेले उसके पास ही वीटो शक्ति है और वह नहीं चाहता कि भारत या जापान जैसे प्रतिकूल रुख रखने वाले देश बराबरी पर आ खड़े हों। वैसे भी, चीन जब पड़ोसी देशों पर साम्राज्यवादी निगाह रखे हुए है, तब उसे समझाना कठिन है। इस कठिन कार्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए अंततः वीटो शक्ति संपन्न देशों को ही आगे आना होगा। अगर ये देश संयुक्त राष्ट्र में सुधार के लिए पहल नहीं करेंगे, तो दुनिया की यह सिरमौर संस्था अपनी आभा खोती चली जाएगी। यह आज के समय में एक दुखद तथ्य है कि जहां चीन चुप्पी साधे हुए है।

दिल्ली में बच्चों की सुरक्षा पर संकट

राजधानी दिल्ली में एक नाबालिग किशोर के साथ हुई बर्बरता यही दर्शाती है कि कम उम्र के बच्चों के लिए खतरा और बढ़ता जा रहा है। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में रहने वाले चार लोगों ने बंदूक की नोक पर सत्रह वर्ष के एक बच्चे को न केवल बुरी तरह मारा-पीटा, घसीटा, जूते चाटने पर मजबूर किया, बल्कि उसे परेशान और अपमानित करने के लिए उसका यौन उत्पीड़न भी किया और इस सबका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। अंदाजा लगाया जा सकता है कि किशोर से ऐसा बर्ताव करने वाले आरोपी किस कदर घृणा और विकृति से भरे हुए होंगे। आरोपियों के भीतर न केवल कानून का खौफ नहीं था, बल्कि वे इस बात को लेकर भी बेफिक्र थे कि जब कानून के हाथ उन तक पहुंचेंगे तब उन्हें क्या सजा मिल सकती है। सही है कि आपराधिक घटनाएं पहले भी होती रही हैं। मगर आपराधिक मानस वालों के और ज्यादा विकृत होते जाने की क्या वजहें हो सकती हैं और अपराधियों के निशाने पर अब कम उम्र के बच्चे ज्यादा क्यों आने लगे हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय से अपराधों की बदलती प्रकृति और उसमें निशाने पर बच्चों का आना गंभीर चिंता की बात है। आए दिन ऐसी वारदात सामने आ रही हैं, जिसमें या तो किसी बच्चे की हत्या कर दी गई या फिर उसे बुरी तरह प्रताड़ित किया गया। जो लोग पहले से ही अपराध की दुनिया में होते हैं, उनके लिए कमजोर होने के नाते बच्चे आसान शिकार होते हैं, वहीं आसपास बदलते माहौल, अपराध और अश्लील सामग्री तक बेलगाम पहुंच की वजह से कई बार सहज जीवन जीते कुछ लोग भी विकृति का शिकार होकर बच्चों को निशाना बनाते हैं। हाल ही में हाथरस में एक स्कूल के संचालक ने महज अपने स्कूल की तरक्की के लिए अंधविश्वास में आकर एक बच्चे की बलि देनी चाही और बच्चे के शोर मचा देने पर उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। यानी चौतरफा बनती परिस्थितियों में बच्चों के जीवन के सामने खतरा बढ़ रहा है। अगर समय रहते नीतिगत और जमीनी स्तर पर ठोस पहलकदमी नहीं हुई, तो भविष्य के समाज और उसमें बच्चों की स्थिति की बस कल्पना भर की जा सकती है।

शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। 'एशिया पावर इंडेक्स 2024' नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है। उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर 'क्वाड' के सदस्य देश हैं - अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है।

दक्षिण एशिया के देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है इसलिए भारत का पूरा ध्यान इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम कर अपने प्रभाव को बढ़ाना है। इसी मुख्य कारण से शायद भारत दक्षिण एशिया के देशों पर अधिक ध्यान देता दिखाई दे रहा है। जिसका आशय उक्त प्रतिवेदन में यह लिया गया है कि विश्व के अन्य देशों को सहायता करने की भारत की क्षमता तो अधिक है।

10 साल में मेक इन इंडिया से क्या मिला

(संदीप वेम्पति)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दशक पहले 25 सितंबर 2014 को 'मेक इन इंडिया' को लॉन्च किया था। इस पहल का उद्देश्य था भारत को ग्लोबल डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग हब में बदलना। इसके लिए सरकार ने कई सुधार किए, कई नीतियां और योजनाएं लागू कीं। बिजनेस को आसान बनाने के लिए मंजूरी से जुड़े नियमों को आसान बनाया गया, जीएसटी और आईबीसी जैसे सुधार किए गए। नीतियों के स्तर पर कॉरपोरेट टैक्स की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत (सरचार्ज और सेस छोड़कर) कर दिया गया। साथ ही, पूंजीगत व्यय को बढ़ाया गया, पीएम गति शक्ति और नैशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी जैसी योजनाएं शुरू की गईं। नई योजनाएं- मार्च 2024 तक सीमित समय के लिए कॉरपोरेट टैक्स रेट को घटाकर 15 प्रतिशत (सरचार्ज और सेस छोड़कर) कर दिया गया था। ऐसा कुछ नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए किया गया था। भारत की निर्माण क्षमता और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए साल 2020 में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) की शुरुआत हुई। साल 2014 के बाद जो मुक्त व्यापार समझौते हुए, उनके प्रमुख उद्देश्यों में से एक मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना है। नए औद्योगिक शहरों के विकास के लिए नैशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोग्राम लॉन्च किया गया। एमएसएमई पर ध्यान दिया गया। मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा- मेक इन इंडिया पर फोकस से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ा है। साल 2013-14 में जो ग्रास वेल्यू एडेड 17.13 लाख करोड़ रुपये था, वह 2023-24 में 38.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2013-14 में रोजगार का डेटा 5.49 करोड़ था, जो 2022-23 में 6.31 करोड़ हो गया। एफडीआई और माल निर्यात में भी बढ़ोत्तरी हुई है। 2004 से 2014 के बीच प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 97.7 बिलियन डॉलर था और 2014 से 2024 के बीच यह 165.1 बिलियन डॉलर पहुंच गया। मर्चेनडिस एक्सपोर्ट 2013-14 में 314.4 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 437.06 बिलियन डॉलर हो गया। इसके अलावा, वैश्विक वस्तु निर्यात में भारत की हिस्सेदारी वित्तीय वर्ष 2024 में 1.8 प्रतिशत हो गई, जबकि 2016-20 के दौरान यह औसतन 1.7 प्रतिशत थी। आयातक से निर्यातक- पीएलआई से 1.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ। इससे 8.5 लाख लोगों को रोजगार मिला और 10.8 लाख करोड़ का उत्पादन हुआ। देश का निर्यात चार लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बढ़ा। भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग वित्तीय वर्ष 2017 में 48 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 में 101 बिलियन डॉलर हो गई। इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात वित्तीय वर्ष 2018 में 6.4 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 29.1 बिलियन डॉलर हो गया। कुल निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक सामानों की हिस्सेदारी 2.13 प्रति. से बढ़कर 6.72 प्रति. हो गई। भारत के रक्षा उत्पादन में 217 प्रति. से ज्यादा की बढ़त देखने को मिली। वित्तीय वर्ष 2014 में 0.4 लाख करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में यह 1.27 लाख करोड़ हो गया। रक्षा क्षेत्र में भारत अब आयातक से निर्यातक बन गया है और 90 से ज्यादा देशों को अपने रक्षा उत्पाद एक्सपोर्ट कर रहा है। सेमीकंडक्टर पर फोकस- खिलौनों, वैक्सीन और रेल कोच का निर्यात भी बढ़ा है। आगे अब देश का सेमीकंडक्टर मिशन भारत में बनी चिप के निर्यात का रास्ता खोलेगा। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में यह ग्रोथ इसलिए खास है, क्योंकि दुनिया कम आर्थिक विकास और युद्ध जैसे मसलों से जूझ रही। यह कहना होगा कि मेक इन इंडिया के तहत जो उपलब्धियां हासिल हुई हैं, उनके बारे में एक दशक पहले तक सोचा भी नहीं जा सकता था। अपने तीसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने इस पर और ध्यान दिया है। 2024 के बजट में एफडीआई को आसान बनाने और विदेशी कंपनियों पर कॉरपोरेट टैक्स रेट को कम करने की घोषणा हुई है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5509

1		8			6	4		
		6		9		8		7
5								
2	6	9	5				8	
			4		9			
	8				2	7	9	1
								5
6		4		7		2		
		1	2			9		3

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5508

8	3	6	9	5	7	1	2	4
2	7	1	3	8	4	9	6	5
5	9	4	1	2	6	8	7	3
3	2	7	4	6	1	5	9	8
9	1	8	5	7	3	6	4	2
6	4	5	2	9	8	7	3	1
7	6	2	8	4	5	3	1	9
1	8	9	7	3	2	4	5	6
4	5	3	6	1	9	2	8	7

वर्ग पहेली 5509

1	2		3	■	■	4	5
6		■	7	8	9		
10		11	■	12		■	■
	■		■	13		14	15
■	16			■	■	17	
18			■	■	19		
	■	20	21	■	22		■
23		■	24			■	■

संकेतः बाएं से दाएं
1. महाराजा जयसिंह द्वितीय ने इस शहर की स्थापना 1727 के दिन की (4)
4. जो, अगर (2)
6. कमरा (अंग्रेजी)(2)
7. फिल्म बरसात से अपना सरगमी सफर शुरू करने वाली संगीतकार जोड़ी में से एक (निधन 12 सितंबर 1971)(5)
10. दस्तावेज लिखित, तहरीरी (3)
12. वर्जित, निषिद्ध, जो रोका गया हो (2)
13. प्राचीनकाल में मगध देश का राजा जो दो खंडों में उत्पन्न हुआ था (4)
16. आंकुशी (3)
17. घोड़े कीपीठ पर रखने की गद्दी (2)
18. गीत, तराना (उर्दू) (3)
19. प्रस्थिति, प्रेषिति (3)
20. रिक्त, खाली (2)
22. जल, आब, नीर (2)
23. स्वतंत्र, आजाद, उन्मुक्त (2)
24. नैन, चक्षु, आंख (3)

(ऊपर से नीचे
1. आवश्यकता, इच्छा (4)
2. एक अर्थालंकार जिसमें एक हीशब्द अनेक बार आकर उसके भिन्न-भिन्न अर्थ देता है (3)
3. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
5. सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक का समय, दिवस (2)
8. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
9. तट, तीर, साहिल (3)
11. ट्रेजिडी क्वीन कहलाने वाली इस अभिनेत्री की अंतिम फिल्मों में से एक पाकीजा थी (5)
14. लक्ष्मण को जीवित करने के लिए हनुमान इस औषधि को लेकर आए थे, जीवन मूरी (4)
15. धन की इच्छा या कामना, राजा कृतवीर्य के पिता का नाम (3)
16. शरीर का अवयव, पक्ष (2)
18. प्रांत प्रशासक (उर्दू)(3)
19. कहा जाता है इस देश के साम्राज्य की स्थापना 6603 ई.पू.में सम्राट जिम्मू ने की थी (3)
21. संगीत में स्वरों का कलापूर्ण विस्तार (2)

वर्ग पहेली 5508 का हल

री	ता	फा	रि	या	■	क	ल
ड	ल	■	स	म	का	लि	क
र	■	ला	वा	■	ल	■	क
■	अ	प	ना	■	का	र	ल
ग	ज	र	■	मौ	■	वि	■
र	■	वा	द	न	■	शं	का
ज	वा	ह	र	■	■	क	म
ना	त	■	मा	■	ता	र	ना

आज का राशिफल

मेष
आज आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी, लेकिन निजी संबंधों के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे। एक नया दोस्त आपके प्रति आकर्षित होगा आपको संसाधन जुटाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त करना चाहिए तभी रुतबा बरकरार रख सकेंगे।

वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। लोगों की भावनाएं भी जागृत होंगी। दोपहर तक आर्थिक संकोच भी खत्म होंगे परन्तु कार्यक्षेत्र की धीमी गति से मानसिक तनाव पैदा हो सकता है। हर बात का दोहरा अर्थ निकलता है, सावधान रहें। ऑफिस में किसी से ऐसी बात न करें जो कि आपके खिलाफ जाएं।

कर्क
आज लाभ होगा और आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन तरक्की से भरा होगा। अच्छे गणमान्यजनों से मेल मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आशा में दिन सार्थक नजर आएगा। प्रियजनों की तरफ से भी अच्छी खबरें मिलेंगी और किसी धार्मिक कार्य के लिए योजना बनाते वक्त आपकी सलाह ली जाएगी।

सिंह
आज कार्यक्षेत्र में लाभ होगा और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। कार्यक्षेत्र में आने जाने और सभी कार्यों को समय पर निबटाने का दौर चल रहा है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिन्ता भी बढ़ा सकते हैं। यदि आप किसी प्रेम प्रणय के जाल में उलझे हैं तो उसका फैसला भी जल्दी करें। आपका दिन लाभ से भरा होगा और आपकी रुकी हुई योजनाएं सफल होंगी।

मिथुन
आज कारोबार की स्थिति भी सुधरती जा रही है। किसी बड़े अधिकारी के वरदहस्त होने से नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है। विरोधियों और आलोचना करने वालों के दिल में अभी गुबार भरा हुआ है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी।

कन्या
आज दिन काफी भागदौड़ वाला रहेगा। दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। जहां तक हो सके इनमें महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेना। दोपहर बाद फिर समय ठीक नहीं है। बनते काम में रुकावटें आ सकती हैं।

तुला
आज लाभ का दिन है। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत नहीं होती। आज न चाहते हुए भी आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ता है जो औरों के लिए असुविधाजनक होता है। आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी। आपके सुख में वृद्धि होगी।

वृश्चिक
आज दिन सम्मान से भरा होगा। अपने चहेतों का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं। इसका लाभ वे चापलूस भी उठा लेते हैं जो वास्तव में पीछे जाकर आपकी बुराई करते हैं। ऐसे ही लोगों में आज आपका समय व्यतीत होगा। मित्रों से चर्चा होगी और आपकी सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपके धन में वृद्धि होने से खुशी होगी।

मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई अनुबंध और पढ़ाई करने के बारे में सोच सकते हैं। दिन के समय आपको जरूरी कार्य करने के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। बाकी और कामों के लिए भी अपराह्न तक अच्छा गोचर चल रहा है। आपके कारोबार में योजनाएं सफल होंगी।

कुंभ
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण हों जाएंगे। कई दिनों से आप किसी छोटे मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्यचकित हैं। हो सकता है आज आपके इस काम में सुधार हो जाए। फिर भी किसी व्यर्थ की डर या आशंका से आपका मन अशांत रह सकता है। दोपहर बाद कुछ भागदौड़ करने से छिटपुट लाभ हो सकते हैं।

धनु
आज दिन काफी सावधानी से भरा होगा। सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। आज ही आपको सेहत से जुड़ी कुछ समस्याएं हो सकती हैं। दिन के पहले हिस्से में डॉक्टर आदि से मिलना बेहतर रहेगा उसके बाद आप अपने रूटीन काम करें। आपके सुख में वृद्धि होगी। आपकी सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो जाते हैं। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वहीं धोखा दे जाता है। कुछ ऐसी ही घटना आज भी होगी। बाकी का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक दिन है। मनसंताप कम होंगे और किसी अच्छे समाचार मिलने से निराशा भी खत्म होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर अमित शाह का करारा प्रहार, कांग्रेसियों ने बार-बार किया है मोदी जी का अपमान

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनावी समर अपने चरम पर है। ऐसे में, सभी राजनीतिक पार्टियाँ एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का राजनीतिक खेल खेलने में लगी हुई है। लेकिन जम्मू-कश्मीर की एक जनसभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक विवादित बयान देते हुए कहा कि, 'मैं तब तक जीवित रहूंगा, जब तक पीएम मोदी सत्ता से हट नहीं जाते।' उनके इस बयान पर सियासी गलियारों में एक तरह से हलचल सी मच गई है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने खड़गे के इस बयान पर आपत्ति जताते हुए अपने एक्स पर लिखा कि, '29 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में अभद्र भाषा के इस्तेमाल में खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को भी पीछे छोड़ दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में बिल्कुल अरुचिकर और अपमान जनक बोलकर खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को मात दे दी। द्वेष का कड़वा प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने अनावश्यक रूप से पीएम मोदी को अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य मामलों में यह कहकर घसीटा कि वह पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे। इससे पता चलता है कि इन कांग्रेसियों के मन में पीएम मोदी से कितनी नफरत और डर है कि वे लगातार उन्हीं के बारे में सोच रहे हैं। जहाँ तक खड़गे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह लंबा, स्वस्थ जीवन जिएँ। वह कई वर्षों तक जीवित रहें और मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण देखने के लिए जीवित रहें।'

नोएडा में गौर सिटी के फ्लैट में छत से गिरा प्लास्टर का बड़ा टुकड़ा, जख्मी हुआ कमरे में खड़ा शख्स

नोएडा, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी में छत से प्लास्टर गिरने की वजह से एक युवक जख्मी हो गया है। घटना गौर सिटी-1 के 5ह्लद्ध एवेन्यू की है। प्लास्टर कमरे में खड़े शख्स पर गिरा, जिससे हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार ने हादसे के बाद वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हादसा एच टावर के एक फ्लैट में हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि बेड के ऊपर छत से प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा गिरा हुआ है। वीडियो बनाने वाला कहता है, छत गिर गई, चोट अलग से आई। सिर पर ही गिरा है। हादसा 30 सितंबर को रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ। गौर सिटी में इससे पहले भी प्लास्टर गिरने की शिकायतें फ्लैट ऑनर्स कर चुके हैं। मई 2023 में एवेन्यू में सीढ़ी के पास छत से प्लास्टर गिरने की घटना सामने आई थी। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई मौजूद नहीं था। फ्लैट ऑनर्स प्लास्टर गिरने की घटनाओं से चिंतित हैं और कई बार निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठा चुके हैं।

नोएडा में कार में घुसा ट्रॉली का नुकीला हिस्सा, कागज की तरह फटा दरवाजा

नोएडा , एजेंसी। नोएडा सेक्टर- 39 थानाक्षेत्र के सेक्टर- 44 में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे में कार तो पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि किसी को इसमें चोट नहीं आई। जिस समय हादसा हुआ कार में पांच लोग सवार थे। स्थानीय लोगों की मदद से मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। किसी को चोट नहीं लगी है। सभी को घर भेज दिया गया है। हादसे का एक वीडियो सामने आया है। लोगों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, सेक्टर- 44 में एक बिल्डर का कंस्ट्रक्शन काम चल रहा है।

धामी सरकार के बेहतर यात्रा प्रबंधन ने जीता यात्रियों का विश्वास

निज संवाददाता | देहरादून

प्रदेश सरकार के बेहतर यात्रा प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों के चलते चार धाम यात्रा को लेकर यात्रियों में भारी उत्साह है। मानसून थमते ही यात्रा ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। बीते दिवस 30 सितंबर को 20497 श्रद्धालु चार धाम दर्शन को पहुंचे। इनमें केदारनाथ धाम में सर्वाधिक 7350 तीर्थयात्री पहुंचे। अभी तक के पूरे यात्राकाल की संख्या पर नजर दौडाएं तो करीब 38 लाख श्रद्धालु चारधाम दर्शन को आ चुके हैं। केदारघाटी आपदा से निपटने में सरकार ने पूरी ताकत झोंककर जिस तेजी से स्थिति को सामान्य बनाया है, उससे यात्रियों का सरकार के प्रति विश्वास गहराया है। यात्री पूरे उत्साह और आस्था के साथ बाबा केदार के दर्शन को उमड़ पड़े हैं। चारधाम यात्रियों की सुरक्षा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री के इस ध्येय वाक्य के अनुसार राज्य सरकार के यात्रा इंतजामों और व्यवस्थाओं का असर यात्रा पर दिखाई दिया है। केदारघाटी में 31 जुलाई को आई बड़ी आपदा का जिस प्रकार सरकार ने सामना किया, उसकी आम यात्रियों ने खुले दिल से तारीफ की है। पैदल मार्ग और पड़ावों पर फंसे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को सुरक्षित निकालने में जरा भी देरी नहीं की गई। करीब 18 हजार लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचा दिया गया। यही नहीं केदारघाटी में आम जनजीवन को बहाल करते हुए पैदल यात्रा मार्ग को सुधार कर यात्रा भी शुरू कर दी गई। अब दूसरे चरण की यात्रा जोर पकड़ गई है। अक्टूबर और नवंबर माह में भी यात्रा के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। 30 सितंबर को हेमकुंड और गोमुख समेत 22 हजार 244 श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर पहुंचे। इनमें केदारनाथ के अलावा बदरीनाथ में 6811, गंगोत्री 3619, यमुनोत्री 2717, हेमकुंट 1632 और 115 श्रद्धालु गोमुख पहुंचे। इस यात्राकाल में बीते दिवस 30 सितंबर तक कुल 37 लाख 91 हजार 205 यात्री चारधाम दर्शन को आ चुके हैं जबकि बीते वर्ष पूरे यात्राकाल में 56.13 लाख यात्री पहुंचे थे। इसी प्रकार वर्ष 2022 में 46.29 लाख और वर्ष 2019 में 34.77 लाख यात्री चारधाम दर्शन को पहुंचे। वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना संक्रमण के चलते यात्रा प्रभावित रही। इन दो वर्षों में यात्री संख्या क्रमशः 3.30 लाख और 5.29 लाख रही। इस वर्ष चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हुई है जबकि पिछले वर्ष 23 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा का श्रीगणेश हो गया था। तब केदारनाथ के कपाट 25 अप्रैल और बदरीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खुले थे। इस वर्ष गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट 17 दिन बाद यानी 10 मई को खुले हैं, जबकि बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई से शुरू हुई है। यात्रा अभी अगले माह नवंबर तक चलेगी। केदारघाटी में 31 जुलाई की रात आई भीषण आपदा का असर भी यात्रा पर पड़ा है। हालांकि धामी सरकार ने तेजी से राहत और बचाव कार्य करते हुए कुछ दिनों के अंतराल में ही आम जनजीवन को बहाल कर दिया लेकिन सुरक्षा कारणों से यात्रा को कई दिनों के लिए रोक दिया गया था। "सुगम, सुरक्षित, सुलभ और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश-विदेश से हर वर्ष लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आते हैं। यात्रियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं। चारधाम यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। राज्य में आज जिस तेजी के साथ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए हमें यात्रा व्यवस्थाओं को और विस्तार देना होगा। इसकी कवायद भी शुरू कर दी गई है। इस बार केदारघाटी आपदा के चलते व्यवस्थाएं प्रभावित हुई, लेकिन सरकार ने इस कठिन चुनौती का भी दृढ़तापूर्वक सामना कर केदार यात्रा को बहाल किया।

बेहतर यात्रा प्रबंधन पर नजर

- केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर बनाए गए बीस पार्किंग स्थल।
- पार्किंग प्रबंधन के लिए एक क्यूआर कोड-आधारित प्रणाली।
- यातायात प्रबंधन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती।
- यात्रा पर निगरानी के लिए 850 सीसीटीवी कैमरे और 8 ड्रोन।
- यात्रियों की सुविधा के लिए 56 पर्यटन सहायता केंद्रों की स्थापना।
- ट्रैक रूट को साफ करने के लिए कुल 657 पर्यावरण मित्रों की तैनाती।
- स्वास्थ्य विभाग की ओर से यात्रा मार्ग पर 50 स्क्रीनिंग कियोस्क की स्थापना। स्वास्थ्य मित्र हैं तैनात।
- यात्रा मार्ग पर 156 एम्बुलेंस तैनात। 8 ब्लड बैंक और 2 भंडारण इकाइयां स्थापित
- 49 स्थायी स्वास्थ्य सुविधाएं और 26 चिकित्सा राहत पोस्ट। 22 विशेषज्ञ, 179 चिकित्सा अधिकारी और 299 पैरामेडिकल स्टाफ तैनात।

यात्री कृपया ध्यान दें! ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के हर स्टेशन की होगी अलग पहचान

गुरुग्राम , एजेंसी। गुरुग्राम मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के 27 स्टेशन की इमारत अलग-अलग रंग की होगी। अलग रंग होने से मेट्रो स्टेशन की पहचान हो सकेगी। इस दिशा में काम करने के आदेश गुरुग्राम मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की अध्यक्ष डी.थारा ने जारी किए हैं।

आदेश में कहा है कि हर स्टेशन में एंट्री और एग्जिट गेट उस मुख्य सड़क पर बनाए जाएंगे, जिस तरफ रिहायशी और व्यवसायिक क्षेत्र अधिक हैं। इससे मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की संख्या अधिक रहेगी, जिससे सड़कों पर वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। जीएमआरएल के एक अधिकारी ने बताया कि हर मेट्रो स्टेशन का एक अलग कलर कोड होगा, जो उसकी पहचान होगी।

27 में से 18 मेट्रो स्टेशन के समीप पर्यटन स्थल बनाने की योजना है। इन मेट्रो स्टेशन के साथ जोहड़, बरसाती नाला, हरित क्षेत्र हैं। इसके अलावा वाहन पार्किंग का बंदोबस्त ठीक है। जोहड़ का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके चारों तरफ जोगिंग ट्रैक बनाए जाएं। लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। सेक्टर-47 के मेट्रो स्टेशन को बख्तावर चौक के पास करीब 10 एकड़ में तैयार हो रही एक व्यावसायिक कॉलोनी से जोड़ा जाएगा, जिससे इससे स्टेशन की एक अलग पहचान होगी।

बसई गांव में जोहड़ को इस मेट्रो स्टेशन से जोड़ दिया जाएगा। इस एरिया को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। सेक्टर-चार स्टेशन को कल्चरल सेंटर बाल भवन से जोड़ा जाएगा, जहां तक पहुंचने के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस तरह हर स्टेशन का अलग कलर कोड और अलग पहचान बनाई जाएगी। जीएमआरएल की अध्यक्ष डी.थारा और हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सेक्टर-101 के बजाय सेक्टर-33 की मार्बल मार्केट की जमीन को मेट्रो डिपो तैयार करने के लिए उपयुक्त पाया है। मुख्य सचिव ने एचएसवीपी अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं कि इस जमीन को जीएमआरएल के सुपुर्द किया जाए। इस जमीन पर यदि कोई अदालती मामला विचाराधीन है तो उसे वकीलों की मजबूत टीम बनाकर दूर किया जाए। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो का रूट 28.5 किलोमीटर लंबा है। इसे तैयार करने में साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से यह मेट्रो शुरू होगी, जो सेक्टर-45, साइबर पार्क, सेक्टर-47, सुभाष चौक, सेक्टर-48, सेक्टर-72, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेज छह, सेक्टर-10, सेक्टर-37, गांव बसई, सेक्टर-नौ, सेक्टर-सात, चार, पांच, अशोक विहार, सेक्टर-तीन, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन समेत अन्य स्टेशन से गुजरेगी।

बिना शादी ही गुजारा भत्ता मांगने लगती थी, ठग महिला को कोर्ट से लगा बड़ा झटका

औरंगाबाद, एजेंसी। बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने तलाक और मेंटिनेंस के नाम पर पुरुषों को ठगने वाली महिला की जमानत याचिका खारिज कर दी है। महिला पर आरोप है कि महिला पहले मेंटिनेंस पाने के लिए केस करती थी और बाद में शेटलमेंट होने के बाद केस वापस ले लेती थी। लताबाई जाधव और उसके दो वकीलों के खिलाफ सिलोद सिटी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। सुनवाई में देरी की बात कहते हुए जाधव ने जमात याचिका फाइल की थी। सेशन कोर्ट और मजिस्ट्रेट कोर्ट ने भी उसकी याचिका को खारिज कर दिया था।

जस्टिस एसजी मेहारे की बेंच ने कहा, सुनवाई में थोड़ी देरी हो गई है और इसलिए उम्मीद है कि ट्रायल कोर्ट अब तेजी से सुनवाई करेगा। दोनों कोर्ट में हुई अब तक की सुनवाई के मुताबिक मामला सच लगता है। याचिकाकर्ता महिला का पास्ट भी अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि जमानत के बाद वह फरार हो सकती है।

कर्नाटक हाई कोर्ट से निर्मला सीतारमण को बड़ी राहत, इलेक्टोरल बॉन्ड केस में एफआईआर पर रोक

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कथित जबरन वसूली से संबंधित एक मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सोमवार को बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने उनके और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया है और चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित कथित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई तक यह रोक जारी रहेगी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद्द हो चुकी है।

जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कुमार कटील द्वारा दायर उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी गई थी। मामले की अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी

बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर शनिवार को सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी.वाई. विजयेंद्र, पार्टी नेता नलिन कुमार कटील के नाम भी प्राथमिकी में हैं।जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। इसमें कहा गया है, ''चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।''

मणिपुर में फिर 6 महीने के लिए बढ़ाया गया अफस्पा, 19 पुलिस थाना क्षेत्रों में रहेगी छूट

इंफाल, एजेंसी। सरकार ने मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को अगले 6 महीने के लिए सोमवार को बढ़ा दिया। हालांकि, इंफाल घाटी के अंतर्गत आने वाले 19 थाना क्षेत्रों और असम की सीमा से लगे एक क्षेत्र को इससे बाहर रखा गया है। राज्य सरकार के गृह विभाग ने नोटिफिकेशन में बताया कि यह विस्तार 1 अक्टूबर से लागू होगा। इसमें कहा गया, 'राज्य में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति का विश्लेषण करने के बाद राज्य सरकार की यह राय बनी है। फिलहाल जमीनी स्तर पर विस्तृत आकलन करना उचित नहीं है, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियां कानून व व्यवस्था बनाए रखने में व्यस्त हैं।

नोटिफिकेशन में बताया गया कि अशांत क्षेत्र घोषित करने का मुद्दा बेहद संवेदनशील है। अगर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो यह आलोचना और प्रतिरोध का कारण बन सकता है। गृह आयुक्त एन. अशोक कुमार की ओर से हस्ताक्षरित अधिसूचना जारी हुई है। इसके मुताबिक, मणिपुर के राज्यपाल 19 थाना क्षेत्रों में आने वाले इलाकों को छोड़कर पूरे मणिपुर को 1 अक्टूबर से अगले छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित करने की मंजूरी देते हैं।

फरीदाबाद में ऐप से ऑनलाइन बुक कराकर कैब लूटी, ड्राइवर को मारपीट कर पैसे भी छीन ले गए बदमाश

फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद के पल्ला थाना अंतर्गत दुर्गा बिल्डर में रविवार रात बदमाशों ने एक कैब ड्राइवर से कैब और नकदी लूट ली। आरोपियों ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगे पुलिस के स्थायी नाके से कुछ दूरी पर इस वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने गुरुग्राम जाने लिए कैब ऑनलाइन बुक की थी। पल्ला थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित कैब ड्राइवर सचिन कश्यप मूलरूप से उत्तर प्रदेश के कन्नौज स्थित गांव जबरपुर का रहने वाला है। वह गुरुग्राम स्थित सेक्टर-12 में किराये के मकान में रहता है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया है कि उसके पास एक कार है, जिसे वह एक ऐप बेस्ड कैब कंपनी के लिए चलाता है। रविवार शाम वह दिल्ली के कश्मीरी गेट से एक सवारी लेकर फरीदाबाद आया था। सवारी को सूर्या विहार में कैब से उतारने के बाद वह वापस जाने लगा, तभी कैब कंपनी के ऐप पर उसके लिए दूसरी ऑनलाइन बुकिंग मिली। ऑनलाइन कैब बुक करने वाली सवारी को गुरुग्राम के सेक्टर-61 जाना था। पीड़ित का कहना है कि उसने सूर्या विहार के आसपास से ही तीन युवक को रीसिव कर गुरुग्राम के सेक्टर-61 पहुंचा दिया, लेकिन गुरुग्राम पहुंचने पर उन्होंने किराये के पैसे नहीं दिए। किराया मांगने पर बताया कि वह जिससे मिलने आया है, वह उनका फोन नहीं उठा रहा। ऐसे में उन्होंने दोबारा फरीदाबाद के सूर्या विहार पहुंचाने की बात कही और कहा कि वहीं किराये के पैसे देगा। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है।

नोएडा से ग्रेटर नोएडा के लिए बनेगी नई राह, शारदा गोल चक्कर से हिंडन पुल तक सड़क बननी शुरू

नोएडा , एजेंसी।
नोएडा और ग्रेटर नोएडा को जोड़ने के लिए नॉलेज पार्क-3 स्थित शारदा गोलचक्कर से हिंडन पुल तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। इसमें से 250 मीटर का हिस्सा द्रोणाचार्य कॉलेज तक एलिवेटेड होगा। पुस्ता के किनारे बनी सड़क से गुजरने वाले वाहनों के लिए सबवे बनेगा।

ग्रेटर नोएडा के परी चौक और सूरजपुर घंटाघर टी-प्वाइंट पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए एलजी गोलचक्कर से नोएडा सेक्टर-146 और 147 को सीधे जोड़ने के लिए वर्ष 2015 में योजना बनाई गई थी, जो जमीन अधिग्रहण समेत कुछ अन्य वजह से रफ्तार नहीं पकड़ पाई। इसके लिए हिंडन पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने-अपने क्षेत्र में सड़क बनाएंगे।

प्राधिकरण ने शारदा गोलचक्कर से हिंडन पुल तक 60 मीटर चौड़ी और एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शुरू करा दिया है। हिंडन पुस्ता से नॉलेज पार्क की तरफ द्रोणाचार्य कॉलेज तक 250 मीटर सड़क एलिवेटेड होगी, ताकि हिंडन पुस्ता के किनारे बनी सड़क से होकर गुजरने वाला ट्रैफिक बाधित न हो। ऐसे में एलजी चौक से

नोएडा की तरफ जाने वाले वाहन बिना किसी रुकावट के अपने गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क और सबवे के निर्माण पर 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के पूरा होने का लक्ष्य दो वर्ष रखा गया है। इस संपर्क मार्ग के बनकर तैयार हो जाने पर एलजी चौक से नॉलेज पार्क होते हुए नोएडा सेक्टर-146 और 147 पहुंचना आसान हो जाएगा। इसे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन से भी जोड़ा जाएगा।

नोएडा में धड़ल्ले से जल रही पराली, जिम्मेदार अफसर बेखबर; लोगों का जीना हुआ मुश्किल

ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।
सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद नोएडा में धड़ल्ले से पराली जलाई जा रही। सेक्टर-150 से सटे खेतों में सोमवार को जलती पराली और उसका जहरीला धुआं नोएडा प्राधिकरण और प्रशासन के दावों की धज्जियां उड़ाता दिखा। यह हालत तब है, जब शहर को प्रदूषण से बचाने का जिम्मा 19 विभागों के हाथ में है। किसी को पराली जलने की खबर तक नहीं हुई। आग शाम तक धधक कर खुद ही बुझ गई।

यह स्थिति सेक्टर-150 या इसके आसपास ही नहीं, बल्कि जिले के कई रिहायशी इलाकों की है। यहां के लोग जहरीले धुएं के बीच रहने को मजबूर हैं। प्राधिकरण और प्रशासन की निष्क्रियता इससे भी समझी जा सकती है कि जिम्मेदार

अधिकारियों को अब तक पराली जलाने की एक भी घटना की जानकारी नहीं मिली, जबकि शहर से गांव तक हर दिन पराली जलाई जा रही। नवंबर में दिवाली है। इस त्योहार के आसपास तेजी से शहर का वायु प्रदूषण बढ़ता है, यहां तक की नोएडा और ग्रेटर नोएडा देश के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार रहते हैं। प्रशासन ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू करने की तैयारी कर चुका है, जिसके लिए आज यानी मंगलवार से ही प्रभावी कदम उठाए जाने हैं, लेकिन हालात ये है कि प्रदूषण की कार्ययोजना सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई है। शहर में वायु प्रदूषण से सांस, हृदय और आंख से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है।जिला प्रशासन के मुताबिक पराली जलाने पर छह महीने तक का कारावास संभव है। यदि कोई व्यक्ति पराली जलाता है तो उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 के तहत मुकदजा दर्ज किया जाता है। इसमें व्यक्ति को छह महीने तक कारावास या अधिकतम 15 हजार रुपये जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

हमारे पास विकल्प नहीं, बंगाल में डॉक्टरों ने फिर बंद किया काम

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को फिर से काम बंद करने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंपस में सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर दबाव बनाने के लिए यह फैसला लिया गया। इससे पहले जूनियर डॉक्टर्स काम रोककर 42 दिनों तक विरोध प्रदर्शन करते रहे और 21 सितंबर को सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी पर लौटे थे। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ऑन-ड्यूटी ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन हुए और कोलकाता के जूनियर डॉक्टर्स ने सुरक्षा की मांग को लेकर काम रोक दिया।

आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों में से एक अनिकेत महतो ने कहाकि सुरक्षा से जुड़ी हमारी मांगों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। आज विरोध प्रदर्शन का 52वां दिन है। हमारे ऊपर अभी तक हमले हो रहे हैं। आंदोलन के दौरान किए गए अन्य वादों को पूरा करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक के बाद, हमारे पास आज से पूर्ण काम बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य सरकार इन मांगों पर स्पष्ट कार्रवाई नहीं करती, तब तक काम पूरी तरह बंद रहेगा।

इंडिया- बांग्लादेश टेस्टः

टीम इंडिया ने लगाया जीत का 'छक्का', बांग्लादेश के 'बैजबॉल' अंदाज में किया क्लीन स्वीप

कानपुर, एजेंसी। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को कानपुर टेस्ट में सात विकेट से मात देकर सीरीज में क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम ने चेन्नई टेस्ट में 280 रन से जीत हासिल की थी। भारत की यह लगातार छठी टेस्ट जीत है। वहीं यह लगातार चौथा मौका है जब भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप किया है।

भारत को मिला था 95 रन का लक्ष्य

कानपुर टेस्ट में बारिश का खलल देखने को मिला जिसके कारण पूरे पांच दिन का खेल नहीं हो सका। इसके बावजूद भारत ने लगभग दो दिन के खेल में मैच अपने नाम किया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भारत के लिए यह जीत काफी अहम थी। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। इसके बाद टीम इंडिया ने 285/5 के स्कोर पर पारी घोषित की। बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में केवल 146 रन ही बना सकी जिसके कारण भारत को 95 का लक्ष्य मिला था।

यशस्वी जायसवाल ने जमाया अर्धशतक

भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। रोहित शर्मा केवल 8 रन बनाकर मेहदी हसन की गेंद पर हसन महमूद को कैच दे बैठे। इसके बाद शुभमन गिल भी मेहदी हसन की गेंद पर एलबीडब्ल्य हुए। यहां से विराट कोहली और दूसरे छोर से यशस्वी जायसवाल ने पारी को संभाला। जायसवाल ने इस दौरान अपना अर्धशतक पूरा किया। वह जब आउट हुए तब टीम जीत से केवल तीन रन दूर थी।

भारत में निकला बांग्लादेश का दम

इसके बाद विराट कोहली और पंत ने टीम को जीत तक पहुंचाया। पंत के बल्ले से ही विजयी चौका निकला। भारत ने 17.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। पाकिस्तान को उसी के घर पर 2-0 से हराने वाली बांग्लादेशी टीम को भारतीय जमीन 0-2 से मात मिली। इस जीत के साथ भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के टॉप पर बनी हुई है।

जीत के बड़े रिकॉर्ड

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ लगातार चौथी बार क्लीन स्वीप किया है। साल 2017 में भारत ने 1-0 से जीत हासिल की थी। इसके बाद 2019 में भी 2-0 से टेस्ट सीरीज जीती। भारत ने 2022 में बांग्लादेश का दौरा किया और 2-0 से जीत हासिल की। अब बांग्लादेश को भारत के खिलाफ एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा। भारत को टेस्ट फॉर्मेट में पिछली हार 25 जनवरी 2024 को मिली थी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में भारत को 28 रन से हराया था। इसके बाद से भारत ने छह टेस्ट मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। इसमें चार टेस्ट इंग्लैंड के दो टेस्ट बांग्लादेश के खिलाफ थे।

मैं यह मैच जीतना चाहता था, बांग्लादेश के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण योगदान देकर बोले जायसवाल

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीतने के बाद भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं यह मैच जीतना चाहता था। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले गए दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-0 से अपने नाम की। यशस्वी जायसवाल ने दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए और टीम की जीत में महत्वपूर्व योगदान दिया। उन्होंने पहली पारी में 72 जबकि दूसरी इनिंग में 51 रन बनाए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मैच के बाद जायसवाल ने कहा, मुझे लगता है कि मैं बस यही सोच रहा था कि मैं अपनी टीम के लिए क्या कर सकता हूं। चेन्नई में परिस्थितियां अलग थीं और यहां भी अलग। हर पारी महत्वपूर्ण है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता हूं और उसी तरीके से तैयारी करता हूं। मुझे कहा गया कि मैं जिस तरह से खेलना चाहता हूं, खेलूं। मैं यह मैच जीतना चाहता था।

बूम-बूम बुमराह का कमाल

दिलचस्प बात ये रही कि बुमराह ने एंडरसन से 300 ओवर कम फेंकने के बावजूद ये मुकाम हासिल किया है। बुमराह ने 28 टेस्ट मैचों की 53 पारियों में 836.2 ओवर फेंककर 118 विकेट अपनी झोली में डाले हैं जबकि 116 विकेट लेने के लिए एंडरसन को 1141.5 ओवर फेंकने पड़े। बुमराह अब डब्ल्यूटीसी इतिहास में सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और फिलहाल न्यूजीलैंड के टिम साउथी के साथ बराबरी पर हैं, जिन्होंने 1196.2 ओवर गेंदबाजी करके बुमराह के बराबर विकेट लिए हैं। बुमराह के पास दूसरी पारी में कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ने का शानदार मौका होगा। रबाडा के नाम डब्ल्यूटीसी में 123 विकेट दर्ज हैं।

सार समाचार

चाईना ओपनः

अल्कारेज ने खाचानोव को हराया, लगातार दूसरे साल सेमीफाइनल में पहुंचे

बीजिंग, एजेंसी। अल्कारेज की यह सत्र की 46वीं जीत है जिसकी बदौलत यह फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियन एटीपी 'लाइव रैंकिंग' में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने सोमवार को यहां कारेन खाचानोव के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरे साल चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के 21 साल के अल्कारेज ने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव को 7-5, 6-2 से हराया। अल्कारेज ने 12 में से चार ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाया और 96 मिनट में जीत दर्ज की।

शूटिंगः

पार्थ राकेश माने ने लीमा जूनियर वर्ल्ड्स में दोहरा स्वर्ण पदक जीता

लीमा, एजेंसी। पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक और टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जूनियर विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में हुआ। पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। भारत को तीसरा स्वर्ण भी मिला जब गौतमी भानोट, शंभवी क्षीरसागर और अनुष्का ठाकुर ने जूनियर महिला टीम इवेंट में 10 मीटर एयर राइफल में जीत हासिल की। लेकिन दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि 16 साल के पार्थ माने की रही। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 24-शॉट के फाइनल में 250.7 अंक हासिल किए और चीन के मौजूदा जूनियर एशियाई चैंपियन हुआंग लिवानलिन को 0.7 अंकों से पछाड़ दिया।

सचिन तेंदुलकर फिर उतरेंगे मैदान में

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में लगाएंगे चौके-छक्के, भारत के 3 शहरों में होगा मल्टीनेशन टूर्नामेंट

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर एक बार फिर मैदान पर अपनी कला दिखाते नजर आएंगे। वह इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के लिए खेलते दिखेंगे। आईएमएल का पहला सीजन इसी साल भारत के 3 शहरों मुंबई, रायपुर और लखनऊ में होगा। जिसकी तारीखें तय होना बाकी हैं।

गावस्कर बने लीग कमिश्नर मुंबई और इंडियन क्रिकेट के 2 सितारे सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के इनिशिएटिव से आईएमएल शुरू होगी। गावस्कर को लीग का कमिश्नर बनाया गया है, वहीं तेंदुलकर लीग में खेलते नजर आएंगे। लीग में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका की टीमें भी हिस्सा लेंगी। 6 देशों का टूर्नामेंट अब से हर साल होगा। पीएमजी स्पोर्ट्स ने इस लीग को कराने की जिम्मेदारी उठाई है।

सुनील गावस्कर को आईएमएल का कमिश्नर बनाया गया है। सचिन बोले, टी-20 ने क्रिकेट को नए फैन्स दिए सचिन तेंदुलकर ने लीग को लेकर कहा, क्रिकेट भारत ही नहीं, दुनियाभर में तेजी से विकसित हो रहा है। लेकिन पिछले दशक में टी-20 ने तेजी से अपनी पहचान बनाई और नए फैन्स को इस खेल से जोड़ने पर मजबूर कर दिया। नए और पुराने फैन्स दिग्गजों को एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर देखने के लिए उत्साहित हैं। एक खिलाड़ी अपने मन में कभी रिटायर नहीं होता, उनके अंदर हमेशा एक खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार रहता है। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के जरिए हम क्रिकेट फैन्स और दिग्गजों को फिर एक बार साथ लाना चाह रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ी भरपूर तैयारी करेंगे और दर्शकों को मनोरंजन का नया जरिया दिखाएंगे।

सचिन तेंदुलकर ने 2013 में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। गावस्कर ने कहा, आईएमएल पुरानी यादों को ताजा करेगा सुनील गावस्कर ने लीग को लेकर कहा, टी-20 क्रिकेट के विकास ने खेल को नया मैजिक दिया है। ढ्ढरूक्क की मदद से फैन्स अपने लीजेंड प्लेयर्स को फिर एक बार खेलते हुए देखेंगे। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि पुरानी यादें ताजा करने का बेहतरीन जरिया है।

ऋतुराज गायकवाड़ की होगी टीम इंडिया में एंट्री, गौतम गंभीर और रोहित शर्मा ने लिया फैसला!

नईदिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और टी20 सीरीज में सेलेक्शन नहीं होने के बाद अब खबरें हैं कि ऋतुराज गायकवाड़ को टीम इंडिया में मौका मिल सकता है. बड़ी खबर ये है कि इस खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में सेलेक्ट किया जा सकता है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गायकवाड़ तीसरे ओपनर के तौर पर ऑस्ट्रेलिया जाएंगे. गायकवाड़ फिलहाल ईरानी ट्रॉफी खेल रहे हैं. वो रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान हैं. रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में गायकवाड़ को ओपनिंग की भूमिका दी जा सकती है. प्लेइंग इलेवन के रेगुलर ओपनर यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ही रहेंगे लेकिन जरूरत पड़ने पर गायकवाड़ को भी ये जिम्मेदारी मिल सकती है. अगर किसी खिलाड़ी को चोट लगती है या उसकी फॉर्म खराब होती है तो गायकवाड़ को मौका मिल सकता है. टीम इंडिया को दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी.

गंभीर-रोहित का फैसला?

अगर ऋतुराज गायकवाड़ को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने जाने की खबरें सामने आ रही हैं तो जाहिर तौर पर इसके पीछे हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा का दिमाग होगा. रोहित शर्मा और गौतम गंभीर जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में आपको तकनीकी तौर पर सॉलिड बल्लेबाज चाहिए और गायकवाड़ इसमें बेस्ट हैं. वो शॉर्ट बॉल के खिलाफ भी अच्छा खेल दिखाते हैं. यही नहीं उनकी हालिया फॉर्म भी अच्छी है.

न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में मिलेगा मौका?

सवाल ये है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ भी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. क्या ऋतुराज गायकवाड़ को इसमें मौका दिया जाएगा? वैसे ये भी मुमकिन है कि गायकवाड़ को इंडिया-ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भेजा जाए. इंडिया ए की टीम इसी महीने ऑस्ट्रेलिया जाएगी. 31 अक्टूबर को इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया के बीच अनाधिकारिक टेस्ट खेला जाएगा. वहीं 7 नवंबर को दूसरा अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेला जाएगा. मुमकिन है कि ऋतुराज गायकवाड़ को ही इंडिया ए की कप्तानी दी जाए.

टेनिसः

शीर्ष वरीय विष्णु, वैदेही 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में जीत से शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी। महिला एकल में 2022 की राष्ट्रीय चैंपियन वैदेही ने शैली ठक्कर के खिलाफ सीधे सेट में 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की जबकि कर्नाटक की सोहा सादिक ने दिल्ली की कशिश भाटिया को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया।

शीर्ष वरीय विष्णु वर्धन और वैदेही चौधरी ने सोमवार को डीएलटीए परिसर में 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के पहले दिन जीत दर्ज की। एशियाई खेलों में कई पदक जीत चुके पूर्व डेविस कप खिलाड़ी विष्णु ने पुरुष एकल के पहले दौर में हरियाणा के उदित कंबोज को 7-5, 6-1 से हराया।

महिला एकल में 2022 की राष्ट्रीय चैंपियन वैदेही ने शैली ठक्कर के खिलाफ सीधे सेट में 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की जबकि कर्नाटक की सोहा सादिक ने दिल्ली की कशिश भाटिया को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया। तमिलनाडु के अभिनव संजीव ने उलटफेर करते हुए तीसरे वरीय इशाक इकबाल को 6-1, 7-6 से हराया जबकि छठे वरीय रणजीत वीएम ने ओगेस प्रकाश को 6-0, 6-2 से शिकस्त दी।

सेना के खिलाड़ी कर रहे हैं ओलंपिक की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत 2036 के ओलंपिक की मेजबानी करने की ओर अग्रसर है, ऐसे में भारतीय सेना ने सेना खेल कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस कॉन्क्लेव में भारतीय ओलंपिक संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और राष्ट्रीय खेल महासंघों के साथ सहयोगपूर्ण रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया।

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस संयुक्त प्रयास ने बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। इससे ओलंपिक की तैयारी के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इन सामूहिक चर्चाओं ने वैश्विक मंच पर भारत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई योग्य कदमों की नींव रखी है। एशियाई खेलों और ओलंपिक में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा योगदान विशिष्ट परंपरा मौजूद है।

खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में 2001 में भारतीय सेना के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ की स्थापना की गई थी।

13 साल के वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 58 गेंदों पर ठोका शतक

नईदिल्ली, एजेंसी। कानपुर टेस्ट में बांग्लादेश पर भारत के सीनियर खिलाड़ियों का हल्ला बोल देखने को मिला है तो उधर चेन्नई में खेले जा रहे अंडर 19 टीम के 4 दिनी मैच में भारत के 13 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहर ऑस्ट्रेलिया पर टूटा है. बिहार से आने वाले वैभव सूर्यवंशी ने अंडर 19 टेस्ट की अपनी पहली पारी में शतक जड़कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा दिया है. वैभव ने 58 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अपनी सेंचुरी पूरी की और इसी के साथ कई रिकॉर्ड्स की बलि चढ़ा दी.

14 चौके, 4 छक्के, 64 गेंदों पर 104 रनः वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 4 दिनी मैच में भारतीय पारी का आगाज किया और कुल 64 गेंदों का सामना कर 104 रन बनाए. उनकी विस्फोटक पारी में 14 चौके और 4 छक्के शामिल रहे. वैभव सूर्यवंशी रनआउट होकर पवेलियन लौटे. 64 गेंदों की पारी के दौरान उन्होंने अपना शतक 58 गेंद पर पूरा किया.

बाल-बाल बचा वर्ल्ड रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 58 गेंदों पर शतक जड़ने के साथ ही वैभव अंडर 19 टेस्ट में सबसे तेज शतक जमाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए है. वहीं वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस मामले में वो दूसरे नंबर पर हैं. अंडर 19 टेस्ट में वैभव से तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज इंग्लैंड के मोईन अली हैं. मोईन ने 2005 में 56 गेंदों पर ये कारनामा किया था.

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पलटवार

वैभव सूर्यवंशी के शतक की बदौलत भारत की अंडर 19 टीम को ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ पहली पारी में धमाकेदार शुरुआत मिली, जिसका उसे मैच में फायदा मिलता दिख सकता है. मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग की थी और अपनी पहली पारी में 293 रन बनाए थे.

वैभव का क्रिकेट सफर

वैभव सूर्यवंशी रणजी ट्रॉफी, हेमंत ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी और वीनू मांकड़ ट्रॉफी में खेल चुके हैं. उन्हें लेकर ये दावा किया जा रहा है कि उन्होंने एक साल में अलग-अलग टूर्नामेंट्स को मिलाकर कुल 49 शतक लगाए हैं. 5 साल की उम्र से क्रिकेट शुरू करने वाले वैभव ने 12 साल 284 दिन की उम्र में अपना पहला फर्स्ट क्लास मैच खेला. मुंबई के खिलाफ उन्होंने फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था, जिसमें पहली पारी में 19 रन और दूसरी पारी में 12 रन ही वो बना सके थे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

सेमिनार का आयोजन

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। जिला नियोजनालय, औरंगाबाद के तत्वाधान में निःशक्तजनों के लिए नियोजन सहायता योजना के तहत जिले के दिव्यांगजनों को उनके कल्याणनार्थ चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण आदि विषयों पर चर्चा हेतु 03.10 2024 को जिला प्रबंधक परामर्श केंद्र औरंगाबाद में 11:00 बजे पूर्वाह्न से एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सेमिनार में दिव्यांग जनों के नियोजन के लिए एक निजी कंपनी मोर्डन सिल्क यूथ फाउंडेशन किशनगंज उपस्थिति रहेगी।

बेटे ने कुल्हाड़ी से पिता का गला काटा, मौत

औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।औरंगाबाद। औरंगाबाद में 28 सिंतबर को एक शख्स की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसकी पहचान लखन भुईंया के रूप में हुई। पुलिस ने मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया है। लखन भुईंयां की हत्या उसके नाबालिग बेटे ने कुल्हाड़ी से काटकर की थी। इस मर्डर के पीछे की कहानी अजीब है। घटना देव थाना क्षेत्र के देवा बीघा गांव की है। दरअसल, 25 सिंतबर को गिरिजा भईंया के बेटे की मौत सांप के डसने से हो गई थी। गिरिजा ने लखन के घर से 100 मीटर दूरी पर अपने बेटे को दफन कर दिया। 28 सिंतबर को गिरिजा अपने परिवार के साथ लखन के घर पहुंचा और आरोप लगाया कि लखन ने ही जादू टोना कर सांप को बेटे को डसने के लिए भेजा था। मिट्टी में दफन बेटे को जिंदा करने के लिए वो लखन पर दबाव बनाने लगा। लखन और उसके नाबालिग बेटे को लेकर गिरिजा और उसके लोग उसी जगह लेकर पहुंचते हैं , जहां उसके बेटे को दफनाया गया था। उसके बाद लखन पर गिरिजा दबाव बनाता है कि जादू टोना करके बेटे को जिंदा करो। डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि 'गिरिजा के धमकाने पर लखन का नाबालिग बेटा डर गया। उसने कहा कि तुमने अपने पिता को नहीं मारा तो तुम्हारे भाई और बहन को मारकर दफना देंगे। इसके बाद लखन का नाबालिग बेटा टांगी से अपने पिता की गर्दन पर वार कर देता है।

दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से

थाना परिसरों में शांति समिति की हुई बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना परिसरों में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस अधिकारियों, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने दुर्गा पूजा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। प्रत्येक थाना परिसर में अधिकारियों ने पूजा पंडालों के आसपास की सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और भीड़ प्रबंधन की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सभी थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की योजना बनाई गई है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

बैठक में मौजूद विभिन्न धर्मों और समुदायों के प्रतिनिधियों ने शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा सभी समुदायों के बीच आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक समन्वय का प्रतीक है। बैठक में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि त्योहार को सभी मिल-जुलकर शांति और सौहार्द के साथ मनाएं, ताकि सामाजिक सद्भाव को और मजबूत किया जा सके।

बैठक के दौरान पूजा समितियों को भी सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने सभी पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित रखने के निर्देश भी दिए गए ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो। शांति समिति की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना था। प्रशासन और आम जनता के सहयोग से यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए, जिससे सभी समुदायों के बीच सौहार्द और भाईचारा बढ़े। बैठक में सभी पक्षों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और सहयोग का आश्वासन दिया।

सोशल मीडिया पर नजर रखने की हिदायत

प्रशासन ने सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें और अफवाहें फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और ऐसे मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती हैं, इसलिए प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

दो आर्म्स एक्ट केस में दोषी को हुई सजा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एसिजेएम वन डा. दिवान फहद खां ने नवीनगर थाना कांड संख्या-47/99 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्त को सजा सुनाई गई है जिला अभियोजन पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त सुदय मिस्त्री और संतोष मिस्त्री ग्राम पटना नवीनगर को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1)बी और 26 में क्रमश तीन-तीन साल की सजा सुनाई है और पांच -पांच हजार की जुर्माना लगाया है दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक सुर्यकांत चोबे थानाध्यक्ष नबीनगर ने 09/06/99 को छापेमारी अभियान चला रखा था इस क्रम में ये अभियुक्त अग्नेयास्त्र बनाते और बेचते देखा गये तो पुलिस को देखते अभियुक्त भागने लगे तो खदेड़ कर कई देशी अग्नेयास्त्र और बनाने के समाग्री के साथ गिरफ्तार किया गया था, एक अन्य अभियुक्त परशुराम मिस्त्री ग्राम पटना का मृत्यु हो गई थी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आर्म्स एक्ट की एक वाद में नो माह में ही सजा सुनाई गई है नबीनगर थाना कांड संख्या -06/24 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एसीजेएम वन डा दिवान फहद खां ने निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सजा सुनाई है, जिला अभियोजन पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त अनुज कुमार लोहरचक कुटुम्बा को आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1) बी और 26 में क्रमश तीन- तीन साल की सजा और पांच- पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक मनोज कुमार पाण्डेय पुलिस अवर निरीक्षक सह थानाध्यक्ष नबीनगर ने 07/01/24 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि गुप्त सूचना मिली थी कि नबीनगर थाना कांड संख्या -218/23 भादंवि धारा -302/34 का नामजद अभियुक्त अम्बा रोड परी मोड़ पर बस पकड़ने के लिए खड़ा है थानाध्यक्ष तत्काल पुलिस दलबल के साथ बताया गया स्थल पर पहुंच कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया और गिरफ्तार व्यक्ति के तलाशी के दौरान एक लोहे के पिस्तौल बरामद किया गया था जिसपर मेड इन यु एस ए, नः 31 और 7.65एम डी बैरल लिखा हुआ था और दो जिंदा गोली भी बरामद किया गया था, अभियुक्त तब से जेल में बंद हैं।

बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित होगी प्रतियोगिता

पटना(नि.सं.)। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक विशेष प्रतियोगिता 'बिहार पर्यटन एक इनफ्लूएंसर की नजर में' का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बिहार की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक स्थलों और पर्यटन स्थलों को देशभर में अधिकतम प्रचार प्रसार करना है, ताकि आम जनमानस के बीच इनकी पहचान बढ़े। इस संबंध में, सरकार के सचिव, पर्यटन विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में दो दिवसीय नैक कार्यशाला का समापन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित दो दिवसीय नैक कार्यशाला का समापन समारोह हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नैक (नेशनल एक्रिडिटेशन एंड एक्विजिशन काउंसिल) के मानदंडों और प्रक्रियाओं को समझना था, ताकि महाविद्यालय को ए ग्रेड प्राप्त करने में मदद मिल सके। समापन समारोह की शुरुआत प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा के उद्घाटन संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने नैक के महत्व और महाविद्यालय को उच्च ग्रेड दिलाने के उपायों पर चर्चा की। इसके बाद टेक्निकल सेशन का संचालन किया गया, जिसमें चेयरपर्सन के रूप में रामनारायण यादव (विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग), रिपोर्टटियर मोहम्मद राशिद (सहायक प्राध्यापक उर्दू), एंकर सचिन कुमार (सहायक प्राध्यापक प्रबंधन विभाग) और धन्यवाद ज्ञापन अनूप कुमार सिंह (सहायक अध्यापक हिन्दी) ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉक्टर अंजना शर्मा, जो छत्तीसगढ़ प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमिशन की एकेडमिक सदस्य हैं, ने नैक की बारीकियों पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने नैक से संबंधित सभी दस मानदंडों पर विस्तृत चर्चा की, जिससे प्रतिभागियों को नैक की प्रक्रिया को समझने में सहायता मिली।

टेक्निकल सेशन का आयोजन महाविद्यालय के आईक्यूएसी सदस्यों के लिए किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यशाला का विदाई सह सम्मान समारोह प्राचार्य के अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समापन समारोह का आयोजन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें राजा मंडल और सनोज सागर ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का समन्वय नीतू सिंह ने किया, जबकि कार्यक्रम में तकनीकी सहायता प्रवीण दुबे द्वारा प्रदान की गई। धन्यवाद ज्ञापन कमलेश कुमार सिंह (विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग) ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भाग लिया, जिनमें डॉ अरुण कुमार (विभागाध्यक्ष भौतिकी, राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद), डॉ अरविंद कुमार सिंह (विभागाध्यक्ष हिन्दी), संतोष सुमन (विभागाध्यक्ष अंग्रेजी), अमित रंजन (विभागाध्यक्ष इतिहास) समेत कई अन्य विद्वान शामिल थे।

डीएम की अध्यक्षता में बैठक, बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय योजनाओं की समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को जिला पदाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकिंग समिति (डीएलसीसी) तथा जिला स्तर पर ऋण समिति (डीएलआरसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता, वित्तीय योजनाओं की प्रगति और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करना था। बैठक का प्रारंभ जिला पदाधिकारी महोदय का स्वागत करते हुए गुलदस्ता भेंट देकर किया गया, जो इस बात का प्रतीक है कि प्रशासन बैंकिंग व्यवस्था को कितनी गंभीरता से ले रहा है। इसके बाद, बैठक के एजेंडों पर गहन चर्चा की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि जिन बैंकों का सीडी अनुपात 40% से कम है, उन्हें किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और इस कमी को कैसे दूर किया जा सकता है। वार्षिक साख योजना 2024-25: वार्षिक साख योजना और जून तिमाही की बैंकवार प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें प्रत्येक बैंक के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और पीएम फंड फॉर माइक्रो एंटरप्राइजेज की बैंकवार प्रगति पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। महिलाओं को सशक्त करने के लिए चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों की बैंकवार प्रगति की समीक्षा की गई। आकांक्षी जिलों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। इन योजनाओं के तहत चलाए जा रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड की उपलब्धता और उसके उपयोग पर चर्चा की गई जिससे किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके। इस सेक्टर में बैंकिंग सहायता और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। इस योजना के तहत लाभार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई।

अनुग्रह स्कूल के बच्चों ने बुजुर्गों की सेवा का लिया संकल्प

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों का हुआ पूजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय स्थित पीएम अनुग्रह मध्य विद्यालय में प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के दादा-दादी को स्नेहभरा आमंत्रण देकर बुलाया गया था। बच्चों ने आए बुजुर्गों के पांव पखारे एवं प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह ने सभी को तिलक लगाकर अभिनंदन किए। प्रिंसिपल ने कहा कि आज के आधुनिक समाज में यह बहुत ही आवश्यक है कि बुजुर्गों की कद्र बढ़े, उनकी सेवा हो और उनके जीवन के अनुभवों एवं तुजुर्बों को आत्मसात किया जाए। वृद्धजन हमारे जीवन एवम समाज के एक मजबूत स्तंभ होते है और इनके ज्ञान के अनुपम प्रकाश से समाज आलोकित होता है। इस मौके पर पधारी 82 वर्षीया सुशीला सिन्हा ने प्रिंसिपल को बहुत आशीर्वाद दीं और कहीं कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को एक बेहतर संस्कार दिया जा रहा है। विद्यालय के बच्चों ने समाज में सभी बुजुर्गों को सेवा, कद्र एवं सम्मान देते रहने का संकल्प लिया।

वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के बैनर तले सरस्वती विद्या मंदिर, ठाकुरबाड़ी रोड, औरंगाबाद में एक महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने की, जबकि संचालन का कार्य पारा विधिक सेवा सेवक मदन सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह और पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह उपस्थित रहे।

जिला विधिक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्ग समाज के लिए बरगद के छांव के समान हैं। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों की उम्र 60 वर्ष से अधिक होती है, उन्हें सीनियर सिटीजन माना जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुजुर्गों को अपने परिवार से भरण-पोषण का अधिकार है, और यदि परिवार उनकी उपेक्षा करता है, तो बुजुर्ग इस संबंध में अपने क्षेत्र के एस.डी.एम. से शिकायत कर सकते हैं।

महासचिव जगनरायण सिंह ने कहा कि जब बुजुर्ग माता-पिता अपनी चल और अचल सम्पत्ति को अपने बच्चों को हस्तांतरित करते हैं, तो यह बच्चों का कर्तव्य बनता है कि वे अपने माता-पिता का सम्मान करें और उनकी सेवा करें।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
श्री शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद
5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ परिवार।
शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं
सर्जिकल & ट्रॉमा सेन्टर
SD HOSPITAL
टिकरी रोड, नियर ओवर ब्रिज, औरंगाबाद (बिहार)
सुविधाएं
» एक्सीडेन्टल /एमरजेन्सी केयर एवं ऑपरेशन (हड्डी फ्रैक्चर, आंत या अपेन्डीक्स फटना, सिजेरियन डिलेवरी)
» दूरबीन विधि द्वारा (लैप्रोस्कोपिक) सर्जरी (गॉल ब्लाडर, अपेन्डीक्स, बच्चेदानी, सीस्ट)
» यूरोलॉजी : दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन (किडनी स्टोन, प्रोस्ट्रेट : PCNL, URSL, TURP, TURBT)
» कम्प्यूटराईज्ड मशीन (C-ARM) द्वारा हड्डी का ऑपरेशन
» लेजर / किरण (ESWL) द्वारा स्टोन का इलाज
» आई. सी. यू. (ICU) सर्जिकल
» डायलिसिस एवं ए.भी. फिस्चूला
24 Hours Trauma Centre
डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार
MBBS, MS, FIAGES
(इण्डोस्कोपिक सर्जरी
Associate Professor
(सर्जरी) लैप्रोस्कोपिक & यूरो सर्जन
डॉ. अभिषेक बोस
MBBS, MS, MCh
(UROLOGY)
Associate Professor
(यूरोलॉजी)
डॉ. संजय कुमार
MBBS, DA, DNB एनेस्थेसिस्ट
(क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ)
डा. अभिनव कुमार
MBBS, MS (Ortho) Assistant Professor
(ऑर्थोपेडिक) (हड्डी, जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ)
Ph.-7091194400
7091194411

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं
सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज
औरंगाबाद, बिहार
NAAC से मान्यता प्राप्त 'B' ग्रेड (CGPA 2.23)
एचआरडी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मॉडल कॉलेज में अपग्रेड । मगध विश्विद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई
COURSES
UG Courses (B.A. / B.Sc. / B.Com)
Vocational UG Courses (BCA / BBM / B.Sc. Biotech / B.Sc. IT / BLIS / BASP)
Professional Courses (B. Pharmacy / B.Ed.)
PG Courses (M.A. / M.Sc. / M.Com)
Vocational PG Courses (MBA / MCA)
सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, जिसे एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के नाम से जाना जाता है, की स्थापना वर्ष 1943 में एक स्थानीय गणमान्य एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता श्री अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा उर्फ त्रिपुरारी बाबू ने अपने मित्रों डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा और डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा के नैतिक समर्थन से की थी। इस कॉलेज का नाम पटना विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने 1944 में छोटे से उप-विभागीय शहर 'औरंगाबाद' में इस कॉलेज को सम्बद्धता प्रदान की थी। उस वक़्त औरंगाबाद समेत आस पास के जिलों में ऐसे किसी कॉलेज का कोई अस्तित्व नहीं था जहां उच्च शिक्षा ग्रहण की जा सके। यह कॉलेज शहर के मुख्य बाजार से 3 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके विशाल परिसर में हरे-भरे पेड़ों से फैली हरियाली राहगीरों का ध्यान आकर्षित करती है। सिन्हा कॉलेज का क्षेत्रफल 20 एकड़ से अधिक है। यह मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार) के अंतर्गत सबसे पुराना कॉलेज है, जो वर्ष 1974 में इस विश्वविद्यालय की घटक इकाई में परिवर्तित हो गया। यह कॉलेज प्रमुख 16 विषयों में ऑनर्स डिग्री, 14 पीजी डिग्री तथा 10 वोकेशनल डिग्री स्तर तक शिक्षण प्रदान करता है। वर्तमान में इसके प्राचार्य शिक्षाविद डॉ. सुधीर कुमार मिश्र हैं जो सिन्हा कॉलेज को राष्ट्रीय फलक पर शिक्षा का अलख जगाने वाले मंदिर के रूप में स्थापित करने हेतु सतत प्रयत्नशील हैं।
डॉ. सुधीर कुमार मिश्र
(M.Sc. गोल्ड मेडलिस्ट, Ph.D, D.Sc.)
प्राचार्य
सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद
www.ssinhacollege.co.in
+91-6186-223133
principal@ssinhacollege.co.in